ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, कोटा, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

मुजफ्फरनगर, रविवार 18 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 126 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

## देश के लिए वरदान होगा इसरो का नया मिशन

**चेन्नई।** पीएसएलवी- सी61/ ईओएस-09 मिशन के रविवार (आज) को होने वाले प्रक्षेपण के लिए 22 घंटे की उल्टी गिनती शनिवार सुबह शुरू हो गई। यह मिशन पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को बढ़ाएगा और विशेष रूप से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली रडार इमेजरी प्रदान करेगा। भारतीय अंतरिक्ष संस्थान (इसरो) ने कहा कि उल्टी गिनती शनिवार सुबह 7:59 बजे शुरू हुई और सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि यह इसरो का 101वां मिशन है। 321 टन भार उठाने वाला चार चरणों वाला 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी61 अपनी 63वीं उड़ान में रविवार सुबह 5:59 बजे श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रथम लॉन्च पैड से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-09 (जिसका वजन 1,692.24 किलोग्राम है) लेकर उड़ान भरेगा।

## नासिक शहर नो ड्रोन फ्लाई जोन घोषित

**नासिक।** महाराष्ट्र में नासिक पुलिस आयुक्तालय ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर नासिक शहर को 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित किया है। आतंकवादी हमलों की आशंका और संभावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने यह आदेश जारी किया। यह आदेश शुक्रवार से 31 मई तक लागू रहेगा और निर्देश के अनुसार, बिना अनुमति के कोई भी ड्रोन उड़ान नहीं भर सकेगा।

# देशद्रोह: जासूस यूट्यूबर ज्योति गिरफ्तार

## पाक को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी देने का आरोप

हिसार, वार्ता

**पाकिस्तान के** लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने पांच और अन्य आरोपियों को भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

ज्योति पर आरोप है कि उसने भारत के सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' और सेना से जुड़ी कई गुप्त जानकारियां पाकिस्तान को भेजी थीं. पूछताछ में ज्योति ने स्वीकार किया कि वह पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव से भी संपर्क में थी। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 15 मई को उपाधीक्षक जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने ज्योति को उसके घर से गिरफ्तार किया। खुफिया ब्यूरो की टीम ज्योति से पूछताछ कर रही है। हिसार पुलिस के मुताबिक, ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से भारत की गोपनीय जानकारी भेज रही -**शेष पृष्ठ दो पर**



**पुलिस ने ज्योति सहित छह लोगों को भारतीय सेना से जुड़ी जानकारी देने के मामले में किया गिरफ्तार**

### पाकिस्तानी अफसर दानिश से बात करती आई थी नजर

**नई दिल्ली।** ज्योति मल्होत्रा, ये वो नाम है, जो हरियाणा में काफी मशहूर था, लेकिन अब ये नाम देशभर में सुर्खियों में छा गया है। एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ज्योति मल्होत्रा दिल्ली में पाकिस्तान एंबेसी के अधिकारी दानिश से बात करती नजर आ रही है। ये वीडियो पिछले साल 28 मार्च 2024 को दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में स्थित पाक एंबेसी में पाकिस्तान नेशनल डे पर इफ्तार पार्टी का है।

### पाक के नेशनल डे पर भी पहुंची थी ज्योति

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लोगों से ज्योति मल्होत्रा की करीबी का आलम ये था कि उसे पाकिस्तान के नेशनल डे पर पाकिस्तान हाई कमीशन में निमंत्रित किया गया था। इसका एक वीडियो भी उसने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया था, जिसमें वह पाकिस्तान हाई कमीशन के अधिकारियों और उनके परिवार के लोगों से भी बेहद घुलमिलकर बातचीत करती नजर आ रही है। ज्योति ने एक पाकिस्तानी अधिकारी के साथ हाल ही में इंडोनेशिया के बाली द्वीप की यात्रा भी की थी।

# जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते जज: गवई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बीसीआई के सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

इस दौरान सीजेआई गवई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया। सीजेआई गवई ने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका में लोगों से दूरी रखना असरदार नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुड़ने से बचना चाहिए। सीजेआई गवई ने जज का पद मिलने की अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में भी बताया। उनके पिता ने उनसे कहा था कि वकील के रूप में काम करना आर्थिक समृद्धि लाएगा, लेकिन संवैधानिक न्यायालय में जज के रूप में सेवा करने से उन्हें डा. बीआर अंबेडकर के सामाजिक और आर्थिक न्याय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा।

# एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुज़फ्फरनगर को आईआईटी रुड़की ने बनाया वर्चुअल लैब का नोडल सेंटर




**तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुज़फ्फरनगर और आईआईटी रुड़की के बीच एक औपचारिक शैक्षिक सहयोग स्थापित किया गया है।**

## IIT रुड़की द्वारा प्रदान किया गया प्रमाणपत्र, छात्रों को मिलेगा अत्याधुनिक डिजिटल प्रयोगशालाओं का लाभ

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, **मुज़फ्फरनगर** और **आईआईटी रुड़की** के बीच एक औपचारिक **शैक्षिक सहयोग** (Academic Collaboration) स्थापित किया गया है।

इस सहयोग के तहत **एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, को आईआईटी रुड़की द्वारा वर्चुअल लैब का नोडल सेंटर घोषित किया गया है।** इस अवसर पर आईआईटी रुड़की के वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट **कोऑर्डिनेटर प्रो. आर.एस.** आनंद ने कॉलेज प्रशासन को औपचारिक रूप से प्रमाणपत्र प्रदान किया।

**वर्चुअल लैब** सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षा पर राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत विकसित की गई है जिसमें सिमुलेशन और कोडिंग के द्वारा विभिन एक्सपेरिमेंट्स किये जाते हैं ।

**प्रो. आर.एस. आनंद** ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दूरदराज़ क्षेत्रों में तकनीकी संसाधनों को सुलभ कराना है, जिससे प्रत्येक छात्र को उच्च गुणवत्ता की प्रयोगात्मक शिक्षा मिल सके।




इस अवसर पर कॉलेज के **सचिव श्री अनुभव कुमार** ने कहा, "यह हमारे संस्थान के लिए गर्व की बात है कि हमें IIT जैसे संस्थान के साथ काम करने का अवसर मिला है। यह सहयोग हमारे छात्रों को वैश्विक स्तर की तकनीकी शिक्षा और संसाधनों से जोड़ेगा। हमारा लक्ष्य है कि हम इस मंच का पूरा लाभ उठाकर छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करें। गत वर्षों में भी हमारे काफी छात्र IIT रुड़की में सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

वहीं, कॉलेज के निदेशक **डॉ. सिद्धार्थ शर्मा** ने कहा कि संस्थान में संचालित विभिन्न कोर्सेज जैसे कि **बी.टेक** (कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग -मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इनफारमेशन टैकनोलोजी, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग), **एम.टेक** (इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन) व **एमबीए** (फाइनेन्स, मार्केटिंग, एचआर, इनफारमेशन टैकनोलोजी, ऑपरेशन मैनेजमेन्ट, इंटरनेशनल बिजनेस) एवम **पॉलिटेक्निक** (कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग) में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को तकनीकी स्तर पर इस साझेदारी का लाभ मिलेगा। IIT रुड़की के साथ यह साझेदारी न केवल हमारे छात्रों को अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं तक पहुँच देगी, तैयार करने में भी सहायक होगी। यह सहयोग छात्रों की नवाचार क्षमताओं को भी प्रोत्साहित करेगा। इस समझौते के माध्यम से एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, के छात्रों को आईआईटी रुड़की द्वारा विकसित वर्चुअल लैब्स का लाभ मिलेगा, जिससे वे अत्याधुनिक तकनीकी प्रयोगों और उपकरणों का डिजिटल अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक समझ और प्रायोगिक दक्षता भी प्रदान करेगी।

इस साझेदारी के तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों द्वारा एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, में **वर्चुअल लैब से संबंधित विशेष कार्यशालाएं और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे।** कॉलेज के छात्रों को आईआईटी रुड़की में **इंटर्नशिप** करने का भी अवसर मिलेगा, जिससे वे शोध, नवाचार और उद्योग से जुड़ी परियोजनाओं में सक्रिय भागीदारी कर सकेंगे। यह नोडल सेंटर पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की तकनीकी शिक्षा को नई दिशा प्रदान करेगा, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छात्रों के लिए यह एक बड़ा अवसर होगा।

THE S.D. PUBLIC SCHOOL MUZAFFARNAGAR

Heartiest Congratulations to the dedicated staff, students and the parents for the excellent and meritorious result and commendable achievement in Secondary & Senior Secondary School Examination 2024-25




Class XII SUBJECT WISE HIGHEST SCORERS

| Subject | Marks | Student Name | Subject | Marks | Student Name |
|---|---|---|---|---|---|
| Painting | 100 | Aman Deshwal, Isha Choudhary, Mahi Singhal, Riddhima Jain, Anshika, Priyanshi Choudhary | Political Science | 97 | Om Kumar |
| English | 99 | Khushi Sharma | Chemistry | 96 | Ayush Malik |
| Business Studies | 99 | Radha Tayal | Applied Maths | 96 | Radha Tayal |
| Economics | 99 | Suryansh Singh | Physics | 95 | Shivangi Garg |
| Physical Education | 99 | Aditi Soni | History | 94 | Om Kumar, Akshit Kumar |
| Accountancy | 98 | Radha Tayal | Biology | 93 | Abhinav Gupta |
| Entrepreneurship | 98 | Khushi Mavi, Krishna Goel | Hindi | 97 | Nitin Kumar |
| Maths Core | 97 | Shivangi Garg | Computer Science | 92 | Aayush Malik |


Class X

| Subject | Marks | Student Name | Subject | Marks | Student Name |
|---|---|---|---|---|---|
| Sanskrit | 100 | Vidyadhar Raghuvanshi, Suhani Aadyaa Garg, Hardik Agarwal, Harshil Gupta, Tejas Singhal, Siddhi Goel, Medha Sindhi, Krish Grover, Kashish | Maths | 100 | Prateek, Hardik Agarwal, Ali Murtaza Mohd. Saim, Arohi Sharma, Harshil Gupta |
| | | | AI | 100 | Aastha Choudhary, Hardik Agarwal, Keshav Ahluwalia, Rudra Deshwal, Raghav Rathi |
| I.T. | 100 | Aditi Ujjawal, Kartik Verma, Medha Sindhi, Arnav Tyagi, Suhani Nihal Ahmed, Kartik Goel, Om Agarwal, Kashish, Aarohi | Hindi | 99 | Sachi Yadav |
| | | | IFM | 100 | Tejas Singhal |
| | | | BI | 100 | Kanika Pathak |
| | | | Science | 99 | Arnav Tyagi, Nihal Ahmed, Kartik Goel, Aarna Garg |
| M.S. | 100 | Sachi Yadav | English | 99 | Arnav Tyagi, Sachi Yadav, Suhani |
| Social Science | 100 | Arnav Tyagi, Kartik Verma | | | |

Ms. Neelam Mahna, Principal — Ms. Chanchal Saxena, Director — Sh. Akash Kumar, Hon. Secretary

S.D.Public School, Muzaffarnagar

Heartiest Congratulations to the dedicated staff, students and parents for the commendable achievement in Board results 2024-25.




SUBJECT WISE HIGHEST SCORERS

| SUBJECT | MARKS | STUDENTS NAME | SUBJECT | MARKS | STUDENTS NAME |
|---|---|---|---|---|---|
| MATHEMATICS | 100 | VAIDIK VATS, NAITIK TAYAL, SHIVEN AGGARWAL | BANKING & INSURANCE | 100 | PRANSHUL DUTT, RISHBHA JAIN |
| SCIENCE | 100 | YATI VERMA | MARKETING& SALES | 100 | AGRIM PAL |
| SANSKRIT | 100 | ISHITA, VASU GOEL,YATIKA ARORA | INTRODUCTION TO FINANCIAL MARKETS | 100 | ANSHIKA SHANDILYA |
| SOCIAL SCIENCE | 100 | MANSHA ARORA | ENGLISH | 99 | ANUSHKA GOEL,YATIKA ARORA |
| INFORMATION TECHNOLOGY | 100 | ARUNIMA RANA . KAVYA SHARMA, MANSHA ARORA, SAMAKSH SINGHAL , VAIDIK VATS, AKSHITA GUPTA, VASU GOEL, YATIKA ARORA, MANASVI SHARMA, NIPUN GOEL, PRIYRAJ GODWAL, ASTHA RAJDEEP | HINDI | 98 | MANSHA ARORA, ANANT JAIN |
| ARTIFICIAL INTELLIGENCE | 100 | SAKSHAM SINGH, ADITYA SHARMA, ISHITA, MAULIK GUPTA, VIDITI JAIN, SANVI JAIN | MULTI SKILL FOUNDATION COURSE | 95 | YATI VERMA |




Class-XII Toppers




SUBJECT WISE HIGHEST SCORERS

| SUBJECT | MARKS | STUDENTS NAME | SUBJECT | MARKS | STUDENTS NAME | SUBJECT | MARKS | STUDENTS NAME |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| CHEMISTRY | 100 | PURNIMA GOYAL | PHYSICAL EDU. | 100 | VIPUL GOEL | BUSINESS STUDIES | 98 | ARYAN RAJ VERMA |
| ACCOUNTANCY | 100 | PRIYANSHI GOEL | ENGLISH | 99 | UTTARA MALIK,ARYAN RAJ VERMA, SRISHTI YADAV | ENTREPRENEURSHIP | 98 | NAVYA BANSAL |
| PAINTING | 100 | AVANTIKA SINGH,JANKI BANSAL, HARSHITA SINGHAL, VANSHIKA TYAGI | MATHEMATICS CORE | 99 | NANDINI GOEL | HINDI | 98 | SHWETA YADAV |
| POLITICAL SCIENCE | 100 | PURNIMA GOYAL , PARIDHI RAGHUVANSHI | ECONOMICS | 99 | HASAN MUZAFFAR KAZMI | APPLIED MATHEMATICS | 97 | PARTH CHHABRA |
| PSYCHOLOGY | 100 | RIDDHI GULATI, UTTARA MALIK | HISTORY | 99 | UTTARA MALIK | ENGG. GRAPHICS | 96 | GARV TAYAL |
| GEOGRAPHY | 100 | ANANYA, HASAN MUZAFFAR KAZMI | COMPUTER SCIENCE | 99 | GOVIND GARG | PHYSICS | 95 | GARV TAYAL, GOVIND GARG, PURNIMA GOYAL |
| LEGAL STUDIES | 100 | UTTARA MALIK | BIOLOGY | 98 | GAURAV KUMAR, OJASWA SHARMA | HOME SCIENCE | 82 | ABUZAR KHAN, PRAGATI GOEL |

MS.BHARTI TIWARI, PRINCIPAL — MS. CHANCHAL SAXENA, DIRECTOR — SH.AKASH KUMAR, HON.SECRETARY

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के दबाव में नहीं किया पाक के खिलाफ मतदान: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की बैठक में पाकिस्तान को ऋण देने से संबंधित प्रस्ताव पर अमेरिकी दबाव में आकर मतदान से अनुपस्थित रहा जबकि उसे इसका विरोध करते हुए 'नहीं' के पक्ष में वोट करना चाहिए था। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अब पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर से अधिक के ऋण को मंजूरी देने के लिए आईएमएफ की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पता चला है कि केवल भारत ने ही 9 मई को इस प्रस्ताव से संबंधित मतदान में भाग नहीं लिया और बाद में मोदी सरकार के समर्थकों ने तर्क दिया कि भारत के पास यही एकमात्र विकल्प उपलब्ध था। उन्होंने कहा कि यह गलत दावा है, क्योंकि कार्यकारी बोर्ड में वास्तव में 'नहीं' वोट करने का प्रावधान है। रूस ने सितंबर 2016 में यूक्रेन को ऋण प्रस्ताव पर 'नहीं' वोट दिया था और भारत ने खुद 11 सितंबर 2005 को जिम्बाब्वे के निष्कासन के मुद्दे पर 'नहीं' वोट दिया था।

### ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी सरकार ने देश से की गद्दारी: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी की है। आप के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि विदेश मंत्री के बयान से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी की है। विदेश मंत्री खुद कह रहे हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले ही पाकिस्तान को बता दिया था। यह बेहद गम्भीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सामने आकर बताना चाहिए कि उनकी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी क्यों की? उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री को लेकर इस समय जो खबर सामने आई है, उसने पूरे देश को स्तब्ध, हैरान और व्यथित कर दिया है। यह भारत माता और भारतीय सेना के साथ गद्दारी है, जो मोदी सरकार ने की है। आप नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने से पहले ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया कि आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने जा रहे हैं?

### हमारी लड़ाई पाक और वहां की जनता से नहीं: भूपेन्द्र चौधरी

**आजमगढ़।** यूपी के आजमगढ़ पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने जिले में भारतीय सेना के सम्मान में पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा कुंवर सिंह उद्यान से शुरू होकर गांधी तिराहा, रैदोपुर तिराहा, कलेक्ट्रेट तिराहा, दीनदयाल तिराहा, अग्रसेन तिराहा होते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में समाप्त हुई। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी लड़ाई पाकिस्तान और वहां की जनता से नहीं है।

# भारत विरोधी देशों की आर्थिकी सशक्त न बनाएं: धनखड़

**नई दिल्ली, वार्ता**



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों से संकट के समय भारत के खिलाफ खड़े होने तथा भारत के हितों के विरुद्ध काम करने वाले देशों की यात्रा करने और उनसे सामान आयात करने से बचने को कहा है।

धनखड़ ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि क्या हम उन देशों को सशक्त बना सकते हैं, जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं? समय आ गया है, जब हममें से प्रत्एक को आर्थिक राष्ट्रवाद के बारे में गहराई से सोचना चाहिए। हम उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए यात्रा या आयात के माध्यम से खर्च नहीं कर सकते जो संकट के समय हमारे देश के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्एक व्यक्ति को राष्ट्र की सुरक्षा में मदद करने का अधिकार है। हर व्यक्ति व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग विशेष रूप से सुरक्षा के मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमें हमेशा एक बात ध्यान में रखनी चाहिए और वह है राष्ट्र पहले। हर चीज को गहरी प्रतिबद्धता, अटूट प्रतिबद्धता, राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण के आधार पर माना जाना चाहिए। और यह मानसिकता हमें अपने बच्चों को पहले दिन से ही सिखानी चाहिए।

# यूपी पुलिस में फिर 48 एएसपी किए इधर से उधर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- विशाल पांडेय होंगे मुजफ्फरनगर के एएसपी क्राइम
- राजेश कुमार श्रीवास्तव संभल उत्तरी के एएसपी
- चित्रकूट से चक्रपाणि त्रिपाठी का अयोध्या ट्रांसफर

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चली है। इस बार एडिशनल एसपी रैंक के 48 पीपीएस अफसरों को इधर से उधर किया गया है। बड़ी बात यह कि रेप के आरोप में निलंबित एडिशनल एसपी राहुल श्रीवास्तव को एक बार फिर से डीजीपी के पीआरओ बनाया गया है। वह दो बार पहले भी डीजीपी रहे जावीद अहमद और ओम प्रकाश सिंह के पीआरओ रह चुके हैं। अपने रिटायरमेंट से ठीक पहले डीजीपी प्रशांत कुमार ने उन्हें तीसरी बार अपना पीआरओ बनाया है। उनकी इस तैनाती से महकमें में चर्चा तेज हो गई है।

उधर, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात सुबोध कुमार श्रीवास्तव को 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ भेजा गया है। वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात ममता रानी चौधरी को लखनऊ कमिश्नरेट, लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात मनीषा सिंह को नोएडा कमिश्नरेट भेजा गया है। इसी तरह फिरोजाबाद में एएसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया को अमरोहा भेजा गया है। अमरोहा में तैनात राजीव कुमार सिंह द्वितीय को मथुरा का एएसपी सिटी बनाया गया है। बरेली में एएसपी एलआईयू प्रभात कुमार प्रथम को पुलिस मुख्यालय में तैनात किया गया है। झांसी के एएसपी ग्रामीण गोपीनाथ सोनी को बरेली एलआईयू भेजा गया है। मथुरा के एएसपी सिटी डा. अरविंद कुमार को झांसी का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात राज.ेश कुमार श्रीवास्तव को संभल का एएसपी उत्तरी बनाया गया है। पुलिस मुख्यालय में तैनात रंजन सिंह को वाराणसी कमिश्नरेट, आगरा कमिश्नरेट में तैनात डा. राजीव कुमार सिंह को मेरठ का एएसपी एलआईयू, प्रतीक्षारत चल रहे राम अर्ज को अयोध्या का एएसपी एलआईयू बनाया गया है। सीतापुर में तैनात डा. प्रवीण रंजन सिंह को नोएडा पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। प्रतापगढ़ में एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह को सीतापुर में एएसपी दक्षिणी बनाया गया है। आजमगढ़ के एएसपी सिटी शैलेंद्र लाल को प्रतापगढ़ का एएसपी पूर्वी बनाया गया है। बाराबंकी में एएसपी दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। कुशीनगर में तैनात रितेश कुमार सिंह को बाराबंकी का एएसपी दक्षिणी बनाया गया है। सीआईडी मुख्यालय में तैनात निवेश कटियार को कुशीनगर भेजा गया है। अलीगढ़ के एएसपी ट्रैफिक मुकेश चंद्र उत्तम को श्रावस्ती भेजा गया है, जबकि श्रावस्ती में तैनात प्रवीण कुमार यादव प्रथम को अलीगढ़ का एएसपी ट्रैफिक बनाया गया है।

चित्रकूट में तैनात चक्रपाणि त्रिपाठी को अयोध्या का एएसपी सिटी, फतेहपुर में तैनात विजय शंकर मिश्रा को पीएसी मुख्यालय, अमेठी में तैनात हरेंद्र कुमार को अंबेडकरनगर का एएसपी पश्चिमी बनाया गया है। जौनपुर में तैनात शैलेंद्र कुमार सिंह को अमेठी भेजा गया है। महराजगंज में तैनात आतिश कुमार सिंह को जौनपुर का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। सिद्धार्थनगर में तैनात सिद्धार्थ को महराजगंज, मुजफ्फरनगर के एएसपी क्राइम प्रशांत कुमार प्रसाद को सिद्धार्थनगर भेजा गया है। अंबेडकरनगर में तैनात विशाल पांडेय को मुजफ्फरनगर का एएसपी क्राइम बनाया गया है।

## सीएम योगी ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# यूपी के प्रत्येक मंडल में बनें आयुष कॉलेज

**लखनऊ, वार्ता**



- हर जिले में हेल्थ और वेलनेस सेंटर की योजना
- योग दिवस की तैयारी अभी से शुरू की जाए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्एक मण्डल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी पद्धतियों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य-आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए और सभी स्वीकृत शैक्षणिक व चिकित्सकीय पदों को शत-प्रतिशत भरने की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रारंभ किए जाएं, जो सरकारी या पीप.ीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड में संचालित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से हो और प्रदेश भर में आयुष विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निजी निवेशकों को आयुष सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र में संचालित आयुष महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, फैकल्टी एवं स्टाफ की गुणवत्ता का गहन परीक्षण कराया जाए, ताकि कोई कमी न रह जाए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में पंचकर्म जैसी विशिष्ट पद्धतियां गंभीर बीमारियों के उपचार में अत्यंत प्रभावी हैं, इसलिए इन पद्धतियों को प्रदेश के सभी आयुष संस्थानों में बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा की लोकप्रियता को देखते हुए यह समय है, जब भारत की परंपरागत चिकित्सा को वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत कर वैश्विक मंच पर स्थापित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मण्डलों, जनपदों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और सरकारी विभागों में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि डाबर, वैद्यनाथ और पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक उत्पादक संस्थाओं के साथ एमओयू कर सभी आयुष चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी मरीज को चिकित्सकीय उपचार के लिए दवा की कमी न हो। वर्तमान में प्रदेश में 2,127 आयुर्वेदिक, 259 यूनानी और 1,598 होम्योपैथिक चिकित्सा संस्थान संचा.लित हैं, जो आयुष सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन संस्थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

## व्यापम घोटाले में 11 दोषी करार

**सीबीआई की विशेष अदालत ने तीन साल की कैद और 16 हजार का लगाया जुर्माना**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सबसे बहुचर्चित व्यापमं घोटाले में भोपाल की सीबीआई विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। पीएमटी परीक्षा 2009 से जुड़े मामले में 11 आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। कोर्ट ने सभी दोषियों को तीन-तीन साल की कैद और 16-16 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए सख्त टिप्पणी की और कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इस प्रकार की धोखाधड़ी समाज के लिए अत्यंत घातक है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मामला साल 2009 में गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा से जुड़ा है। इसमें फर्जी अभ्यर्थियों और सॉल्वरों की मदद से एडमिशन दिलाने की साजिश रची गई थी। चार फर्जी परीक्षार्थी, जिनमें विकास सिंह, कपिल पारटे, दिलीप चौहान और प्रवीण कुमार ने अपने स्थान पर सॉल्वरों को परीक्षा दिलवाई थी। वहीं, पांच सॉल्वरों ने नागेन्द्र कुमार, दिनेश शर्मा, संजीव पांडे, राकेश शर्मा और दीपक ठाकुर ने असली अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा दी थी। इस पूरे नेटवर्क का संचालन करने वाला मास्टरमाइंड सत्येन्द्र सिंह था, जिसने बिचौलिये की भूमिका निभाई। यह मामला समाने आने के बाद वर्ष 2012 में कोहेफिजा थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले की जांच के बाद सीबीआई ने आरोपियों पर धारा 419, 420, 467, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया। अब सालों बाद अदालत ने इन्हें दोषी पाया है।

# मानवता के लिए खतरा बना पाकिस्तान: औवेसी

**नई दिल्ली, वार्ता**



- दुनिया के सामने खोलेंगे पाक की पोल

एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक बताते हुए कड़ी निंदा की है। उन्होंने पाकिस्तान के लंबे इतिहास को मानवता के लिए खतरा बताया और भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी भूमिका उजागर करने का आह्वान किया। वे केंद्र सरकार द्वारा गठित सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में भी शामिल हैं, जो आतंकवाद पर दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलेगा।

उन्होंने कहा कि मुहम्मद जिया-उल-हक के समय से लेकर कंधार विमान अपहरण, 26/11 मुंबई हमले, संसद पर हमला, उरी, पठानकोट, रियासी और हाल ही में पहलगाम में पर्यटकों की हत्या तक पाकिस्तान की भूमिका साफ दिखाई देती है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की गुप्त सेना (डीप स्टेट) और आईएसआई लगातार भारत में अस्थिरता फैलाने की को.शिश करते रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि 1947 में जम्मू-कश्मीर में कबायली हमलावरों को भेजना इसका पहला उदाहरण था। वे तब से यही कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। केंद्र सरकार द्वारा सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय राजधानियों में भेजने की योजना के तहत असदुद्दीन ओवैसी को भी एक प्रतिनिधिमंडल का सदस्य नामित किया गया है। इसका उद्देश्य भारत की आतंकवाद विरोधी स्थिति को वैश्विक मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करना है। ओवैसी ने कहा कि यह किसी पार्टी की बात नहीं है, बल्कि भारत की बात है। मैं इस जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाऊंगा, जाने से पहले विस्तृत बैठक की जाएगी। पाकिस्तान द्वारा खुद को एक इस्लामिक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करने पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने कहा कि भारत में करीब 20 करोड़ मुसलमान रहते हैं, पाकिस्तान का यह दावा बकवास है, दुनिया को यह भी बताना जरूरी है। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी पर भी ओवैसी ने नाराजगी जताई।

## अर्थ व्यापार

# कृषि व ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे कृषि मंत्री शिवराज

**नई दिल्ली, वार्ता**



**आज नागपुर में होगी उच्च स्तरीय बैठक**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को नागपुर का दौरा करेंगे जहां वह विकसित कृषि पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा प्रमुख कृषि एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित रहेंगे।

चौहान इस अवसर पर राष्ट्रीय मृदा स्पेक्ट्रल लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे, जो डिजिटल कृषि में एक अग्रणी पहल है। इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो नागपुर, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। यह पहल कृषि नेटवर्क कार्यक्रम का हिस्सा है। कृषि मंत्री कपास की फसलों को प्रभावित करने वाले एक प्रमुख कीट पिंक बॉलवर्म के लिए एआई-आधारित स्मार्ट ट्रैप भी लॉन्च करेंगे। आईसीएआर-केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर द्वारा विकसित यह तकनीक कीट नियंत्रण के लिए उन्नत मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का लाभ उठाती है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को कृषि में उनके अभिनव योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। राष्ट्रीय मृदा स्पेक्ट्रल लाइब्रेरी की स्थापना डिजिटल कृषि की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह लाइब्रेरी पारंपरिक गीले रसायन- आधारित परीक्षण की जगह मिटी के विश्लेषण की एक संपर्क रहित, तीव्र और लागत प्रभावी विधि की सुविधा प्रदान करेगी। भारत के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले मृदा स्पेक्ट्रल डेटा को केंद्रीय मंत्री द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

### जलवायु-तकनीक स्टार्टअप को बढ़ावा देंगे डीपीआईआईटी और जीईएपीपी

**नई दिल्ली।** देश में स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु-तकनीक क्षेत्र की उद्यमिता को मजबूती देने के लिए उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने जीईएपीपी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी पर डीपीआईआईटी के डा. सुमीत जारंगल और जीईएपीपी के सौरभ कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी भारत को उसके नेट-जीरो लक्ष्य की ओर तेजी से ले जाने में मदद करेगी। यह दो साल की साझेदारी शुरुआती चरण के जलवायु-तकनीक स्टार्टअप को फंडिंग, मेंटरशिप, नेटवर्किंग और बाजार से जुड़ाव जैसे जरूरी संसाधन उपलब्ध कराएगी।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



- सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ

स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**देशद्रोहः**

थी। ज्योति तीन बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकी है, जिसके कारण भारत की सुरक्षा एजेंसियों की उस पर नजर थी। ज्योति के खिलाफ हिसार के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया है। हिसार निवासी ज्योति अविवाहित है। उसने बीए तक की पढ़ाई की है। वह अधिकतर समय दिल्ली में रहती है। छह मई को वह हिसार से दिल्ली गई थी। ज्योति के पिता हरीश कुमार मल्होत्रा बिजली निगम से सेवानिवृत्त हैं। ज्योति का पासपोर्ट 22 अक्टूबर 2018 को बना था। यह 21 अक्टूबर 2028 तक वैध है। ज्योति और उनके पिता के खिलाफ पुलिस में कोई पुराना मामला दर्ज नहीं है।

ज्योति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। फेसबुक और यूट्यूब पर उसके तीन लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से वह 'ट्रैवल विद जो' नाम से यूट्यूब चैनल चलाती है, जिसमें देश-विदेश की यात्राओं के वीडियो बनाती है। पहले वह गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में काम करती थी, लेकिन कोविड के दौरान उसे नौकरी से हटा दिया गया। इसके बाद वह ब्लॉगर बन गई। ज्योति जिस भी देश में जाती है। वहां की खास जगहों और खाने और संस्कृति से जुड़ी वीडियो बनाती हैं और उन्हें अपलोड करती हैं। ज्योति के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यूज भी काफी आते हैं। ज्योति की वीडियो में पाकिस्तान से जुड़े वीडियो भी हैं। इसके अलावा ज्योति ने हाल में ही हुए क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैचों पर दर्शकों की प्रतिक्रिया वाले वीडियो भी बनाकर अपलोड किए थे। इसमें पाकिस्तान से आए हुए लोगों से बातचीत की वीडियो भी है। इसके अलावा ज्योति ने कश्मीर टूअर पर भी वीडियो बनाए हुए हैं, जिसमें सेना के लोगों को भी फिल्माया गया है।

# पूरा उप्र आया तपिश और लू की चपेट में

- जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार, 46.2 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा देशभर में सबसे गर्म रहा

**लखनऊ।** प्रदेश भीषण गर्मी से तप रहा है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार चला गया। 46.2 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा देशभर में सबसे गर्म रहा। वहीं, मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को दक्षिणी यूपी, बुंदेलखंड के साथ ही आगरा और अलीगढ़ क्षेत्र में गर्मी और लू का प्रकोप और बढ़ने की आशंका है। इसके अलावा शुक्रवार को बहराइच, बलरामपुर में बूंदाबा.दी हुई।

शनिवार के लिए मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी, दक्षिणी और बुंद.लखंड के 22 जिलों के लिए लू की चेतावनी जारी की है। तराई के आठ जिलों में बूंदाबांदी की संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बांदा के सबसे गर्म होने का कारण बताया कि मध्य भारत के ऊपर प्रति चक्रवात की वजह से गर्म हवाओं का अधोगमन है। रेडिएटिव हीटिंग और संवेदी ऊष्मन साथ-साथ हो रहा है। गरम पछुआ भी तपिश में इजाफा कर रही है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में लू की चेतावनी जारी की गई है। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है।

# कश्मीर में संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं: उमर

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) या नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा कि जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम के उल्लंघन की अभी कोई रिपोर्ट नहीं है।

उन्होंने कहा कि सीमा पर हाल हुए संघर्ष के कारण नुकसान का आकलन किया जा रहा है और एक बार नुकसान आकलन रिपोर्ट तैयार हो जाने के बाद सरकार उसके अनुसार ही मुआवजे की रिपोर्ट तैयार करेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि हम अपने स्तर पर जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे और जहां भी हमें केंद्र सरकार की मदद की जरूरत होगी, मदद ली जाएगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सही कदम है। उन्होंने इसे भारत का पक्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रखने का अच्छा मौका बताया और याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय संसद हमले के बाद भी ऐसा ही किया गया था। उन्होंने कहा कि बड़ी पार्टियों के नेता इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल होंगे। अब्दुल्ला ने माना है कि पर्यटन क्षेत्र को जम्मू-कश्मीर को काफी नुकसान हुआ है और कहा कि इस बार की गर्मी के मौसम में बहुत कम पर्यटक आए हैं। अब सरकार का ध्यान अमरनाथ यात्रा को शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने पर है। यात्रा के बाद वे पर्यटन को फिर से बढ़ावा देने की योजना बनाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

## मल्हूपुरा के जाहिद उर्फ भूरा व खतौली के राजू के परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शनिवार को नगर के रेलवे स्टेशन के समीप एक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। वही घटना के बाद मौके पर पहुचीं जीआरपी पुलिस ने युवक के शव की पहचान कराकर परिजनों को हादसे की सूचना दी। आनन फानन में मौके पर पहुचें परिजन युवक का शव देखकर बिलख पडे। वही युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। दूसरी तरफ एक युवक रेलवे स्टेशन पर मालगाडी की चपेट में आ गया, जिसके बाद इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई, पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार खतौली की नई आबादी निवासी एक युवक खतौली कुछ घरेलू सामान लेने के लिये आया था। इस दौरान युवक घूमता हुआ मोहल्ला जगत कालोनी के सामने से रेलवे ट्रेक पर पहुचा तो युवक के ट्रेक पर पहुचंते ही दिल्ली की और से आ रही एक एक्सप्रेस ट्रेन की युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद ट्रेन ने युवक को काफी दूर ले जाकर फेका ट्रेन से कटकर युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। वही घटना के बाद मौके पर पहुचें राहगीरों ने युवक की पहचान करने का प्रयास किया मगर युवक का चेहरा श्रतिग्रस्त होने की वजह से युवक की पहचान नही हो सकी। इसके बाद राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुचीं पुलिस ने युवक के शव की पहचान कराने का प्रयास करते रहे। काफी देर बाद पुलिस ने कपड़ो से निकले कागजों के आधार पर युवक की पहचान 25 वर्षीय जाहिद उर्फ भूरा पुत्र इकबाल मल्लहुपुरा थाना सिविल लाइन मुजफ्फरनगर, हाल निवासी निवासी मोहल्ला नई आबादी थाना खतौली के रूप में की युवक की पहचान होने पर पुलिस ने हादसे की सूचना जाहिद के परिजनों को दी, युवक की मौत की खबर सुनकर परिजनों में भी कोहराम मच गया था। परिजनों ने आनन फानन में घटना स्थल पर पहुचकर युवक के शव के पास दहाड़े मारकर रोना शुरू कर दिया। बाद में पुलिस के समझाने पर परिजन शांत हो गए। दूसरी तरफ खतौली रेलवे स्टेशन पर स्थित मालगाडी ट्रैक पर खतौली के मोहल्ला सैनी नगर निवासी 35 वर्षीय राजू पुत्र शिव कुमार सैनी की मालगाडी की चपेट में आकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त कराने के बाद उसके परिजनों को हादसे की सूचना दी।

राजू की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ की हैं। एक दिन में दो युवकों की मौत से खतौली में सनसनी फैली हुई थी।

पुलिस ने दोनो युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके बाद पुलिस युवकों की मौत आत्महत्या या हादसे को लेकर मामले की जांच पडताल कर रही है।

उधर घटना के बाद नगर के रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में घण्टो अफरा तफरी का माहौल बना रहा। दोनो युवकों की मौत से उनके परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल हो रहा था।





मुजफ्फरनगर: तिरंगा यात्रा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व राज्यमंत्री कपिल देव के साथ भाजपा नेतागण।

मुजफ्फरनगर: भाजपा की तिरंगा यात्रा में उमड़े लोग।

# सड़क हादसे में महिला हेड कांस्टेबल की दर्दनाक मौत



मृतका का फाइल फोटो।

■ पुलिस विभाग में शोक, शामली एसपी कार्यालय में थी तैनात प्रीति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शामली जनपद के एसपी ऑफिस में तैनात महिला हैड कांस्टेबल प्रीति (28) शनिवार को अपने अधिकारियों से तीन दिन की छुट्टी लेकर कार द्वारा अपनी ससुराल मेरठ जा रही थी। कार चालक बालेश्वर के साथ महिला का पति भूपेंद्र सिंह, उसका बेटा प्रियांक (3) व नौ माह की बेटी प्रीतिका भी साथ में बैठी थी। मेरठ-करनाल हाइवे पर इटावा गांव के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इस घटना में कार डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में महिला हैड कांस्टेबल प्रीति की मौके पर मौत हो गई।

उसका पति भूपेंद्र सिंह (32) व बेटा प्रियांक तथा बेटी प्रीतिका भी घायल हो गई। कार चालक बालेश्वर भी इस घटना में घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही शामली व बुढाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मेरठ के प्रवेश विहार शास्त्री नगर निवासी महिला के ससुर महाराज सिंह भी मौके पर पहुंच गए। अचेत अवस्था में प्रीति को तथा घायल अवस्था में भूपेंद्र सिंह, प्रियांक, प्रीतिका व कार चालक बालेश्वर को कस्बे की सीएचसी पर भर्ती करवाया गया। सीएचसी पर चिकित्सकों ने प्रीति को मृत घोषित कर दिया। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया।

पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की तहरीर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कोतवाली में दी गई है। घटना से परिवार शोक में डूबा है।

# छात्र ने कॉलेज परिसर में छात्रा पर बरसाए थप्पड़

## सहपाठी छात्रा को कॉलेज ने किया निलंबित, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर की नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एसडी कॉलेज में एक बाहरी छात्र ने छात्रा के साथ मारपीट की। आरोपी छात्र ने छात्रा को ताबडतोड कई थप्पड मारे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि इस वायरल स वीडियो की पुष्टि नहीं हो रही है। लेकिन वीडियो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि छात्रा के साथ उसकी सहपाठी छात्रा ने बाहरी छात्र को बुलाकर मारपीट कराई थी। शहर के कॉलेज में गुंडई का एक वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक छात्र ने एसडी कॉलेज में पहुंचकर छात्रा के साथ मारपीट की। 14 सेकंड के वीडियो में आरोपी ने छात्रा को एक के बाद एक कई थप्पड मारे। छात्रा अपने बचाओ व आरोपी से बचने के लिए चिल्लाती रही। कालेज में मौजूद एक युवक ने छात्रा को बचाया। लेकिन घटना से दहशत में आई छात्रा चिल्लाती रही। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आरोपी अमरजीत निवासी बाकरनगर थाना भोपा को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रा के साथ मारपीट करने वाला आरोपी उसी के गांव का रहने वाला है। वीडियो वायरल होने पर पुलिस इस मामले में हरकत में आयी थी। कालेज के प्राचार्य डा. सुधीर पुंडीर ने बताया कि मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी। जिस पीडित छात्रा के साथ मारपीट की गई है, उसकी सहपाठी छात्रा ने बाहरी छात्र को कालेज में बुलाकर पीडित छात्रा के साथ मारपीट कराई थी।

बाहरी छात्र को बुलाने के मामले में सहपाठी छात्रा को कालेज से निलंबित कर दिया गया है, वहीं निलंबित की गई छात्रा व बाहरी छात्र के खिलाफ नई मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## बीबीए के छात्र को गोली मारने का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** बीबीए के छात्र को गोली मारने के मामले के आरोपी व नई मंडी कोतवाली पुलिस की एटूजेड रोड पर मुठभेड हुई ओर पुलिस ने इस दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। सीओ मंडी रुपाली राय चौधरी ने बताया कि तीन दिन पूर्व रात्रि में मोहल्ला बचन सिंह कालोनी में हमलावरों ने छात्र यश शर्मा को गोली मार दी थी। छात्र को गोली मारने से पहले हमलावरों ने समर पर फायरिंग की थी, लेकिन वह हमल में बाल बाल बच गया था। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरु कर दी। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि एटूजेड रोड पर पुलिस ने सूचना के आधार पर वारदात के मुख्य आरोपी अमन निवासी भोकरहेडी हाल निवासी अंकित विहार को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी अमन पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल आरा. पी से एक तमंचा व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने शुक्रवार को वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# आग में जलाकर नष्ट किए 49.15 करोड़ के स्टांप पेपर

■ गठित समिति की मौजूदगी में किया गया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कलेक्ट्रेट में स्थित वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय परिसर में शनिवार को गठित समिति की मौजूदगी में 49 करोड 15 लाख 20 हजार रुपये के स्टांप पेपर आग में जलाकर नष्ट किए गए। समिति ने स्टांप पेपर जलाने से पूर्व रिकार्ड के लिए सीरियल नंबर से उनका मिलान किया। इसके बाद कोषागार कार्यालय परिसर के खाली स्थान पर डालकर आग के हवाले किया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टिकोण से एक फायर ब्रिगेड की गाडी मौजूद रही। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई है। कलेक्ट्रेट स्थित वरिष्ठ कोषाधिकारी के कक्ष में शनिवार की दोपहर के करीब एक बजे छह सदस्यीय गठित टीम पहुंची।

इसमें एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार अध्यक्ष, प्रभारी वरिष्ठ कोषाधिकारी श्रुति गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, सीएफओ अनुराग सिंह, एआइजी स्टांप, सीओ आदि सदस्य कमेटी के सामने 10 हजार से 25 हजार के स्टांप पेपर की गिनती की गई। इस दौरान इन स्टांप पेपर की गिनती का मूल्य 49 करोड 15 लाख 20 हजार रुपये रहा। इसके बाद कोषागार कार्यालय के पास खाली जगह में स्टांप पेपर पर ज्वलंत पद्धार्थ डालकर आग लगाई गई। अपर जिला. धिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में वीडियोग्राफी कराई गई। इसमें दस हजार से 25 हजार के सभी स्टांप पेपर में लगी आग से पूरी तरह राख नहीं बनने तक सभी अधिकारी मौजूद रहे। कोषागार कार्यालय केवल पांच हजार तक के स्टांप पेपर रही सुरक्षित रखे गए। प्रभारी वरिष्ठ कोषाधिकारी श्रुति गुप्ता ने बताया कि 10 हजार से 25 हजार रुपये तक के सभी स्टांप पेपर आग में जलाकर नष्ट किए गए। यह इसलिए नष्ट किए गए, ताकि भविष्य में इनका कोई गलत कार्य में प्रयोग नहीं हो पाए। वर्तमान में ई-स्टांप प्रक्रिया चल रही है। पेपर स्टांप पांच हजार रुपये तक के सुरक्षित रखे गए हैं। पूर्ण कार्य समिति के अध्यक्ष की निगरानी व वीडियोग्राफी में कराया गया है।

# भाजपा नेता से दुर्व्यवहार करने पर एसआई व सिपाही लाइन हाजिर

■ मंत्री कपिल देव के हस्तक्षेप के बाद हुई कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विगत दिवस भाजपा नेता अजय सागर अपने परिवार के साथ रामलीला टिल्ला की ओर जा रहा था। पुलिस चौकी के निकट चैकिंग कर रही पुलिस ने हेलमेंट न पहनने को लेकर भाजपा नेता को रोक लिया। इसके बाद यहां विवाद शुरू हो गया था। और काफी देर तक अजय सागर व पुलिसकर्मियों के बीच बहस हुई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

वीडियों में नेता व पुलिस अपनी-अपनी बात कह रहे थे। आरोप था कि चैकिंग कर रहे दरोगा जय शर्मा व सिपाही निशांत ने भाजपा नेता के साथ काफी अभद्रता की थी जिसके बाद यह मामला गर्मा गया था।

भाजपा नेता इस मामले को लेकर मंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर पहुंचे और उन्होने इस बात पर नाराजगी जताई थी। और सीओ सिटी राजीव साव से बात की जिसके बाद यह मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा और एसएसपी ने दरोगा व सिपाही पर लाइन हाजिर कर दिया। इस कार्यवाही के बाद पुलिस विभाग में हलचल मची हुई है।

## बीकॉम की छात्रा ने लगाई फांसी

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्रा की मौत की खबर के बाद सीओ मंडी रुपाली रॉय मौके पर पहुंची और उन्होने बताया कि युवती बीकॉम की छात्रा थी। घटना के समय परिजन नीचे मकान में थे जबकि युवती ने ऊपर में जाकर यह घटना की। परिजनों का कहना है कि युवती कई दिन से डिप्रेशन में थी। वह खाना भी सही प्रकार नही खा रही थी।उसने परिजनों को अपनी समस्या नही बताई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नही कराया।

# कपड़ा व्यापारी का गोली लगा शव मिला, सनसनी

■ पुलिस ने मौके से किया तमंचा बरामद, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मिमलाना में नदी किनारे कपडा व्यापारी जितेंद्र का गोली लगा शव पडा मिलने से सनसनी फैल गई। उसके सीने में गोली लगी थी। पुलिस ने शव के पास से एक तमंचा बरामद भी किया है। अब पुलिस इस मामले में यह जांच कर रही है कि मामला आत्महत्या का है या कुछ और। गांव मिमलाना निवासी जितेंद्र गांव में ही कपडे की दुकान करता था। उसका शव शनिवार शाम को नदी किनारे मिमलाना के जंगल में पडा मिला। पशुओं के लिए चारा लेने जाने वाली महिलाएं उधर पहुंची तो उन्होंने शव देखकर आसपास के लोगों को बताया। तब यह सूचना डायल 112 पर दी गई।

पुलिस टीम ने पहुंच कर मामले की जानकारी ली। शहर कोतवाली पुलिस ने पहुंच कर लोगों से जानकारी ली। मृतक के पिता मांगेराम व अन्य परिजनों ने पहुंच करबताया कि जितेंद्र दोपहर में खाना खाकर गया था। मृतक के सीने में बाई तरफ गोली लगी थी। तमंचा भी पास में ही पडा था। उसका मोबाइल व जेब से 990 रुपये भी मिले है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परि. जनों ने अभी कुछ लिखकर नही दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## रास्ते को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

**छपार।** जमीन के रास्ते को लेकर दो पक्षों में संघर्ष दोनों और से एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का उपचार कराकर दोनों और से महिलाओं सहित एक दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है । गांव खोजा नगला में आलम व जहांगीर में जमीन के रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। शुक्रवार को उसे लेकर झगडा हो गया जिसमें लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। आलम ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार को तीन बजे अपने घर पर था। उसी वक्त जहांगीर पक्ष के तोकीर , अबूजर, मनव्वर,व अरबाज,उजेफ, ने लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया पुलिस ने दोनों और से रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तैयार नहीं हुआ चाट बाजार, दुकानदारों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका प्रशासन के द्वारा किए गए वादे के अनुसार सांईधाम के सामने चाट बाजार तैयार न होने पर दुकानदारों में काफी रोष है। चाट बाजार के दुकानदार शनिवार को चेयरपर्सन के आवास पर पहुंचे, जहां पर विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। इसके बाद दुकानदार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर पहुंचे और उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी। दुकानदारों ने दोबारा से धरना देने की चेतावनी दी है। नगर पालिका के द्वारा टाउन हाल रोड का सौन्दर्गीकरण कराया जाना है। नगर पालिका प्रशासन ने टाउन हाल रोड पर लगने वाले चाट बाजार को बंद करा दिया। इस दौरान दुकानदारों के द्वारा कई दिनों तक धरना दिया गया। इसके बाद नगर पालिका ने साईधाम के सामने चाट बाजार तैयार कराने का आश्वा. सन दिया। नगर पालिका अभी तक यहां पर चाट बाजार तैयार नहीं करा पाई है। पालिका के द्वारा यहां पर टीन शेड, पेयजल, पथ प्रकाश के साथ ही अन्य सुविधा पूर्ण नहीं की गई है। शनिवार को दुकानदार पटेलनगर स्थित चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आवास पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। इसके बाद दुकानदार मंत्री कपिल देव अग्रवाल के गांधीनगर स्थित आवास पर पहुंचे। दुकानदार राजेन्द्र सैनी ने कहा कि टाउनहाल से धरना समाप्त हुए आज करीब 40 दिन हो चुके हैं, लेकिन साईंधाम के सामने पालिका प्रशासन कोई भी सुविधा का प्रबंध नहीं कर पाया है। केवल इंटरलॉकिंग टाइल्स कुछ स्थान पर लगाई गई। मंत्री के आवास पर राजेन्द्र सैनी, राजपाल, संजू कुमार, रजत सैनी, अंकित कुमार, कृष कुमार, रविर कुमार, करण आदि मौजूद रहे।

# कम्पनी के ड्राईवरों ने रोके कूड़ा वाहनों के पहिये, किया हंगामा

■ वेतन न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने की काम बंद हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एमआईटूसी कम्पनी के ड्राईवरों ने शनिवार को काम बंद हडताल कर दी। जिस कारण सुबह शहर के डलावघरों से कूडा नहीं उठ पाया। आरोप है कि कम्पनी ने ड्राईवरों को अप्रैल काम का वेतन नहीं दिया है। जिस कारण ड्राईवरों ने गैराज पर वाहनो को रोकते हुए जमकर हंगामा किया। बाद भी नगर पालिका ने अपनी टीम से डलावघरों से कूडा उठवाना शुरू किया। नगर पालिका में नई कंपनी का ठेका अनुमोदित होने तक एमआईटूसी कम्पनी से काम लिया जा रहा है। अब कम्पनी कूडा उठाने को लेकर गंभीर नहीं है। कम्पनी के द्वारा कर्मचारियों को वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। अप्रैल माह का वेतन न मिलने के कारण कम्पनी के ड्राईवरों ने रूडकी रोड स्थित वाहन गैराज पर वाहन चालकों और हैल्परों ने कामबंद हडताल कर दी। यहां से प्रतिदिन सेकेंड्री जोन में लगे कर्मचारी बडे वाहनों जेसीबी, डंपर, काम्पेक्टर लेकर सफाई व्यवस्था के लिए निकलते हैं, लेकिन वो वेतन नहीं मिलने के कारण शनिवार को काम पर नहीं निकले। इस प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बावजूद भी कंपनी का कोई भी अधिकारी उनसे वार्ता के लिए नहीं पहुंचा।

वाहन चालक अजय कुमार ने बताया कि अप्रैल माह का वेतन अभी तक नहीं दिया गया है। सेकेंड्री जोन में 22 वाहन चालक और हैल्पर काम करते है। गैराज पर प्रदर्शन के दौरान कम्पनी का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद सभी चालक अपने अपने वाहनों की चाबियां लेकर घर चले गये। इस दौरान वाहन चालकों में अजय कुमार, ललित, रजत कुमार, नीरज, फरमान अहमद, कपिल कुमार, मौहम्मद सुहैल, अनिल दत्त, सन्नी, रवि कुमार, कुलदीप सिंह, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर देशभक्ति के रंग में रंगा दिखा। हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी घटना के जवाब में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के समर्थन में शहरवासियों ने एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में युवा, बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साह से शामिल हुए। देशभक्ति के जज्बे से भरी इस तिरंगा यात्रा का आकर्षण विशाल तिरंगा रहा जिसे सैकडो लोग हाथों में लेकर चल रहे थे। टाउन हॉल से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में शामिल सैकडो लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, हमें अपनी सेवा पर गर्व है आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे।

बहुत से लोगों के मन में यह चीज भी थी कि भारत सरकार ने पाकिस्तान का फन कुचलने में ढिलाई क्यों की। यात्रा में शामिल राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सुरक्षा एजेंसियों का एक सशक्त जवाब है। खासतौर पर जिस बहादुरी से 'कर्नल सोफिया कुरैशी', व्योमिका सिंह आदि ने इस मिशन को अंजाम दिया, वह सराहनीय है। हमें उन पर गर्व है।

### बच्चे भी तिरंगा लिए हुए दिखे

इस तिरंगा यात्रा में बच्चे भी तिरंगा लिए हुए दिखे. बुजुर्गों में भी जोश की कोई कमी नहीं थी। संघ परिवार से जुडे ज्ञानचंद सिंगला ने कहा, अगर देश को जरूरत पडी तो हम जैसे बुजुर्ग भी बॉर्डर पर जाने से पीछे नहीं हटेंगे। पाकिस्तान को हर हाल में जवाब मिलना चाहिए।

### हर आवाज में भारत के लिए सम्मान

यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के प्रति समर्थन का प्रतीक बनी और दिखाया कि देश की आम जनता आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। हर चेहरे पर गर्व, हर कदम पर देशभक्ति और हर आवाज में भारत के लिए सम्मान था। बुजर्गों के साथ बच्चों में भी पूरा जोश देखा जा रहा था।

### ये रहे शामिल.....

तिरंगा उठाकर यात्रा में शामिल हो गए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान, पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा एक साफ संदेश लेकर निकली कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है और देश की जनता हर कदम पर अपनी सेना और सरकार के साथ है। ऑपरेशन सिंदूर की गूंज हर घर में सुनाई दी, भारत सरकार की रणनीति तथा सेवा के पराक्रम ने पाकिस्तान को यह साफ संदेश दे दिया है कि भविष्य में उसने यदि आतंकवाद को शह दी तो उसका अंजाम बहुत बुरा होगा। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी डॉक्टर सुभाष शर्मा आशुतोष शर्मा विजेंद्र पाल कन्हैया शर्मा जगद. ीश पांचाल सुदर्शन सिंह बेदी संदीप जैन आदि हजारों लोग शामिल हुए। तिरंगे के साथ निकली यह यात्रा देशभक्ति की एक नई भावना को जन्म दे गई।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# गाली देने का किया विरोध पड़ोसी ने की वृद्धा की हत्या

**भोपा।** सुबह सवेरे पड़ोसी द्वारा अकारण ही अश्लील गलियां देकर उत्पात मचाने का विरोध वृद्ध महिला को जानलेवा साबित हुआ। गाली देने से बाज आ जाने को कहकर वृद्धा काम मे लग गयी तभी घात लगाकर आरोपी ने वृद्धा पर फावडे से ताबडतोड वार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, रास्ते में ही घायल महिला की मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए आला ए कत्ल फावड़े को बरामद कर जेल भेज दिया है।

भोपा थाना क्षेत्रा के गांव कादीपुर में शनिवार की सुबह लगभग 6:30 बजे 65 वर्षीय वृद्धा कलावती पत्नी तीर्थ जाटव घर के सामने बैठी थी की पड़ोस का ही सुशील उर्फ भूरा अकारण ही अश्लील गालियां देने लगा। कलावती ने भूरे को गलियां देने से मना किया।जिसपर आरोपी वहां से चला गया।कुछ देर बाद जब कलावती घर के सामने हैंडपम्प पर गेहूं साफ कर रही थी। की तभी घात लगाये सुशील उर्फ भूरा जाटव ने कलावती के सिर पर जान से मारने की नीयत से फावडे से ताबड़तोड़ वार कर दिये, जिससे कलावती गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपा पहुंचाया, जहां उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया,गंभीर हालत देख घायल को मेरठ हायर सेंटर अस्पताल ले जाया जा रहा था की रास्ते ही उसकी मौत हो गई। कलावती के पति का निधन हो चुका है कलावती के परिवार में पुत्रा शोकिन्द्र व शोभासिंह हैं। जो पंजाब राज्य मे ईंट भटे पर कार्य करते हैं। गांव मे शोकिन्द्र के बेटी मानसी व पुत्रा दीपांशु पढ़ते हैं। जिनकी देखभाल दादी कलावती करती थी। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि गांव के चौकीदार सागर द्वारा दी गयी तहरीर पर आरोपी सुशील के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगा हुआ फावडा बरामद करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है।

# पीड़ितों को थाना तहसीलों के चक्कर ना कटवाएं अधिकारी: डीएम

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शनिवार को खतौली तहसील में लगने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम उमेश मिश्रा और एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। तथा सम्बन्धित अधिकारियों को पीड़ित की शिकायत का तुरन्त समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। डीएम ने शिकायतों को गंभीरता से सुना पीड़ितों को उनकी समस्या का जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अधिकारियों के समक्ष समाधान दिवस में चक बंदी, विद्युत विभाग, डोल, शिक्षा विभाग, अवैध कब्जा, नगर पालिका, भूमि पर अवैध कब्जे, एमडीए, आवास योजना, जल निकासी आदि से संबंधित शिकायते आई। वही समाधान दिवस में जिले के अन्य अधिकारी भी डीएम के साथ समाधान दिवस में मौजूद रहे।

शनिवार को खतौली तहसील में आयोजित समाधान दिवस में जिला. धिकारी उमेश मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों से कहा की सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संवेदनशील होकर प्राथमिकता पर करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि समयबद्धता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाये। उन्होने कहा की यह भी ध्यान रखा जाये कि एक ही प्रवृत्ति की समस्या के निस्तारण के लिए फरियादी को बार-बार थाना तहसील न आना पड़े। जिलाधिकारी एसपी सिटी के साथ खतौली तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन शिकायतों को सुन उनका निस्तारण कर रहे थे। उन्होने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता के साथ सुना और उनका जल्द ही निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का अधिक. रिगण संवेदनशील होकर तत्परता के साथ इनका निस्तारण करें। इसके अतिरिक्त चकबन्दी विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, एमडीए, शिक्षा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, अवैध कब्जे, खनि विभाग, जल निक. सी, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, समाज कल्याण विभाग, आवासीय योजना आदि विभागों की समस्याओं पर जिला. धिकारी ने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये की शिकायतों का जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि पीड़ितों की शिकायतें लंबित न रखी जाये और शिकायत प्राप्त होते ही अधिकारी उनके निस्तारण की कार्यवाही प्राथमिकता पर संचालित की जाये। उन्होने कहा की भूमि पर अवैध कब्जे संबंधित शिकायत को अधिकारी गण गंभीरता से ले और शिकायत की जांच करने के बाद जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिये की महिला अपराध संबंधित साइबर अपराध और साइबर ठगी के मामले को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। शिकायतों की जांच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन्होने कहा कि जन सामान्य को मूलभूत सुविधायें प्रदान की जायें। इस अवसर पर समाधान दिवस में सीएमओ, सीडीओ, एडीएम, एसडीएम संजय सिंह, तहसीलदार, खतौली सीओ रामशीष यादव, चिकित्सा प्रभारी डी, अवनीश कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# ट्रैफिक पुलिस कार्यालय पर भाकियू तोमर कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी ने पिछले तीन दिन पहले किए गए आह्वान पर जनपद कि ट्रैफिक समस्याओं को लेकर संगठन 17 मई को धरना प्रदर्शन करेगा।।

आज उसी तर्ज पर भारतीय किसान यूनियन तोमर के पदाधिकारी कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन के लिए पंहुच गये जिस समय ट्रैफिक पुलिस को ये जानकारी हुई कि किसान ज्प् ओफिस पर धरना प्रदर्शन के लिए आ रहै है तो तत्काल प्रभाव से पुलिस लाईन के दोनो गेट पुलिस ने बंद कर दिये लेकिन काफी देर तक किसान नारेबाजी करते रहै लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने दरवाजे नही खोले उसके बाद नाराज किसानों ने पुलिस लाईन के गेट नम्बर तीन से बामुश्किल पुलिस लाईन मे घुस गये और जबरदस्त नारे करते हुए धरने पर बैठ गये उसके बाद घंटो हंगामे के बाद किसानो ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर को अपने बीच मै बैठा लिया। संगठन के जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिस मान्य मुख्यमंत्री के आदेशो कि भी कोई चिंता नही है। निखिल चौधरी ने कहा है कि ट्रैफिक पुलिस से साठ गांठ कर डग्गामार वाहन दौड रहै है निखिल चौधरी ने कहा है इन डग्गामार वाहनो से सरकार को भी लाखो का चूना लग रहा है और चून्ना लगवाने मे सबसे बडा हाथ ट्रैफिक पुलिस का है दूसरा निखिल चौधरी ने कहा है किसान शहर मे अपने आवश्यक कार्य के लिए आतै है उन्हे बहुत ज्यादा परेशान किया जाता है और चालान का डर दिखाकर सुविधा शुल्क लिया जाता है और बिना चौकिग पाईट के ही वाहनो कि चैकिग कि जाती और ओवरलोडिंग वाहनो का भी खूब बोल बाला है उन्हे भी कोई रोकने और टोकने वाला नही है।चेकिग के नाम पर पढने वाले बच्चो को परेशान ना किया जाऐ ऐसे ही 13 सूत्रीय मांगो को लैकर एक ज्ञापन मान्य मुख्यमंत्री और कप्तान साहब के नाम ज्प् साहब को सौपा।। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान युवा जिला अध्यक्ष सोनू चौधरी मोनू धीमान नितिन शर्मा साऊद सोनू ईरशाद सलीम जमीर मुस्तफा परवेज नईम सूजडू अनस शिखलेन्दर तोमर शहजाद मलिक सोनू हसीर शानू जब्बार अजित अजहर फिरोज शमशाद मोमीन बाबू हाथी ताहीर शुभान अयूब नेता ईदरीश नौशाद सलमान सलमानी शमीम फैजान गुलबहार आदि मौजूद रहे।




# सामने आया प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी को धमकी देने वाला आरोपी

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष मनीष चौधरी को धमकी देने वाला आरोपी सामने आया है। शहर कोतवाली पुलिस के बुलावे पर करीब 15-20 लोगों को साथ लेकर आरोपी युवक थाने पहुंचा तो पुलिस अफसरों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन कोतवाली अकेले पहुंचे प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने स्पष्ट कर दिया कि यदि गलती की है तो शिव चौक पर खड़ा होकर आरोपी माफी मांगे, नहीं तो पुलिस जांच कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करे।

राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी को 14.05.2025 को समीर निवासी अम्बा विहार ने मिलकर अपनी समस्या बताते हुए परिवार की रोजी रोटी बचाने के लिए मदद मांगी थी। समीर को कुछ लोग शिव चौक पर साइकिल पर फूल माला बेचने से मना करते हुए धमका रहे थे, जबकि उसके पिता और दादा यही पर 35 साल से यह काम करते रहे हैं।

प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने समीर को न्याय का भरोसा दिलाकर पुलिस और सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 16 मई 2025 को उनके पास मोबाईल नम्बर 9045223000 से फोन किया गया। कॉल बैक किया तो युवक ने उनको धमकी देते हुए कहा कि मुस्लिम परिवार की मदद की तो अंजाम भुगतना होगा। इसी को लेकर उन्होंने शहर कोतवाली में जाकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि आरोपी युवक कशिश पुत्रा चमनलाल निवासी गांधी कालोनी है। पुलिस ने आरोपी को थाने बुलाया था और पूछताछ की। प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी और आरोपी पक्ष के बीच वार्ता कराई गई, पुलिस ने मामले में पहले आरोपों की जांच करने की बात कहकर आरोपी युवक को वहां से जाने दिया। प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि सुबह थाने से फोन आया था कि आरोपी को कोतवाली बुला लिया गया है। दोनों पक्षों के बीच यहां पर वार्ता कराई गई है। आरोपी पक्ष ने ऑडियो रिकॉर्डिंग को कटिंग कर पुलिस को उपलब्ध कराई गई है। इसमें हमने मांग की है कि शहर कोतवाली पुलिस मामले की पूरी जांच करे।

हमें सीधे तौर पर आरोपी ने धमकी दी है, इस प्रकरण को लेकर पूरी साजिश सामने आनी चाहिए। अगर आरोपी को गलती महसूस हो रही है तो वो शिव चौक पर खड़ा होकर खेद जताये तो हम कार्यवाही नहीं करेंगे, लेकिन यदि ये लोग दबंगता दिखाते हैं तो हमने मांग की है कि पुलिस हमारी शिकायत पर कानून के अनुसार अपनी जांच पड़ताल कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करे और उन पर मुकदमा दर्ज किया जाये। यदि पुलिस इस प्रकरण में कार्यवाही नहीं करती है तो हमें मजबूर होकर संगठन के साथ कोतवाली में ही धरना देना पड़ेगा। हम इन लोगों की धमकियों से डरेंगे नहीं, पीड़ित चाहे कोई भी व्यक्ति हो, यदि धर्म के आधार पर किसी को परेशान किया जायेगा तो हम उसकी लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। समाज में छिपे ऐसे लोग जो धर्म आधारित उत्पीड़न करते हुए समाज में वैमनस्यता फैलाते हैं, वो भी हमारी नजरों में पहलगाम टेरर अटैक में शाामिल आतंकियों से कम नहीं हैं।

जैसे हमारे जनपद में धर्म पूछ कर किसी गरीब का रोजगार खत्म करने का प्रयास किया है हमने आज भी दो टूक कह दिया है कि यदि शिव चौक पर साइकिल पर फूल माला बेचने वाला समीर हटाया जायेगा तो फिर पूरा शिव चौक अतिक्रमण मुक्त होगा। कोतवाली पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वो निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करेगी।



## बोर्ड की परीक्षा में विशेष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**बुढ़ाना।** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में विशेष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शाखा प्रबंधक और सेवा प्रबंधक ने उपहार देकर सम्मानित किया। भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुढ़ाना के प्रबंधक नीरज कुमार और सेवा प्रबंधक साक्षी गुप्ता कस्बे की मेपल्स एकेडमी में पहुंचे। उन्होंने इंटरमीडिएट में कॉलेज टॉप करने वाली छात्रा अग्रिमा गुप्ता, हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय टॉप करने वाली छात्रा अनन्या संगल तथा डीएवी पघब्लिक स्कूल के छात्रा उत्सव गर्ग को उपहार और बुकें देकर सम्मानित किया।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।** वाद संख्या 10 सन् 2024 1. मौ. इलियास पुत्र शरीफ अहमद निवासी ग्राम जौली परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी मौहल्ला योगेन्द्रपुरी शहर मु.नगर। ... **वादी बनाम** 1. नसीम अहमद पुत्र शरीफ अहमद 2. मौ. आदिल पुत्र मौ. अख्तर 3.अब्दुल कादिर पुत्र मौ. अख्तर 4.श्रीमती कवर जहां पत्नी मौ. अख्तर समस्त निवासीगण ग्राम जौली परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 5. ग्राम सभा **ग्राम जौली** द्वारा ग्राम प्रधान जौली परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। ..... **प्रतिवादीगण** वाद अन्तर्गत धारा 144 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 अधिनियम **ग्राम जौली** परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप **तारीख 29 माह 05 सन् 2025** बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे ओर उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा।

बस्वत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज तारीख 16 माह 05 सन् 2025 जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**उपजिलाधिकारी**
**जानसठ**

## मारपीट कर दबंगों ने किया घायल,कार्रवाई को लगाई गुहार

**मोरना।** गांव टंढ़ेडा मे दबँगो द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ितो ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्रा के गांव टंढेडा निवासी गुलशेर ने बताया की शनिवार की सुबह उसका भाई अब्दुल खालिक खेत पर काम करने गया था।खालिक ने देखा की गांव के ही आधा दर्जन व्यक्ति खेत की चाहर दीवारी को तोड़कर गोबर उतार रहे हैं।जिसका उसने विरोध किया। जिसपर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए अब्दुल खालिक के साथ मारपीट की। अब्दुल खालिक ने फोन कर गुलशेर को घटना की जानकारी दी।जैसे ही गुलशेर खेत पर पहुंचा आरोपियों ने घात लगाकर गुलशेर के साथ भी मारपीट की।पीड़ितों ने आरोपियों पर फायरिंग करने का भी गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# तहसील दिवस में प्रेमी युगल ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शनिवार को आयोजित तहसील दिवस एक अनोखे मामले का गवाह बना, जब मंसूरपुर थाना क्षेत्रा से एक प्रेमी युगल तहसील दिवस में और खुद की जान को खतरा बताते हुए डीएम और एसपीसिटी से सुरक्षा की मांग की।

प्रेम विवाह करने वाले इस युगल ने परिजनों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, युवक और युवती ने कुछ दिन पहले परि. जनों की मर्जी के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह किया था। विवाह से पहले युवती के परिजनों ने मंस. ूरपुर थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि दोनों काफी समय से एक-दूसरे को जानते थे और परिवार की रजामंदी न मिलने पर घर से भागकर शादी कर ली। तहसील दिवस में पहुंचने पर युवती ने अपनी मांग में सिंदूर भरकर अधिकारियों के सामने पति के साथ जीवन बिताने की इच्छा जताई। डीएम और एसपी सिटी के समक्ष उन्होंने शिकायती पत्रा सौंपा, जिसमें परिजनों से खतरा बताया गया और सुरक्षा की गुहार लगाई। प्रेमी युगल ने यह भी कहा कि उन्हें जबरन अलग करने की कोशिश की जा रही है और जान का खतरा बना हुआ है। इस मामले को गंभीरता से देखते हुए जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा और एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने तुरंत मंसूरपुर थाना पुलिस को निर्देश दिए कि प्रेमी युगल को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए और उन्हें उनके गांव सकुशल भेजा जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या हिंसा की स्थिति में कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। प्रेमी युगल ने मीडिया से दूरी बनाते हुए कोई बयान देने से साफ इंकार कर दिया। हालांकि अधिक. ारियों के आश्वासन के बाद उनके चेहरे पर राहत के भाव नजर आए। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से यह मामला तहसील दिवस में चर्चा का विषय बना रहा।

# आरजी पब्लिक स्कूल में महिलाओं का किया सम्मान

**मोरना।** बेहडा सादात स्थित आरजी पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंटस की माताओं ने आयोजित प्रतियोगिताओं मे उत्साह पूर्वक भाग लिया। विज. ेताओं को प्रधानाचार्या द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंधक रमेशचद्र व प्रधानाचार्या बबीता कौशिक ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।जिसके बाद क्विज कम्पीटिशियन, पासिंग फ्लो, ड्रमशराट, बलून रेस, रैम्प वॉक, गायन प्रतियोगिता, डांस आदि सहित भिन्न भिन्न ऐक्टिविटी में महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में निर्णायक मण्डल के आधार पर पूजा को मिसेज टैलेंट, आरजू को मिसेज हेयर स्टाइलिस्ट, प्रीति को मिसेज ब्यूटीफुल स्माइल, राधा को मिसेज कॉन्फिडेंट का खिताब दिया गया। कार्यक्रम में मिसेज मदर्स डे 2025 का पुरुस्कार मिसेज आरती के नाम रहा। महिलाओ को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया प्रधानाचार्या बबीता कौशिक ने कहा कि शिक्षा के द्वारा बोद्धिक विकास होता है। आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्रा मे स्वयं को साबित कर रही हैँ। महिलाएं परिवार की धुरी हैँ। इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य महिलाओं मे आपसी समन्वय बनाकर एक दूसरे के अनुभव को साझा करना है।ऐसे कार्यक्रम मानसिक तनाव को दूर करते है।और नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम का संचालन फौजिया ने किया। कार्यक्रम में जहीर अब्बास, अंजु, आबिद, पूजा चौहान, साक्षी, प्राची, ऋतु, मो. निका, रविन्द्र आदि का सहयोग रहा।




# चरथावल क्षेत्र में खुलेआम बिक रहा मिलावटी पनीर और मावा

**चरथावल।** क्षेत्र मे बहुत बड़े पैमाने पर मिलावटी मावा और पनीर का उत्पादन किया जा रहा हेस हालत यह हे की दूसरे प्रदेशो मे भी चरथावल क्षेत्र से नकली मावे और पनीर की सप्लाई की जा रही हे देश प्रदेश मे जहाँ भाजपा की सरकार बनने पर मिलावटखोरो पर बहुत हद तक लगाम लगी हे वही चरथावल क्षेत्र मिलावटी खाद्यय पदार्थो का बड़ा गढ़ बन गया हे स मिलावटी सामान से जहाँ पूर्व दिनों मे बहुत बड़ा नुकसान देखने को मिलता था वही भाजपा सरकार मे बहुत बड़े पैमाने पर मिलावट खोरो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही होने से कुछ दिनों के लिए नकली मावा, पनीर आदि सामान बनाने वालों पर थोड़ी रोक लगी थी इससे बड़े स्तर पर मिलावट खोरो की कमर टूटी थीस और कानूनी कार्यवाही होने से मिलावट खोरो का मनोबल बहुत हद तक टुटा था जिसके बाद आम जनता को मिलावटी सामान से भी मुक्ति मिली हे और मिलावटी सामान जो स्वास्थ्य पर बहुत गलत असर डालता हे मिलावटी सामान खाने से अनेको लोग गंभीर बीमारियों का शिक. ार हो चुके हे चरथावल क्षेत्रा मे मिठाइयो कि दुकान पर खुलेआम मिलावटी मावा और पनीर बिकता हुआ नजर आता हे जिससे कि अनेक व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार भी हो चुके हेस वही क्षेत्रा के गाँवो मे बहुत बड़े पैमाने पर नकली मावे और पनीर को बनाया जा रहा हे यह नकली मावा और पनीर बहुत दूर दूर तक सप्लाई किया जा रहा हे और इसका निर्माण होते प्रशासन आँखे बंद करके तमाशा देख रहा हे और इसकी नकली मावे और पनीर का निर्माण करने वाले स्वामी की सच्चाई जाने तो पता चलेगा कि यह मिलावटी मावा पनीर को बनाने वाले स्वामियों के पास बहुत कम समय मे ही बेशुमार दौलत हो चुकी हे जोकि इनकी कार्यप्रणाली को बखूबी बयान कर रही हे और खुलेआम यह नकली पनीर और मावे को बेचकर क्षेत्रावासियो के स्वास्थ्य से खिलवाड करते नजर आ रहे है । यह तो यह मिलावटी सामान को बनाने वाले ही जान सकते हे लेकिन खुलेआम यह कार्य संचालित होने से क्षेत्रा मे यह चर्चा आम हो चली हे की चाहे किसी की भी सरकार हो चांदी की चमक के आगे सब नतमस्तक नजर आते हे ।

## मां-बेटियों ने युवक को ब्लैकमेल कर ठगे 6 लाख रुपये

**बुढ़ाना।** एक महिला ने अपनी दो पुत्रियों की मदद से संभ्रांत परिवार के एक युवक को ब्लैकमेल कर 6 लाख रुपये ठग लिए। अब महिला ने मुंह मांगी रकम न मिलने पर युवक के विरुद्ध बुढ़ाना पुलिस मे तहरीर दी। युवक के घर पुलिस गयी तो युवक ने सुसाइड करने का ऐलान कर परिजनों को सकते में डाल दिया और फरार हो गया। उधर परिजनों ने मय सबूत के महिला व उसकी दोनों पुत्रियों के विरुद्ध तहरीर देकर पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की।

**सूचना**

मेरे पुत्र दारेन असकरी जैदी के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम असमा जहरा जैदी दर्ज है, जोकि गलत है। मेरे आधार कार्ड सं0 9896 5587 7450 के अनुसार मेरा नाम असमा जैदी है, जो कि सही है। विद्यालय रिकॉर्ड में मेरा नाम असमा जैदी दर्ज किया जाये।

**असमा जैदी**
**पत्नी नदीम अब्बास जैदी**
निवासी: ग्राम ककरौली, तहसील जानसठ, जिला-मुजफ्फरनगर

## महिला से छेड़छाड़, विरोध करने पर पति-पत्नी से मारपीट

**भोपा।** पीड़ित महिला ने बताया कि उसका मायका झारखंड में है और वह अपने पति के साथ गांव में रहकर खेती करती है। बीते गुरुवार की दोपहर वह खेत में काम कर रही थी। तभी गांव का ही एक युवक वहां पहुंचा और उस पर बुरी नीयत से दबाव बनाने लगा। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला के शोर मचाने पर पास के ही खेत में काम कर रहे उसके पति मौके पर पहुंचे। पति ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।महिला का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी कई बार उसके साथ छेड़छाड़ कर चुका है। महिला ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र **शाहरुख** मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है व गलत संगत में पड़ गया है। उसने समरीन नाम की महिला से कोर्ट मैरिज कर रखी है। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनो के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्री यूसुफ पुत्र मुनफैत**
निवासी 418, ग्राम दतियाना, थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर।

**सूचना**

**एम.एस.एस.के.डी.डिग्री कॉलेज ( स्ववित्त पोषित ) मोरना मु. नगर**
**आवश्यकता है**

यू.जी.सी./शासन विश्वविद्यालय द्वारा अर्ह अभ्यर्थियों से नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. **बी.ए. राजनीतिशास्त्र:** 1 पद

2. उपरोक्त पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति एवं नवीनतम फोटो सहित दिनांक 01-06-2025 तक आवेदन करें।

ई-मेल : msskd102@gmail.com

**मदनपाल सिंह, सचिव**
**सचिव मो.-9719685617**
**प्राचार्य मो.-9319244992**

## जानसठ के क्रिकेट खिलाड़ी सैय्यद मौहम्मद अली खां को 11 लाख में खरीदा

**मुजफ्फरनगर।** बेंगलुरु वारियर क्रिकेट टीम ने कस्बे के रहने वाले क्रिकेट खिलाड़ी सैय्यद मोहम्मद अली खां को 11 लाख रुपयों में खरीदा है। परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इडिया लीजेंड्स एंड यंग क्रिकेट लीग-2025 का ट्रायल 14 मई को गाजियाबाद में आयोजित किया गया, जिसमे विभिन्न प्रदेशों से आए हुए प्रतिभागी क्रिकेट खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जानसठ कस्बे के खिलाड़ी सैय्यद मोहम्मद अली खां पुत्र अथर अली खां ने भी हिस्सा लिया था, जिसका आक्शन 16 मई को नोएडा में आयोजित हुआ। वहीं बेंगलुरु वारियर क्रिकेट टीम ने 11 लाख रुपयों में खिलाड़ी सैय्यद मोहम्मद अली खां को खरीदा।

खिलाड़ी सैय्यद मोहम्मद अली खां का बेस प्राइस पांच लाख रुपये था। खिलाड़ी ने बताया कि उन्होंने क्रिकेट खेल की शुरूआत कस्बे में स्थित डीएवी इंटर कॉलेज के मैदान से की थी। इसी मैदान में उन्होंने कई क्रिकेट मैच खेले। इसके अलावा उन्होंने नोएडा की आशीष नेहरा एकेडमी में क्रिकेट खेलने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने दिल्ली और नोएडा में भी कई क्रिकेट मैच खेले हैं। उन्होंने बताया कि इंडिया लीजेंड्स एंड यंग क्रिकेट लीग-2025 मैच माह जून में उत्तराखंड में खेले जाएंगे। इन मैचों में बेंगलुरु वारियर क्रिकेट टीम में क्रिकेट खिलाड़ी सैय्यद मोहम्मद अली खां भी खेलेंगे। इस खबर को सुनते ही कस्बे के अलावा आसपास क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। शनिवार को परिवार के लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। खिलाड़ी सैय्यद मोहम्मद अली खां को बधाई देने वालों का उनके मकान पर लोगों का तांता लगा हुआ है।

## बाइक सवार को अज्ञात हमलावरों ने मारपीट कर किया घायल

**भोपा।** देर शाम बाइक द्वारा घर लौट रहे युवक पर अज्ञात हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव नगला बुजुर्ग निवासी शादाब ने बताया कि शनिवार की देर शाम वह मुजफ्फरनगर से अपने घर लौट रहा जैसे ही पीड़ित कासमपुरा गुरुद्वारे के पास पहुंचा तभी दो बाइकों पर चार अज्ञात लोगों ने रोक लिया और नाम पुछते ही थप्पड़ मुक्कों व हाथ में पहनने वाले कड़े से मारपीट करनी शुरू कर दी राहगीरों ने हमलावरों से मेरी जान बचाई पीड़ित ने ने अपनी जान का खतरा बताते हुए पुलिस से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कारवाई की मांग की है।

# बीआईटी में फेयरवेल कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**मीरापुर।** भगवंत इंस्टिटड्ट ऑफ फार्मेसी में बी.फार्मा और डी.फार्मा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक भावुक और भव्य फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम संयोजिका मिस अंशिका अग्रवाल की देख रेख में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस विशेष अवसर पर मिस फेयरवेल का खिताब वानी चौधरी को और मिस्टर फेयरवेल का खिताब सुहैल को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ. सचिन कुमार ने की।

साथ ही निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, उपनिदेशक डॉ. अजय गुप्ता, सहायक निदेशक डॉ पुष्पनिल वर्मा, जीएम फाइनेंस दुष्यंत कुमार,डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ आदित्य शर्मा, फार्मेसी विभागध्यक्ष डॉक्टर पुनीत कुमार भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उनके जीवन में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। फेयरवेल कार्यक्रम को सफल बनाने में मेघा कटारिया, विकास भारद्वाज, मिस भारती, खुशबू चौधरी , सरिता, रविंद्र कुमार सुनील कुमार विशाल कुमार आकाश सैनी, अंकुर चंद्रा, पूवानन, नाजिया बेगम का विशेष सहयोग रहा। छात्रों ने गीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी यादें साझा कीं और शिक्षकगणों के प्रति आभार व्यक्त किया।




**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स.7946/05.09.17 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम आरुषी अंकित नही कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**मदनपाल पुत्र खड़क सिंह**
**70 ए सिसौना,**
**जनपद मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स. 7061/08.08.11 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम वर्णिक शर्मा अंकित नही कराया गया था। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**मोहित कुमार पुत्र ब्रजपाल शर्मा**
**भदौड़ा, जनपद शामली**

**सूचना**

मेरी पुत्री नेहा के जन्म प्रमाण संख्या-बी-2023:9-90020-006541 पंजीकरण दिनांक 09.08. 2023 में नियमो की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा नेहा के पिता का नाम उस्मान (USMAN) अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम मौ0 उस्मान (MOHD USMAN) है, मेरे समस्त शैक्षिक रिकार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक खाते में भी मौ. उस्मान (MOHD USMAN) ही अंकित है। मुझे मौ0 उस्मान (MOHD USMAN) के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है।

**मौ० उस्मान पुत्र मौ० इसरार**
**निवासी म.न. 1009/327,**
**दक्षिणी खालापार,**
**थाना खालापार**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# धारदार हथियारों से हमला कर युवक को किया घायल

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम तुल्हेड़ी में खेत पर काम कर रहे एक युवक और उसके भतीजे पर जानलेवा हमला कर दिया गया। हमलावरों ने धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला किया और मौके पर तमंचे से फायरिंग कर दी, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

ग्राम तुल्हेड़ी निवासी मोन्टी पुत्र फुल सिंह ने बताया कि वह अपने भतीजे मोनित पुत्र किरणपाल साथ खेत पर ज्वार बो रहा था। तभी गांव के ही सतीश पुत्र भोन्दू, बिट्टू, गौरव, अनिकेत, लल्ला पुत्रगण सतीश, दीपू व धर्मपाल वहां पहुंचे। ये सभी हाथों में धारदार हथियार, लाठी-डंडे, देशी तमंचे और चाकू लिए हुए थे। बताया गया कि उन्होंने पहले गाली-गलौज की, और मना करने पर हमलावर हो गए। अनिकेत ने बलकटी से सिर पर वार किया, जबकि दीपू ने दरांती से और लल्ला ने चाकू से हमला किया। बिट्टू ने तमंचे से फायर किया, हालांकि वह बाल-बाल बच गए। बाकी हमलावरों ने लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा।

शोर सुनकर आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर दोनों की जान बचाई। जाते-जाते हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को थाना पुलिस द्वारा सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसके भतीजे को गंभीर हालत को देखते हुए मुजफ्फरनगर रेफर किया गया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर गोविन्द पुत्र सलीस ने बताया कि 9 मई को उसका भाई अभिषेक अपने खेत पर काम करने गया था उसी दौरान खेत में आंधी से एक यूकेलिप्टिस का पेड टूट कर अभिषे के खेत में गिर गया जिसे तेजवीर जबरन उठाकर अपने खेत में ले जा रहा था विरोध करने पर तेजवीर, रवि मोंटी पुत्रगण फूल सिंह, रोहित, मोनित पुत्रगण किरण पाल व वीरचंद ने लाठी डंडो से अभिषेक को घायल कर दिया। पीडित के भाई गोविन्द ने थाने में हमलावरो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## प्रशिक्षण में किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी दी

**मीरापुर।** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम शिवपुरी, न्याय पंचायत कसमपुर खोला में गन्ना पर्यवेक्षक रविकांत द्वारा न्याय पंचायत स्तरीय कृषक प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य गन्ना किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को गन्ना उत्पादन में उपयोग होने वाली विभागीय सहायता, चीनी मिलों द्वारा उपलब्ध कृषि निवेश, उन्नत बीजों का चयन, जैव उर्वरक व कीटनाशकों का प्रयोग, समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ट्रेंच विधि द्वारा गन्ने की बुआई, सहफसली खेती, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, नैनो यूरिया व डीएपी के लाभ और एफएमबी (फार्म मशीनरी बैंक) में उपलब्ध आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सौवीर सिंह उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में सहकारी गन्ना विकास समिति रामराज के सचिव प्रभारी सुभाष चंद्र यादव और टिकौला चीनी मिल के गन्ना विकास प्रमुख दिनेश अग्रहरि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। साथ ही मास्टर ट्रेनर रामवीर सिंह, रणधीर कर्णवाल, कुलदीप राजपूत, गन्ना पर्यवेक्षक शिव प्रताप, कुलभूषण एवं अन्य फील्ड कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## बूथ कमैटियां तैयार करने के बारे में जानकारी दी

**बुढाना।** शनिवार की देर सायं बुढ़ाना कस्बे के कैनरा बैंक के समीप स्थित आजाद समाज पार्टी कांशीराम के नये जिला प्रभारी संतलाल सागर के आवास पर बूथ कमेटी के विषय में जोरदार चर्चा हुई। जिसमें मौजूद सभी कार्यकर्ताओं को समझाया गया कि बूथ कमेटी कैसे तैयार करें और पार्टी के मुखिया और नगीना लोकसभा क्षेत्र के पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण के हाथों को कैसे मजबूत करें और भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से जिला प्रभारी संतलाल सागर, नगर प्रभारी बुढ़ाना अनुज जाटव, विधानसभा उपाध्यक्ष शेखर और सेक्टर अध्यक्ष राहुल कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 351 उपभोक्ताओं की समस्याएं निपटाई

**मुजफ्फरनगर।** अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार यादव ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को अवगत कराया है कि जनपद मुजफ्फरनगर में जिला स्तर पर दिनांक 15, 16 एवं 17 मई 2025 को मुख्य अभियन्ता (वितरण) क्षेत्र, मुजफ्फरनगर के निर्देशन में विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, नुमाईश ग्राउण्ड, मुजफ्फरनगर के कैम्पस में एक वाणिज्यिक मेगा कैम्प का आयोजन किया गया था। उक्त वाणिज्यक मेगा कैम्प के अन्तर्गत उपभोक्ताओं के बिल संशोधन, नये संयोजन निर्गत करना, लोड बढ़ाना, मीटर बदलना, विद्युत बिल जमा कराने एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं के निस्तारण किया गया है, आज तक उक्त कैम्प में 351 उपभोक्तओं की समस्याओं का निस्तारण किया गया है।

## दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं पर किया हमला

**बुढ़ाना।** विरेन्द्र सैनी पुत्र मवासी राम निवासी मोहल्ला शाहवाडा नदी मंदिर रोड बुढाना ने कोतवाली बुढाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 15 मई को मैं और मेरे परिवार के लोग अपने घर पर मौजूद थे। तब गोलू पुत्रा शेखर निवासी योगपुरा रोड बुढाना किसी की ई रिक्शा लेकर हमारे घर के बाहर आया तथा ई रिक्शा को वहीं खडा कर दिया। जब मैने गोलू से ई रिक्शा को हटाने को कहा तो गोलू, शेखर, अंकुश, कुन्नू, मयंक और अविनाश कटारिया अपने साथ 6-7 अज्ञात व्यक्तियों को लेकर उसके घर मे घुस आये तथा उससे और उसके परिवार के साथ गाली गलौच करते हुए लाठी डन्डो से मारपीट की तथा सुमन सैनी पत्नी विरेन्द्र सैनी और शुभम सैनी पुत्रा विरेन्द्र सैनी के ऊपर चाकू से हमलाकर उन्हे घायल कर दिया। जिसमें उसके कंधे व आशीष सेनी के हाथ की हढी में फैक्चर हो गया। जिसमें परिवार के अन्य सदस्यो सुशीला सैनी और कोशल सैनी को भी चोटें आई। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग इकठा हो गये जिन्हे देखकर शेखर व उसके पुत्र अन्य साथी मौके से भाग गये।

# छात्र की चोटी काटने का आरोप, तहरीर देकर कार्यवाही की मांग

**मुज़फ्फरनगर।** कक्षा 6 के एक छात्र के परिजनों ने स्कूल की मुस्लिम शिक्षिका पर छात्र की चोटी (शिखा) काटने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया।

अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। छात्र के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर शिक्षिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला तितावी क्षेत्र के गांव काजीखेड़ा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का है। करीब 20 दिन पहले देवांश नामक छात्र का इस स्कूल में कक्षा 6 में दाखिला हुआ था। परिजनों का आरोप है कि स्कूल की शिक्षिका फरहाना देवांश को तिलक लगाने और चोटी रखने से मना करती थीं। परिजन बताते हैं कि जब भी देवांश तिलक लगाकर स्कूल जाता था, तो शिक्षिका उसका तिलक मिटा देती थीं। देवांश ने यह बात कई बार घर पर भी बताई।

आरोप है कि आज शिक्षिका फरहाना ने देवांश की चोटी का कुछ हिस्सा काट दिया। इसकी जानकारी छात्र ने घर आकर परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन देवांश को लेकर स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचने पर जब परिजनों ने शिक्षिका फरहाना से इस विषय में बात की, तो उनका व्यवहार परिजनों के प्रति भी ठीक नहीं रहा। इसके बाद शिक्षिका ने देवांश का नाम स्कूल से काटकर उसकी टीसी द्धस्थानांतरण प्रमाणपत्रऋ परिजनों को सौंप दिया।

इस पूरी घटना के बाद परिजन थाने पहुंचे और शिक्षिका के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग ने भी शिक्षिका फरहाना के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। वहीं, शिक्षिका फरहाना का कहना है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। ऐसी कोई घटना नहीं हुई है, स्कूल में सभी लोग मौजूद थे। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया। जब इस मामले पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जांच कराकर कार्यवाही करने की बात कही है।

# किड्ज़ी में मदर्स गेट-टुगेदर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी स्थित किड्ज़ी प्ले स्कूल में माताओं का बच्चों के जीवन में महत्व विषय पर एक विशेष मदर्स गेट-टुगेदर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला, जिसमें सभी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता दिखाई।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा अपनी माताओं के लिए सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें नृत्य, गीत, कविताएँ और छोटे नाटड-अंश सम्मिलित थे। बच्चों ने अपनी मासूम अभिव्यक्तियों से यह स्पष्ट किया कि एक माँ उनके जीवन का सबसे सशक्त स्तंभ है।

विद्यालय की डायरेक्टर चारू भारद्वाज ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक माँ ही अपने बच्चे की पहली शिक्षक होती है, और उसका जीवन में योगदान अतुलनीय होता है। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सौम्या अरोड़ा जी ने सभी माताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए उनके



सहयोग और सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु विशेष अतिथि के रूप में मिलैन्यमस् मॉम की सह संस्थापक सोनल सुनेजा एवं मानसी मदान तथा केंद्रीय सदस्य अनुराधा मलिक एवं किन्नी गोयल के साथ सीमा भारद्वाज जोकि अपने एन जी ओ का संचालन करती हैं भी उपस्थित रही। सभी ने कार्यक्रम की खूब बढ़ चढ़ कर सराहना की । इस कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शैक्षिक समन्वयक संचालिका प्रीति त्यागी और गतिविधि प्रभारी सना के नेतृत्व में समस्त शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं की भूमिका को समझना और उनके योगदान को सम्मानित करना था। इस आयोजन ने विद्यालय और माता-पिता के बीच समन्वय को और अधिक सशक्त किया और बच्चों के मन में मातृत्व के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना को और गहराया।

## युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गये युवक

**मीरांपुर।** मीरापुर क्षेत्र में एक इमामबारगाह में युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए चार युवकों की पिटाई का मामला सामने आया है। शनिवार की देर शाम को यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

वीडियो में दिख रहा है कि स्थानीय लोग युवकों को पीट रहे हैं। युवती के अनुसार, चारों युवक उसे धोखे से धार्मिक स्थल में ले गए थे। धार्मिक स्थल के पास रहने वाले कुछ युवकों को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने युवती और चारों युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। वीडियो में मीरापुर के चेयरमैन और कुछ सभासद भी नजर आ रहे हैं। चेयरमैन को धार्मिक स्थल की चाबी देने वाले युवकों को फटकार लगाते हुए देखा गया। सीओ जानसठ यतेंद्र नागर ने बताया कि पुलिस ने वीडियो का संज्ञान ले लिया है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम व सीओ के आश्वासन पर दंपति का किया अंतिम संस्कार

**बुढ़ाना।** पोस्टमार्टम होने के बाद जैसे ही दम्पत्ति का शव उनके गांव खानपुर पहुंचा तो मृतकों के बच्चों में चीख पुकार मच गयी। मुआवजे की मांग को लेकर कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप और भाजपा नेता इंजिनियर देवेंद्र सिंह ने शव का अंतिम संस्कार मुआवजा मिलने के बाद ही करने की बात कही। बाद में मौके पर पहुंचे एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती और सीओ गजेंद्र पाल सिंह उच्च अधिकारियो के निर्देश पर गांव खानपुर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर सायं 04 बजे के आसपास दोनों शवों का अंतिम संस्कार कराया। बताया जाता है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्रा के गांव खानपुर निवासी कपिल कश्यप अपनी पत्नि ममतेश को बाईक पर बिठाकर मुजफ्फरनगर लेकर किसी डाक्टर के यहां पर बीती शुक्रवार के दिन पटी कराने ले जा रहा था। तब शाहपुर थाना क्षेत्रा के गांव नया किनौनी गेट के पास किसी कार से टक्कर लगकर दोनों पति पत्नि की मौत हो गयी थी। पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए भेजकर शाहपुर पुलिस ने आरोपी कार चालक का पता चलने के बाद भी अज्ञात में ही रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया था और उन्होंने जाम लगाने की चेतावनी दी थी। तब सीओ ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत किया था। आज जैसे ही पोस्टमार्टम के बाद दोनों पति पत्नि कपिल और ममतेश के शव गांव खानपुर में आए तो मृतक के तीन मासूम बच्चों में चीख पुकार मच गयी। मृतकों के बच्चों का कोई भी सहारा नही होने पर कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप व भाजपा नेता इंजिनियर देवेंद्र सिंह ने प्रशासन से मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की तो एसडीएम, सीओ ने आश्वासन देकर शवों का अंतिम संस्कार कराया। इस दौरान कश्यप एकता क्रांति मिशन संगठन के जिला अध्यक्ष सोनू कश्यप बरवाला, उपेन्द्र कश्यप, अमित कश्यप, बोबी कश्यप, महक कश्यप, रोहित कश्यप, अंकित हरसौली व सचिन कश्यप आदि लोग मोजूद रहे।

## बिजली विभाग पर बड़ा घोटाले का आरोप

**खतौली।** बिजली विभाग की लापरवाही और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें उपभोक्ता द्वारा पूरा बिल समय पर जमा कराने के बावजूद विभाग ने 26,321 रुपये का बकाया बिल भेज दिया। शिकायतकर्ता मंशाराम पुत्र कृष्ण पाल, निवासी टिटोड़ा ने बताया कि उन्होंने बिजली विभाग द्वारा भेजे गए 17,144 रुपये के बिल का पूरा भुगतान कर दिया था। इसके बावजूद विभाग की ओर से उन्हें बकाया राशि के रूप में 26,321 रुपये का नया बिल भेजा गया। इससे आहत होकर मंशाराम ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी को शिकायत पत्रा सौंपा। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई और बिल की जांच कर उसे सही करने के निर्देश दिए। पीड़ित मंशाराम का आरोप है कि यह विभागीय लापरवाही नहीं, बल्कि एक सुनियोजित धोखाधड़ी है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि इस तरह के मामलों की गहन जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# डॉक्टरों ने सीखी आधुनिक चिकित्सा तकनीक

## इंडियन मैडिकल एसोसिएशन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने चिकित्सा की आधुनिक तकनीक की जानक. ारी के लिए सर्कुलर रोड स्थित आईएमए भवन में एक चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। आईएमएस के मीडिया प्रभारी डा. सुनील सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए अध्यक्ष डा. सुनील चौधरी और संच. ालन डा. अनिल कक्कड़ ने किया। सचिव डा. मनोज काबरा ने अतिथियों का आभार जताया। फोर्टिस हॉस्पिटल से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. संजीव गेरा ने रिसेंट एडवांसेज इन एंजियोप्लास्टी विषय पर व्याख्यान दिया और चिकित्सकों को इसकी बारीकिया



समझाई। मीडिया प्रभारी डा. सुनील सिंघल, डा. यश अग्रवाल, डा. डी एस मालिक, डा. एम के बंसल, डा. एम आर एस गोयल, डा. रमेश माहेश्वरी, डा. आर एन गंगल, डा. ईश्वर चन्द्रा, डा. आमोद कुमार, डा. अनिल सिंह, डा. पंकज जैन, डा. सत्यम राजवंशी, डा. अनुभव सिंघल, डा. अनिल राठी, डा. मनीष अग्रवाल, डा. अखिल गोयल, डा. पी के चाँद, डा. अशोक शर्मा, डा. रवींद्र जैन, डा. हेमंत शर्मा, डा. पंकज अग्रवाल, डा. डी पी सिंह, डा. विनीत मिनोचा, डा. अजय सिंघल, डा. डी के शर्मा, डा. पंकज सिंह, डा. राजीव काम्बोज, डा. अरविंद सैनी, डा. सुजीत कुमार सिंह, डा. ललिता माहेश्वरी, डा. निशा मलिक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतुल कुमार व दीपक कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# जीडी गोयनका में स्वीमिंग पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नन्हे-मुन्हे बच्चों के लिए स्कूल में ही बने स्विमिंग पूल में पूल पार्टी का आयोजन किया गया। संगीत की धुनों के बीच नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने पूल के ठंडे पानी में अपने टीचर के साथ जमकर मस्ती की। तैराकी के बाद बच्चों ने अपनी कक्षाओं में फल व् अन्य खाद्य पदार्थ, जूस आदि का सेवन कर पिकनिक का आनंद लिया।

प्रधानाचार्या डॉक्टर ऋचा तिवारी दीवान जी ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से मन तरा. ेताजा रहता है तथा बच्चों के मान.




सिक विकास में ऊर्जा का संचारण होता है। बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के अच्छे माहौल के लिए यह जरूरी है कि इस प्रकार की गतिविधियाँ समय-समय पर होती रहनी चाहिए। इस कार्यक्रम के आयोजन से छात्रों के अभिभावक भी उत्साहित हुए।

## समाजसेवी आजाद बंसल की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**मीरापुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी आजाद बंसल की चौथी पुण्य तिथि पर बडी संख्या में लोगो ने पुष्प अर्पित कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी। रामराज निवासी आजाद बंसल की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर सिद्धपीठ शिव मंदिर फिरोजपुर के परिसर में हवन पूजन कराया गया तथा उन्हे पुष्पो के द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि देकर उनके कार्यो, विचारो व समाजसेवा को याद किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर रोहित बंसल, राकेश बंसल, राहुल बंसल व इनके परिजन तथा जिला पंचायत अध्यक्ष मेरठ गौरव चौधरी, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, ब्लाक प्रमुख जानसठ नरेन्द्र सिंह, धनेश बंसल, डा. संदीप रस्तोगी, पंकज संगल, हरिओम, सुंदर प्रधान, शिवम अरोरा, मोहित बंसल, मनिन्दर पाल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मेरठ, डा. शिवलाल, वासुदेव शर्मा, दीपक कृष्णोत्रय, सुदर्शन गोयल, विपिन मनचंदा, विनीत शर्मा बब्बू आदि लोगा उपस्थित रहे। गौरतलब है कि आजाद बसंल का जन्म 15 अगस्त सन 1947 को हुआ था जिस कारण इनके परिजनो ने इनका नाम आजाद बंसल रख दिया था। कोरोना काल 2021 में इनकी मृत्यू हो गई थी।

## मजूदरी के रुपये मांगने पर युवक से मारपीट

**मीरापुर।** रामराज थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी युवक को मजदूरी के रूपये मांगने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा उसकी बाईक भी क्षतिगस्त कर दी गई।

रामराज थानाक्षेत्र के नयागांव निवासी गौरव पुत्र रामकुमार मोहित पुत्र राजेन्द्र के पास मजदूरी का कार्य कर रहा था। काम करने के बाद 15 मई को अपनी मजदूरी के चार हजार रूपये लेने के लिए गौरव मोहित के घर पहुंचा तो गौरव ने मोहित, निकुल, बादल व सत्ते के साथ मिलकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया तथा उसकी बाईक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीडित ने मोहित, निकुल, बादल व सत्ते के विरूद्ध थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। घायल मजदूर को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थी पुरुस्कृत

**बुढाना।** श्री चौतन्य टेक्नो स्कूल में आईएनटीएसओ इंटरनेशनल ओलम्पियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार टैबलेट, स्मार्ट वॉच, ज्यामिति बॉक्स, बैग, मैडल एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों की प्रतिभा और परिश्रम की भूरि-भूरि सराहना की गई और साथ ही विद्यालय से कक्षा 10 उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी एक भावनात्मक विदाई के साथ प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। जिससे उन्हें आने वाले शैक्षणिक एवं जीवन पथ पर प्रोत्साहन प्राप्त हो।घ इस समारोह के मुख्य अतिथि रहे पीएनबी बुढ़ाना शाखा प्रबंधक सुचित यादव जिन्होंने अपने प्रेरणादायक विच. ारों के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, मेहनत और ईमानदारी के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई हमारे



माननीय शैक्षणिक एवं प्रशासकीय अधिकारियों ने।

एक्जिक्यूटिव एजीएम विक्रम रेढी, एजीएम वम्शी, एक्जीक्यूटिव डीन सनम बुसेरी, जोनल डीन चंद्रशेखर, रिजनल इंचार्ज कार्तिक गौर, प्रिंसीपल प्रतिभा गंगवार, एकेडमिक डीन मोहित कुमार। इस आयोजन में सभी कक्षा संचालन शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक मार्गदर्शन दिया बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार व आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में विकसित होने में सहयोग प्रदान किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि हर विद्यार्थी में एक विशेष प्रतिभा होती है।

हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें सही दिशा दिखाएं और आगे बढ़ने के अवसर दें। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा, उत्साह और सम्मान से परिपूर्ण रहा। विद्यालय परिवार सभी सम्मानित उपस्थितियों एवं विजयी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने स्पेल बी प्रतियोगिता में मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** सरधना स्थित 'सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल' में शनिवार को स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के लगभग 500 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की अंग्रेजी भाषा पर पकड़ और वर्तनी ज्ञान को परखना था।

इस प्रतियोगिता में 'सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल मीरापुर' के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप-2 कक्षा 9 और 10 में अवनी, अवनीका, मुस्कान और आबिदी की टीम ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। वहीं ग्रुप-3 कक्षा 11 और 12 में अंशिका, वाणी, साजमा और कीर्ति की टीम ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में शानदार जीत के बाद जब छात्र अपने विद्यालय लौटे, तो विद्यालय प्रांगण में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य सजी वर्गीस ने मिठाई और फूलमालाओं से विजयी छात्रों का सम्मान किया और पूरी स्कूल में उत्सव जैसा माहौल बन गया। प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागी छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम वर्क का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार परचम लहराने के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

## सांसद हरेंद्र मलिक ने सुनी क्षेत्र की जनसमस्या

**बुढ़ाना।** मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र मलिक ने आज शनिवार को लोक निर्माण विभाग बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित डाक बंगले पर पहुंचकर लोकसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को फोन पर समस्याओं के निस्तारण के लिए कहा। चौबीसी कछवाहा खाप के बाबा ठाकुर ठाठ सिंह ने बताया कि गांव जौला मे गोगामेडी है। जिसमे जाने का रास्ता 5 वर्ष से बहुत बुरी हालत में है। 10 बार प्रधान को बताया लेकिन वो रास्ता सही नहीं हुआ। एक रास्ता कालूराम के घेर से कुरालसी सीमा तक 350 मीटर कच्चा रास्ता है। जिसमें आप मिटी व ईंट का कार्य करा दें। दूसरी शिकायत गांव जौला में बैंक के पास जो रास्ता जौला में जा रहा है उक्त रास्ते पर बाबा गुलाम मोहम्मद जौला के नाम पर गेट बनवाया जाए। एक अन्य शिकायत में ग्राम हुसैनपुर कलां में नौशाद के घर से महराज के घर तक 100 मीटर सीसी, रहीस के घर से बाबु के घर तक 125 मीटर सीसी रोड बनवाने के अलावा 20 स्ट्रीट लाईटों की मांग की गयी है। यहां सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, डीसीडीएफ के पूर्व चौयरमेन सुबोध त्यागी, सपा विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान, सत्येंद्र पाल, अनेश निर्वाल, हारुण अली सिद्दीकी, एहसान कुरैशी, ताराबुद्दीन, जमियत उलेमा ए हिंद के जिला मीडिया प्रभारी मुहम्मद आसिफ कुरैशी, बालकिशोर त्यागी, अशरफ, मोबीन शेख, संयम पंवार, जीशान जौला, अनिल डबास आदि सपाई मौजूद थे।

## टीडी टीकाकरण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक

**बुढ़ाना।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. सोनू कश्यप ने शनिवार के दिन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना परिसर में स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया के निर्देश अनुसार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोनू कश्यप द्वारा आशा कार्यकत्रियों के साथ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा को लेकर बैठक की गई। जिसमें जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण, आभा आईडी बनाना, गर्भवती महिलाओं को दवाइयों का वितरण और उनका टीकाकरण, हाल ही में स्कूलों में हुए कक्षा 05 और कक्षा 10 के बच्चों के टीडी टीकाकरण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक की। जिसमें सभी को उत्ख्रष्ट कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। यहां पर सुषमा, प्रेरणा, रचना, शशि, पिंकी शर्मा, संगीता और साक्षी आदि आशा कार्यकत्री रही।

# एसडी मैनेजमेंट में छात्रों ने सीखे नवाचार के गुण

**मुजफ्फरनगर।**एस0डी0 कालेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज ने शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में इंस्टीटड्ूट इनोवेशन काउंसिल, एसडीसीएमएस द्वारा एमबीए विभाग के मार्गदर्शन में 5 दिवसीय छात्रा मेंटरशिप सह-अभिनव विचार प्रस्तुति का आयोजन किया गया।

एस0डी0 कालेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज ने शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में एसडीसीएमएस इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा एमबीए विभाग के मार्गदर्शन में 5 दिवसीय छात्रा मेंटरशिप सह अभिनव विचार प्रस्तुति का आयोजन किया है। कार्यक्रम के अन्तिम 5वें दिन एसडीसीएमएस के छात्रों ने अपने अभिनव व्यवसाय और प्रौद्योगिकी आधारित विचारों को सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया ।

इस अवसर पर एसडीसीएमएस के प्राचार्य डॉ आलोक कुमार गुप्ता ने छात्राों को आर्थिक रूप से व्यवहार्य उद्यम स्थापित करने के लिए नए व्यावसायिक विचारों का नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। एसडीसीएमएस के इनक्यूबेशन मैनेजर मुकुल जैन ने छात्राों को संबोधित किया और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के साथ नवप्रवर्तकों के साथ नवाचार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। एमबीए और एमसीए विभागों के संकाय सदस्य व 30 से अधिक छात्रा उपस्थित रहें, जिसमें से 15 से अधिक छात्राों ने अपने अभिनव विचार प्रस्तुत किए एवं लक्ष्य बाजार का निर्धारण मांग सुनिश्चित करना, मांग मापना, समस्या - समाधान फिट और उत्पाद - बाजार फिट (पीएमएफ) प्राप्त करना स्टार्टअप या नए उत्पाद विकास के जीवनचक्र में दो प्रमुख मील के पत्थर हैं मजबूत प्रतिक्रिया ही आपका समाधान समस्या को अच्छी तरह से हल करता है और पीएसएफ हासिल करने के लिए, स्टार्टअप को यह पुष्टि करने की



जरूरत है कि समस्या मौजूद है और इसे हल करने लायक है। यह बाजार अनुसंधान करके, वास्तविक दुनिया के डेटा और फीडबैक एकत्रा करके और समस्या की परिकल्पना बनाकर किया जा सकता है। इस अवसर पर एमबीए / एमसीए के संकाय सदस्य रितू मित्तल, डा. विभूति अग्रवाल, पारूल कुमार, देवेश गुप्ता, महिमा मंगल, आदित्य कश्यप, आस्था सिंघल, तुषार भारद्वाज, डा. अनम जैद, डा.नितिका सिंह, प्रशान्त तोमर, जितेन्द्र कुमार, अंकुर अग्रवाल, अन्नु त्यागी, आशीष कुमार, उमंग शर्मा, आयुष गुप्ता, अन्जना शर्मा, अनुराग सैनी, डा. संदीप गर्ग, रश्मि कौशिक व रवि भार्गव आदि समस्त शिक्षकगण व छात्रा / छात्राायें उपस्थित रहें।

# जीवन मानवता की भलाई के लिए लगाएं: मौलाना

**तितावी।** शनिवार को दरगाहे आलिया बघरा में मजलिस का तीसरा दिन रहा । पहली मजलिस मोलाना शमशाद काज़मी ने पढ़ी मोलाना ने कहा कि जीवन को संयम से जीना चाहिए । जीवन को दूसरों के प्रति समर्पित किया जाना चाहिए । हमारा जीवन मानवता की भलाई के लिए होंना चहिये । दूसरीं मजलिस मोलाना डॉक्टर यासूब अब्बास साहब ने खिताब फरमाई । मोलानां ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या बन गयी हैं जिसमे समस्त देशो को इसके विरुद्ध लड़ना होगा।

उन्होंने कहा की पहलगाम की जो दुर्भाग्य पूर्ण घटना है उसकी हम पुरजोर निंदा करते है साथ ही पहलगाम के दोषियों को गिरफ्तार कर मृत्यु दंड दिया जाना चाहिए । हमारी सेना ने जो पाकिस्तान में घुसकर उसे धूल चटाई वो काबिले तारीफ है । हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है।



मोलानां ने हज़रत अब्बास ( अ. स.) के मसाहिब पढ़े जिसे सुनकर शिया सोगवार ज़ार ज़ार रोने लगे। तीसरी मजलिस मोलानां आलिम साहब ने खिताब फरमाई मोलानां ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग विश्व की बड़ी समस्या बन चुकी हैं। आज के दौर में हमे फ़सलता विविधताकरण अपनाकर खाद्य उत्पादन को बढ़ाना चाहिए। जैविक खेती को प्रोत्साहित करना चाहिए । ये हमारे लिए उत्तम है। मोलानां ने बाद में इमाम हुसैन (अ. स.; के मसाहिब पढ़े जिसे सुनकर शिया सोगवार ज़ार ज़ार रोने लगे । शहर मुफ़्ती जुल्फिकार अली व कमेटी के पदाधिकारीयो ने पहलगाम के शहीदों को श्रंद्धाजलि अर्पित की । इस मौके पर रियासत अली, सचिव इमरान अली, रिज़वान प्रधान,ओ नु, मोहमद वारिस सदर निसार अहमद मौजूद रहे ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# यूपी सिडको के निर्माणाधीन कार्यो की जांच को पहुंचे वाईपी सिंह





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल शामली के सभागार में पहुंचकर आज माननीय अध्यक्ष यू.पी. सिडको वाई.पी. सिंह द्वारा जनपद में चल रहे यू.पी. सिडको के निर्माणाधीन कार्यो एवं प्रस्तावित कार्यों की मुख्य विकास अधिकारी व अधिशासी अभियंता यूपी सिडको से समीक्षा की गई।

आयोजित बैठक में अधिशासी अभियंता यूपी सिडको द्वारा अध्यक्ष को निर्माणधीन कार्यों के बारे में अवगत कराया कि 18.35 करोड़ की लागत से 50 बेडेड क्रिटिकल केयर सेंटर, 44.29 करोड़ की लागत से जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय ऊन, व 9.47 करोड़ की लागत से महिला पॉलिटेक्निक न्यू ब्लॉक निर्माण कार्य का निर्माण चल रहा है। बैठक में समीक्षा करते हुए अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी निर्माणाधीन कार्यो को मानक के अनुसार उच्च गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण करने के कड़े निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में क्वालिटी के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष द्वारा अधिशासी अभियंता से प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध जानकारी प्राप्त की गई जिसमें अधिशासी अभियंता द्वारा लगभग 50 करोड़ की लागत के प्रस्तावित 6 निर्माण कार्यों जिसमे जनपद शामली में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय ऊंचागांव परगना कैराना का निर्माण कार्य, पुलिस अधीक्षक आवासीय भवन का निर्माण कार्य, जिला होमगार्ड कार्यालय का निर्माण कार्य, थाना भवन में रा. औ. प्र. संस्थान के आधुनिक प्रशिक्षण कक्ष का निर्माण कार्य, संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य, कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबंधन एवं उपनि. बंधक सदर का निर्माण कार्य के बारे में अवगत कराया। बैठक में जानकारी प्राप्त करते हुए अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जब भी कोई निर्माण कार्य प्रारंभ हो उसका शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित कर उसमें जनप्रतिनिधियों को बुलाया जाए। ताकि सरकार इतना काम कर रही है उनका जनता को पता चल सके। उन्होंने निर्देशित किया कि दिए गए निर्देशों के अनुपालन में यदि कहीं खामियां मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया कि जब भी उनका आगामी दौरा होगा संबंधित कार्यदाई संस्था के साथ-साथ जिन-जिन विभागों की बिल्डिंग बन रही है उनके अधिकारी भी निरीक्षण के समय साथ रहेंगे। उन्होंने जिन विभागों की बिल्डिंग बन रही है उनको भी समय-समय पर अपनी बिल्डिंग का निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के उपरांत माननीय अध्यक्ष यूपी. सिडको वाईपी सिंह द्वारा 18.35 करोड़ की लागत से 50 बेडेड क्रिटिकल केयर सेंटर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त की गई। जिसमें संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य प्रारंभ तिथि 01 जुलाई 2024 व कार्य समाप्ति की तिथि 30 अक्टूबर 2025 है। निरीक्षण के समय माद्द अध्यक्ष द्वारा निर्माण कार्य की गुणवत्ता को चेक किया और अवशेष बचे हुए निर्माण कार्य को मानक. ानुसार उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के समय माननीय अध्यक्ष जी को बिल्डिंग में जहां भी कमी दिखी उसको ठीक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय अध्यक्ष महोदय द्वारा एसटीपी प्लांट लगाने पर भी सीडीओ के साथ चर्चा की और आवश्यकता कार्रवाई हेतु कहां गया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, सीएमएस डॉ किशोर आहुजा, अधिशासी अभियंता यूपी सिडको विनोद कुमार,राहुल सैनी, सहायक अभियंता,सहित आदि मौजूद रहे।

# गर्मी का प्रकोप बढ़ा, बाजारों में सुनसान



शामली। गर्मी में मुंह पर स्कार्फ लगाकर जाती छात्रा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढता जा रहा है। शनिवार को तेज धूप के साथ आसमान से बरस रही आग ने गर्मी के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड दिए है। पारा 40 डिग्री सैल्सियस पहुंच जाने से गर्म हवाऐं दिनभर लोगों के शरीर को झुलसा रही थी।

पिछले एक सप्ताह से लगामार गर्मी का प्रकोप बढता ही जा रही है। लगातार तापमान बढने से लोगों की मुश्किले बढती जा रही है। शनिवार को मौसम का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सैल्सियस पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक तापमान रहा। गर्मी का प्रकोप इस कदर था कि सवेरे से ही आसमान से आग बरसनी शुरू हो गई थी। सूरज की धूप की तपिश इतनी तेज थी कि मानों ऐसा लग रहा था कि सूरज धरती के करीब आ गया था। भीषण गर्मी के प्रकोप के चलते शामली शहर के बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। जिले के सरकारी कार्यालयों में फरयादियों की कमी रही। सरकारी कार्यालयों में अधिकारी खाली बैठे रहे। वही शहर के नया बाजार, कबाडी बाजार, गांधी चौक जैसे भीडभाड वाले बाजारों में ग्राहक नही पहुंचे। दोपहर एक बजे के समय बाजार बिलकुल खाली हो गए थे और दुकानदार खाली बैठे दिखाई दिए। दुकानदारों का कहना है कि प्रचंड गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए ग्राहक भी सुबह शाम ही बाजारों में निकल रहे है।

# शिक्षक की विचार गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कालेज में शनिवार को एक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसको एमएलसी चन्द शर्मा ने सम्बोधित किया। इसमे जनपद शामली के साथ-साथ मुजफ्फरनगर, सहारपुर और मेरठ जनपद के भी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बडी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ एमएलसी चन्द शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी चंद शर्मा ने कहा कि वित्तविहीन विद्यालयों व शिक्षकों की अनेक कठिनाईयों को प्रदेश की भाजपा सरकार ने सहानुभूति पूर्वक विचार कर के हल कर दिया है। जैसे मान्यता लेने सम्बन्धी परेशानी, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से सम्बन्धित समस्याएं आदि।

साथ ही कहा कि शिक्षकों और शिक्षा सम्बन्धी सभी समस्याओं के समाधान के लिए मैं हर समय तैयार हूं। जब भी आप मुझे बुलाएगें आऊंगा। मंच का संचालन सतीश आत्रेय एवं अनिल कुमार कश्यप ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सुशील कुमार गर्ग, राजीव संगल, नन्द कुमार कंसल, कृष्ण शर्मा,



सतीश गोयल, शिवाणु बंसल, पवन काम्बोज, संजय गोयल, सुरेश शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, घनश्याम सारस्वत, रामनाथ, शिवकुमार, महेशनारायण गौड़, प्रसून भार्गव, पंकज पाल, अनुज पाल, साकेत निर्वाल, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, सुमन शर्मा मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने सुनी जनसमस्याएं, ग्रामीणों ने रखे कई अहम मुद्दे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज जिलाधिक. ारी शामली, अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में तहसील शामली के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 52 शिकायती पत्र प्राप्त हुए प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 6 शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। और शेष शिकायतों के समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को



निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, तहसीलदार शामली प्रियंका जायसवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में ईदगाह भूमि विवाद का मामला उठा

**ऊन।** तहसील के गांव जिजोला में ईदगाह की भूमि को लेकर विवाद चल रहा है जिजोला के कुछ लोगों ने उक्त भूमि पर अपना हक जताते हुए विरोध किया है वहीं बल्ला मजरा के ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में पूरे प्रकरण की जांच करा कर ईदगाह के निर्माण कार्य को शुरू करने की मांग की है। गांव जिजोला में खसरा संख्या 192 से 6 बीघा भूमि गांव निवासी राफिया पुत्र फज्जर व उसके भाई शौकत पुत्र फज्जर ने ईदगाह को 23.8.2017 को दान में दी थी करीब 2 वर्ष पूर्व जिजोला के कुछ लोगों द्वारा उक्त भूमि पर अपना अधिकार जताते हुए विरोध किया था अब एक बार फिर उक्त लोगों ने भूमि पर अपना हक जताते हुए टेंट लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था ।इस संबंध में बल्ला मजरा के ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की है ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भूमि करीब 21 बीघा है जिसमें से 6 बीघा भूमि ईदगाह को दान की गई थी विरोध करने वाले लोगों पर 30 वर्ष पुराना बैनामा बताया जाता है जिसके आधार पर वह अपना हक जता रहे हैं उन्होंने अधिकारियों से वर्ष 93-94 में हुए बैनामा में भूमि की स्थिति स्पष्ट करने तथा ईदगाह की भूमि से लगाए गए टैंट को हटाकर निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है जिससे कि क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा कायम रह सके।शिकायत करने वालों में मुहब्बत, लीला, मंजूर, तौफीक आदि शामिल रहे।

### वन दरोगा पर रिश्वत लेने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

ऊन। संपूर्ण समाधान दिवस में वन दरोगा पर रिश्वत लेने के आरोप लगे हैं तीतरो निवासी किसान द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी को शिकायत कर वन दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। कस्बा तीतरो निवासी आकाश पुत्र धर्मवीर मोहल्ला अफगानान कला में संपूर्ण समाधान दिवस में वन दरोगा सत्एंद्र सिंह व कर्मचारी सुशील पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है ।आकाश का आरोप है कि वह अपने खेत से सूखे आम के पेड़ काटकर ट्रैक्टर ट्राली में गढी अब्दुल्ला में आरा मशीन पर शुक्रवार को चिरवाने हेतु ला रहा था रास्ते में वन दरोगा सत्एंद्र व कर्मचारी सुशील ने उन्हें रोक लिया तथा प्रार्थी के ऊपर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी पीडित ने सूखे हुए खराब पेड़ होना बताया लेकिन उन्होंने कोई बात नहीं मानी तथा 70000 रूपए की मांग की बाद में 44000 लेकर छोड़ दिया गया इसके बाद किसान ट्रैक्टर ट्राली लेकर चला गया इस संबंध में किसान ने वन दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की है इस संबंध में वन दरोगा सतेंद्र सिंह का कहना है कि आरोप निराधार है उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में अफसरों ने सुनी जनसमस्याएं

**कैराना।** तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष विभिन्न मामलों से सम्बंधित 29 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से मात्र पांच का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष शिकायती प्रार्थना-पत्रों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। शनिवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव ने की। इस दौरान भूमि विवाद, सरकारी चकरोड से अवैध कब्जा



हटवाने, वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी कराए जाने आदि विभिन्न मामलों से सम्बंधित 29 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र पांच शिकायती प्रार्थना-पत्रों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष शिकायती प्रार्थना-पत्रों को विधि अनुसार यथाशीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। वहीं, एसडीएम ने शिकायतों के धरातलीय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया है। इस दौरान एएसपी संतोष कुमार सिंह, एसीएमओ जाहिद त्यागी, सीओ कैराना श्यामसिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, ईओ कैराना समीर कश्यप समेत विभिन्न विभागों के अधिक. ारीगण मौजूद रहे।

### विद्युत विभाग की लापरवाही से ग्रामीण परेशान, समाधान दिवस में दिया प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के ग्राम खेड़की में बिजली व्यवस्था को लेकर शनिवार को ऊन तहसील में आयोजित समाधान दिवस में खेड़की निवासी मोहन पुत्र धर्मपाल ने बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर अधिक. ारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रार्थना पत्र में ग्रामीण ने बताया कि गांव में एक विद्युत खंभा लंबे समय से टूटा पड़ा है, जिसकी जानकारी कई बार गढ़ीपुख्ता बिजली घर से संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक खंभे को बदला नहीं गया। इससे ग्रामीणों की जान को खतरा बना हुआ है, खासकर बच्चों और किसानों के लिए यह खतरा और भी गंभीर हो गया है, जो दिनभर खेतों और गलियों में आवाजाही करते हैं।मोहन ने आगे बताया कि इससे पहले भी गांव में नई विद्युत लाइन के लिए खंभे लगाए गए थे, लेकिन कुछ पोल गलत स्थानों पर लगा दिए गए। ग्रामीणों द्वारा बार-बार अनुरोध के बावजूद न तो गलत खंभे हटाए गए और न ही उनकी स्थिति में कोई सुधार किया गया।

# पूर्व मंत्री ने किया सड़क का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** वर्षो से खराब पड़ी सड़क का पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने शनिवार को शिलान्यास किया। इस दौरान पास ही स्थित एक अन्य सड़क के निर्माण के लिए नागरिकों की मांग पर पूर्व मंत्री ने बनवाने का आश्वासन दिया।

थाना भवन नगर में स्थित लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज लाला लाजपत राय कॉलेज वेयर राजकीय डिग्री कॉलेज आदि विद्यालयों को जाने वाले मुख्य मार्ग का पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा के प्रयासों से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत निर्माण कराया जा रहा है। शनिवार पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने सड़क का शुभारंभ करते हुए शिलान्यास किया। मोहल्ला शा]वलयत में कालू की चक्की के आगे से होते हुए सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क



23 लाख 89 हजार रूपए की लागत से बनाई जाएगी। उक्त सड़क के निर्माण से जहां नागरिकों को मार्ग के बनने से लाभ होगा वही पडने वाले विद्यालयों में जाने वाले बच्चों को भी लाभ होगा। दिनेश सैनी, देवेन्द्र पंडित सभासद, सौरभ सिंगल ठेकेदार, कन्हैया सैनी सभासद, संजय कश्यप, विनोद सैनी सभासद, सुरेश सभासद, लाला सभासद, अथर सिद्दीकी सभासद पति, सुशील सभासद, अनिल, नीरज गोयल पाटी सभासद, राहुल सैनी, रविन्द्र उर्फ टीटू सभासद, श्रवण सैनी, जतिन, जावेद ठेकेदार, जयभगवान सभासद पति आदि मौजूद रहे।

### ट्रूकॉलर पर अब एआई से आपके मैसेज हो गए हैं और भी ज्यादा स्मार्ट

**मेरठ।** दुनिया में संचार के सबसे बड़ेप्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने हाल ही में एआई पर आधारित मैसेज आईडी की शुरुआत की है। ट्रूकॉलर में इनसाइट्स के प्रोडक्ट डायरेक्टर, जॉन जोसेफ ने कहा, इस नए फीचर में एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लार्ज लैंग्वेज मॉडल का उपयोगकिया गया है, जो आपके एसएमएस इनबॉक्स को आपके डिवाइस पर ही स्कैन करता है जिससे आपके मैसेज की गोपनीयता बनी रहती है और जरूरी बिजनेस मैसेज को तुरंत पहचान लिया जाता है। प्रीमियम और नॉन-प्रीमियम यूजर्स के लिए मैसेज आईडी में एआई को शामिल करके, हम लोगों को उनके जरूरी एसएमएस मैसेज को संभालने का ज्यादा स्मार्ट और अधिक सुरक्षित तरीका उपलब्ध करा रहे हैं।

# ठेकेदार पर गेहूं के कट्टों की गिनती कम बता धोखाधड़ी कर कम पैसे देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** गेहूं किसानों से गेहूं खरीदने गए ठेकेदार द्वारा गेहूं खरीदते समय भरे गए कट्टो की संख्या कम बता कर किसानों को उनके गेहूं के कम दाम देने का आरोप लगा पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर धोखाधड़ी का आरोप लगा कार्यवाही की मांग की है। किसानों ने ठेकेदार की सीसी फुटेज दिखाते हुए गेहूं के कट्टे कम बताने का सबूत भी पुलिस को दिया है।

थाना भवन नगर के मोहल्ला सैयददान निवासी मुस्तकीम व शाहिद सैफी ने थाने में तहरीर दी कि गत एक सप्ताह पूर्व पीड़ित के घर पर बबलू तोमर नाम का एक व्यक्ति गेहूं खरीदने के लिए आया था आरोप है कि आरोपी ने गेहूं खरीदने समय किसानों को धोखे से भरवा गए गेहूं के कट्टो की संख्या कम बढ़कर उनके गेहूं के पैसे किसानों को कम दिए जब पीड़ित किसानों ने अपने लागत का हिसाब लगाया तो गेहूं का हिसाब कब मिलने को लेकर जांच की गई किसानों ने अपने घर पर लगे सीसी कैमरे की जांच की तो पता चला गेहूं खरीदने आए ठेकेदार ने उनके साथ धोखा किया है बताया कि उन्होंने दिए गए अनाज के कट्टो की बराबर में रखे बचे हुए अनाज के कट्टो की गिनती की तो मुस्तकीम के 9 कट्टे और शाहिद सैफी के 15 कट्टे गेहूं कम पाए गए। बाद में जब सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, तो पता चला कि आरोपी बबलू ने तय मात्रा से अधिक गेहूं के कट्टे उठाकर ले लिए। किसानों का दावा है कि लगभग 24,000 रूपए कीमत का अनाज चोरी किया गया है। दोनों किसानों ने आरोपी बबलू तोमर के खिलाफ धोखाधड़ी चोरी से अनाज के कट्टे ले जाने का आरोप लगा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# खेत पर दबंगों का कब्जा, गन्ने की फसल को रौंदने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मालैंडी निवासी संगीता पत्नी खीन्त्र ने आरोप लगाया है कि कुछ दबंगों ने उनकी खरीदी गई जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। शुक्रवार सुबह आरोपितों ने खेत में खड़ी गन्ने की फसल को ट्रैक्टर से रौंद डाला और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता संगीता के अनुसार, उन्होंने 11 जनवरी 2023 को महक सिंह से ग्राम पीरखेड़ा भाव जिआना में स्थित चार बीघा जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर पहले से राहुल पुत्र सुरेंद्र निवासी पीरखेड़ा द्वारा विवाद किया जा रहा था। मामले में प्रशास. निक हस्तक्षेप के बाद एसडीएम शामली के निर्देश पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराई और भूमि पर मेडबंदी कर कब्जा सुरक्षित कर दिया गया था।

संगीता ने बताया कि शुक्रवार सुबह दिनांक 17 मई 2025 को राहुल पुत्र सुरेंद्र, अंशु पुत्र सुधीर, और राहुल का बड़ा भाई तड़का आर्यन ट्रैक्टर और रूटरी लेकर खेत में पहुंचे। उस समय संगीता का पुत्र आकाश खेत पर मौजूद था।

आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और खेत में खड़ी करीब 10 बीघा गन्ने की फसल को ट्रैक्टर से रौंद डाला। साथ ही प्रशासन द्वारा की गई डोलबंदी को भी तहस-नहस कर दिया।

इस घटना से पीड़िता को लगभग 1.5 लाख रूपए का नुकसान हुआ है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित कहकर गए हैं कि ष्जो करना है कर लो, हम जमीन पर से कब्जा नहीं छोड़ेंगे। आरोप है की पीड़िता और उनके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी गई है। थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस को दी गई तहरीर में संगीता ने दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और खुद व अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्रों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान के तहत आनलाइन आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शामली शिवेन्द्र कुमार ने बताया कि निदेशक पिछडा वर्ग कल्याण लखनऊ के पत्र दिनांक 30.4.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में शादी अनुदान योजनान्तर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोड़कर) के गरीब व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र दोनो में रू. 1.00 लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, अपनी पुत्री की शादी अनुदान हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। जिसमें शासनादेश के अनुसार प्रथम आवत - प्रथम पावत के सिद्धांत के अनुरूप पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला अथवा दिव्यांगजन आवेदकों को वरीयता क्रम में रखते हुए शादी अनुदान राशि 20000/- प्रत्येक लाभार्थी की दर में वितरण करने की कार्यवाही की जाएगी व एक परिवार से अधिकतम 2 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा। अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31 मार्च 2026 तक होने वाली शादी के लिए पुत्री की शादी अनुदान हेतु शादी की दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक आवे. दन ऑनलाइन कराकर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी खंड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कराए। अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजनान्तर्गत विभागीय वेबसाइट www.shadianudan.upsdc.gov.in पर दिए गए लिंक के माध्यम से जनसेवा केन्द्र, लोकवाणी केन्द्र, साईवर कैफे, निजी इन्टरनेट से निर्देशों के अनुसार ऑनलाईन आवद. ेन कर सकते है।

उक्त योजनाओं की विस्तृत दिशा-निर्देश उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, शामली, नवीन विकास भवन जनपद शामली में सम्पर्क करें।

### वरिष्ठ अधिवक्ता ने लगाया पुत्र व पुत्रवधू पर मारपीट का आरोप

**मेरठ।** वरिष्ठ अधिवक्ता अजय सिंह चाढ़ पुत्र महाराज सिंह निवासी सी-8, सर्वोदय कॉलोनी ने शनिवार देर रात्रि बताया कि उनके पुत्र युवराज सिंह व पुत्रवधू निशा उनके साथ मारपीट व अभद्रता का आचरण कर रहे हैं जिससे वह बुरी तरह आहत हैं। अधिवक्ता की मानें तो उन्होंने अपने पुत्र व पुत्रवधू को चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया।

### व्यापारी नहीं करेंगे तुर्कीए व अजरबेजान के साथ व्यापार

**शामली।** कनफेडरेशन आफ इंडिया ट्रेडर्स के 24 राज्यों के व्यापारियों ने दिल्ली में बैठक कर तुर्की व अजर बेजान के साथ व्यापार बन्द करने का निर्णय लिया है। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग ने दिल्ली के बाराखंबा रोड स्थित होटल में आयोजित बैठक में उपस्थित 24 राज्यों के सैकड़ो व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ भाग लेकर लौटकर व्यापार मंडल मुख्यालय पर उपस्थित व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया कि पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हमला कर 26 पर्यटकों को गोली से भूनकर हत्या दी गई थी। आक्रोशित देश वासियों की भावनाओं के अनुरूप हमारी सेनाओ के बहादुर जवानों ने दुश्मन देश पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर उनके 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। उक्त घटना पर पूरे विश्व ने भारत का समर्थन किया मगर दो देश तुर्की व अजरबेजान द्वारा पाकिस्तान का समर्थन करने के विरोध में कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने देश भर सभी राज्यों के व्यापारियों की दिल्ली में बैठक आयोजित कर यह निर्णय लिया।

# समाधान दिवस में डीएम-एसएसपी, मात्र एक का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी व एसएसपी की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया जिस में अधिकारियो ने फरियादियों की जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। कुल 101 जन शिकायते दर्ज हुई जिस में मात्र 1शिकायत का ही निस्तारण मौके पर ही किया गया जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए।



शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में जनसमस्याएं सुनने के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान सभागार में पहुंचे। जैसे ही जिले के आला अफसरों के तहसील दिवस में आने की खबर लगी तो फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। फरियादियो की लाइन सभागार तक लग गई।इस दौरान डीएम मनीष बंसल व एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। कुछ शिकायतों का मौके पर ही अधिकारियों ने निस्तारण कर दिया जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मौके पर जाकर निस्तारण कराने को कहा। गांव नानोली के ईश्वरपाल ने सड़क बनवाने की मांग की गई।शाहपुर बांस निवासी प्रदीप कुमार ने अधूरी टंकी निर्माण को पूरा कराए जाने की मांग की गई।कुल 101 विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायते दर्ज हुई जिन में 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित कुमार महाजन , मुख्य चिकित्साधिकारी जिला विकास अधिकारी एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, सीओ मुनीश चंद , तहसीलदार पुष्पांकर देव, नायब तहसीलदार फैजाबाद भूपेंद्र सिंह, नायब तहस. ीलदार मुकुल कुमार सागर थाना बेहट प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, थाना मिर्जापुर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार, थाना बिहारीगढ़ प्रभारी निरीक्षक जावेद खान सीडीपीओ संयोगिता यादव , एआरओ सूर्य प्रकाश पाठक विद्युत विभाग के एस डी ओ हरीश कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# फोन आने पर गए युवक का मिला शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** अल सुबह क्षेत्र के ग्राम माधोपुर के जंगल में रजवाहे की पटरी पर 30 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई मौके पर ग्रामीणो की भीड़ जमा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर नमूने लिए।

शनिवार सुबह क्षेत्र के गांव माधोपुर के जंगल में रजवाहे की पटरी पर करीब 30 वर्षीय व्यक्ति की लाश पड़ी मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई मृतक की पहचान तौसीफ पुत्र जाकिर निवासी ग्राम माधोपुर थाना नानौता के रूप में हुई। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई सूचना पर तत्कालीन थानाध्यक्ष सचिन पुनिया व भारी पुलिस फोर्स पहुंची कुछ ही देर में फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता जाकिर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका पुत्र तौसीफ 16 मई कि रात्रि करीब 9 बजे किसी का फोन आया उसके बाद वह घर से बाइक लेकर निकल गया देर रात्रि तक नहीं लोटा तो तलाश शुरू की अगले दिन बाइक सहित उसका शव गांव के जंगल स्थित रजवाहे की पटरी पर पड़ा होने की सूचना मिलते ही परिजनों सहित मौके पर पहुंचे उसके पिता ने तौसीफ की हत्या की आशंका जताई है।

# कार की टक्कर लगने से सड़क पार कर रहा युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के सीडकी चौराहे के निकट हाइवे पार कर रहा एक युवक कार की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया ।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव कुराली निवासी मोहित शनिवार सुबह किसी काम के लिए सीडकी स्थित पेट्रोल पंप के निकट आया था। जब वह पैदल ही हाइवे पार करने लगा तो नागल की ओर से आ रही एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गया । सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नागल पर भिजवाया। उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर के पी.एम. श्री विद्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान कक्षा 1 से 8 तक के शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में छात्रों को पुरस्कार वितरित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और उनकी रुचि बनाए रखने के लिए प्रतिमाह ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय में न केवल उपस्थिति को प्रोत्साहित किया जाएगा, बल्कि बच्चों की शैक्षिक और सह-पाठ्य गति. विधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने गीत और कविताएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर अनिल कुमार, संगीता सैनी, अनुराधा, प्रतीक्षा रमन, अनुज कुमार, रश्मि, राजेश जैन, अजय कुमार, उमा वर्मा, एकता सैनी, अपूर्वा, खालिदा खान और मंगेश कुमारी सहित विद्यालय स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शाजिया बेगम ने कुशलता पूर्वक किया।

# मासूम से दरिंदगी के प्रयास का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** क्षेत्र के गांव में गैर सम्प्रदाय के युवक द्वारा मासूम बच्ची को अपनी हैवानियत का शिकार करने का प्रयास किया गया, मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस द्वारा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा दुष्कर्म करने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है।शुक्रवार को देर शाम पीड़ित परिवार ने आरोपी युवक के विरुद्ध तल्हेडी बुजुर्ग चौकी में नामजद तहरीर देते हुए बताया कि हमारी पांच वर्षीय बच्ची को सारिक पुत्र गुलशेर निवासी धर्मपुर सरावगी घर से बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। बच्ची ने घबराकर चिल्लाना



शुरू किया तो परिजनों को आता देख आरोपी युवक वहां से भाग निकला। परिजनों ने मासूम बच्ची से पूरी घटना की जानकारी ली। तत्पश्चात पीड़ित परिवार सैकड़ों लोगों के साथ तल्हेडी चौकी पर पहुंचे और पुलिस से आरा. ेपी युवक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने के लिए गुहार लगाई। उधर घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के नेता विकास त्यागी अपने कार्यकर्ताओं अमित त्यागी, कार्तिक त्यागी और चौधरी विनय कुमार के साथ देवबंद कोतवाली पहुंचे और हैवान युवक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। विकास त्यागी ने घटना पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि आरोपी युवक जेहादी मानसिकता का है। जिसने पांच वर्षीय हिन्दू बच्ची को अपनी हवश का शिकार बनाने का प्रयास किया है। ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रशासन को सख्त कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। उन्होंने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर उन्हें हर सम्भव मदद का आश्वासन देते हुए कहा है कि उच्च अधिकारियों से वार्ता हुई है जिन्होंने दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की बात कही है।मामला अलग अलग समुदाय का होने के कारण गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। जिसको देखते हुए देवबंद कोतवाल धर्मेन्द्र कुमार व तल्हेडी चौकी प्रभारी अजय कसाना ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरा. ेपी युवक को हिरासत में ले लिया।

# समारोह को लेकर विचार-विमर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में प्रगतिशील सैनी सभा की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रविवार 25 मई को प्रस्तावित प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया।

शनिवार को सुल्तानपुर में प्रगतिशील सैनी सभा युवा विंग के जिलाध्यक्ष आशु सैनी के आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए आशु सैनी ने कहा कि रविवार 25 मई को एन.के. फार्म हाउस मिर्जापुर पीकी, बेहट रोड सहारनपुर में समारोह आयोजित कर यूपी बोर्ड हाई स्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक की परीक्षा में 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को प्रगतिशील सैनी सभा द्वारा सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

समारोह में सैनी समाज की महान विभूतियों द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने समाज के सभी लोगों से उक्त कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से आशु सैनी व उनकी टीम द्वारा सुल्तानपुर, चिलकाना, धौलाहेडी, पठेड, रघुनाथपुर, गोवर्धनपुर ढुलानी, रवाणपुर, दानतपुर, नथमलपुर, सलेमपुर, सौंधेबास, कालू माजरा, पटनी, सीकरी, पाज बांगर, सरसावा, गोविन्दपुर, बिन्नाखेडी, अगवाहन हेडा, भटपुरा आदि गांवों में प्रचार प्रसार कर समाज के लोगों को जानकारी दी।

# चरमराई विद्युत व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में गर्मियों की शुरुआत के साथ ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जिससे क्षेत्रवासी त्रस्त हैं फतेहपुर विद्युत उपकेंद्र जो छुटमलपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति करता है, वहां की लापरवाही ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। क्षेत्र में दोपहर के समय तीन से चार घंटे की बिजली कटौती आम हो गई है, और वोल्टेज की समस्या भी जनता को खूब सता रही है। बिजलीघर में शिकायत करने पर कर्मचारी फोन उठाने से कतराते हैं, और संविदा कर्मचारी मूड के हिसाब से जवाब देते हैं या व्यस्तता का बहाना बनाते हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजली कटौती का कारण पूछने पर कोई संतुष्टि भरा जवाब नहीं मिलता। शाम को बिजली आने के बाद भी घंटों लंबे शट-डाउन ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। एक तरफ प्रदेश की भाजपा सरकार कानून व्यवस्था के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था को सुचारु करने के दावे करती है, वहीं छुटमलपुर में अव्यवस्था की स्थिति समझ से बाहर है। विद्युत विभाग हाईटेक होने की बात तो करता है, लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही और अव्यवस्था की गहरी खाई से निकलने को तैयार नहीं। स्थानीय निवासी इसलाम मंसूरी ने बताया कि बिजली की कमी से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, और बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि फतेहपुर उपकेंद्र की कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। जनता ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करेंगे।

# समस्याओं का हो समाधान: डा. पूर्वा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एसडीएम डॉ पूर्वा ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराया जाए और पात्रों को लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम डॉ पूर्वा ने समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को बहुत गम्भीरता से सुना।विभिन्न विभागों से सम्बंधित शिकायतें आई जिनमें से कुछ समस्याओं का तत्काल निस्तारण करा दिया गया।शेष समस्याओं के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र समाधान कराने के निर्देश दिए। एसडीएम डॉ पूर्वा ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए क्योंकि समाधान दिवस में पीड़ित इसी उम्मीद के साथ आते हैं कि उनकी समस्या का निस्तारण जल्दी होगा। यदि पीड़ित या परेशान व्यक्ति को बार बार आना पड़े तो ये सही नहीं होगा।उन्होंने कहा कि शासन की लाभकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाया जाए। इस दौरान बीडीओ सोनिका चौधरी व समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकारी विभागों में शिकायतें बंपर, नतीजे सिफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पिछले कई माह से लंबित पड़ी शिकायतों के मद्देनजर सरकारी विभागों में शिकायतों का आलम यह हो चला है कि प्रतिदिन आ रही क्षेत्र वासियों की शिकायतें तो बंपर हैं, लेकिन समाधान शून्य दिखाई पड़ रहा है,कुछ ऐसा ही हाल करीब करीब सभी विभागों में देखने को मील रहा है। आईजीआरएस पोर्टल से लेकर, जनसुनवाई पोर्टल तक वहीं विभाग में संचालित प्रति सप्ताह होने वाले समाधान दिवस के कार्यक्रमों के उपरान्त आई कई सौ बंपर शिकायतें होने के बावजूद भी क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान धीमा पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

नगर निगम के वार्ड नंबर 9 के क्षेत्र वासियों का कहना है कि पिछले कई माह से शिकायत करने के बावजूद भी उनकी सड़क का निर्माण कार्य नगर निगम की और से अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। जबकि क्षेत्रीय लोग खासे परेशान हैं। ऊबड़खाबल कच्ची सड़को पर पैदल चलना उनके लिए मुश्किल हो गया है। वार्ड नंबर 9 के निवासी नितिन कुमार पूजा रानी और जितेंद्र कुमार ने अपने वार्ड की



सड़क की संबंधित समस्या से ग्रस्त अपनी पीड़ा बयां की। उन्होंने बताया हमारे वार्ड नंबर 9 में रविद. ास मंदिर के पीछे न्यू लक्ष्मीपुरम कॉलोनी फेज एक गलियारा रोड पर जेई सुभाष चंद्र के घर से लेकर राय सिंह के घर तक सड़क का बुरा हाल है, सड़क पर चलना फिरना मुहाल हो गया है, अक्सर सड़कों पर चलते समय बच्चे व बूढ़े बुजुर्ग चोटिल हो रहे हैं।

उन्होंने बताया इस संबंध में हमने कई बार जनसुनवाई के माध्यम से नगर निगम के अधिकारियों से लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर अपनी शिकायतें दर्ज करायी लेकिन अभी तक भी कोई ठोस विकल्प निकलकर सामने नहीं आया है। जबकि पूर्व में दिए गए शिकायत के आधार पर निगम के अधिकारियों ने हिलावली दिखाते हुए एस्टीमेट बनाकर तैयार भी कर दिया था, लेकिन उक्त सड़क का निर्माण कार्य आज तक भी पूरा नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा वर्षा ऋतु नजदीक है सड़क पर वर्षा का पानी भर जाता है जिससे क्षेत्र वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वार्ड नंबर 9 के क्षेत्र वासियों ने जिलाधिकारी, मंडलायुक्त एवं नगर आयुक्त से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य कराए जाने की गुहार लगाई है।

# दो दिन मनाए जाएंगे जयंती कार्यक्रम

**गंगोह।** श्री शनि देव महाराज जी की जयंती पर 27 मई से 28 मई तक दो दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किए जाएगें।

इस अवसर 27 मई को शोभा यात्रा बैड़ बाजें व ढोल नगाड़ों के साथ निकाली जाएगी। शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस कंकाराली मार्ग स्थित महादेव कुटी बड़ा हनुमान मंदिर पर समापन होगी। इस दिन रात्रि में श्री शनि देव महाराज जी का गुणगान होगा। 28 मई को सुबह दस बजें विश्व कल्याणा षांति के लिए यज्ञ हवन आयोजित होगा। जिसमें अनेक श्रद्धालु आहूति देगें।

11 बजें महाआरती व दोपहर 12 बजें भंडारें का आयोज होगा। यह जानकारी नरेंश शर्मा व राजकुमार जोशी ने दी है।

# स्व. बीएन सिंह की याद में रक्तदान



**सहारनपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ारा स्व.बी.एन.सिंह की 26 वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शि. विर लगाया गया।

आईटीआई परिसर में लगाये गये रक्तदान शिविर में जिला महामंत्री सरदार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर्मसिंह, जिलाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, विशिष्ट बीटीसी मंडल अध्यक्ष सुधीर राणा एवं रविंद्र चौहान ने बताया कि स्व.बी.एन.सिंह ने राजकीय सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों व शिक्षकों के हितों के लिये अपना जीवन समर्पित किया। वह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे।

रक्तदान करने वालों में सतीश कुमार, दिनेश सैनी, कुशलपाल, अशोक चौधरी, अमित कुमार, प्रमेश कुमार, प्रताप सैनी, मुकुट बिहारी, मुकेश, तरूण कुमार, अश्वनी कुमार आदि शामिल रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अनस को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मौ. काशिफ पुत्र हफीजुर्रहमान निवासी म.नं. 44, ग्राम चुनहैटी गाडा, थाना रामपुर मनिहारान, दिल्ली रोड, सहारनपुर।**

# सड़क पुनर्निर्माण का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर पालिका परिषद नकुड़ के वार्ड संख्या 16 की वर्षो से जर्जर व उपेक्षित सड़क के पुनर्निर्माण का शनिवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। लंबे समय से बदहाल स्थिति में जनता की मजबूरी व जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता का प्रतीक बनी हुई थी। सभासद आफरीन निजामी एवं उनके पति हसीब निजामी के निरंतर प्रयासों ने रंग लाए।

उद्घाटन में पालिकाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता सहित सभासद पति हसीब निजामी, जुनैद असगर, हैदर अली, हाजी दिलशाद कुरैशी, राव जीशान, आमिर कुरैशी व अमीर आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सड़क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने कहा कि हम विकास को राजनीति से ऊपर मानते हैं। नगर का कोई भी क्षेत्र अब विकास से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम के दौरान नगर के कुछ लोग सवाल उठाते भी नजर आए कि आखिरकार वर्षों बाद इस सड़क को सुधारे जाने की पहल गई। सभासद पति हसीब निजामी ने कहा कि वार्ड 16 की दुर्दशा को दूर करना हमेशा उनकी प्राथमिकता रही है, उन्होंने इसके लिए उन्होंने पूरी शिद्दत से प्रयास किए हैं। इस दौरान सत्तार मिस्त्री, फुरकान निजामी, अहसान अंसारी, अफ्फान अफ्फू, कलीम निजामी, अनीस निजामी, सादिक कुरैशी, उस्मान गनी, इरशाद निजामी, सुहेल शमशाद, यासीन मिस्त्री, सईद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# भक्ति सागर में लगाई डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बाला जी धाम के स्थापना दिवस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति के सागर में डुबकियां लगाई।

श्री बाला जी संकट मोचन सेवा समिति के तत्वाधान में बाला जी धाम में मूर्तियों के स्थापना दिवस के अवसर पर षुक्रवार की रात राम बाग रोड स्थित बाला जी धाम पर बाला जी संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूजन से की गई। समिति के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने पत्नी सुनीता देवी व सदस्यों ने श्रद्धा भाव से पूजन कराया। पूजन पंडित रोहित शर्मा ने संपन्न कराया। बाला जी स्तुति से गणेश व सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सामूहिक सुंदर कांड का पाठ किया गया। भजन गायकों ने बाबा के भजनों की शुरूआत कर ऐसा समां बांधा कि श्रोता भाव-विभोर हो गए।

# गर्मी में विद्युत आपूर्ति ठप, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** चिर्ला. चलाती गर्मी में विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण कई मौहल्ले वासी अंधेरे और गर्मी से परेशान हैं।बीती रात ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरने से यह समस्या और गहरा गई है।

गौरतलब है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली आपूर्ति में कट लगने शुरू हो गए हैं।गुरुवार रात लगभग एक -डेढ़ बजे चली तेज हवा के साथ ही क्षेत्र के महल फीडर के टाल चौक पर रखे ट्रांसफार्मर पर आक. ाशीय बिजली गिर गई (सूत्रों के अनुसार) जिससे कई मौहल्लों की आपूर्ति ठप हो गई।गुरुवार को दिन भर के कई कट के बाद चालू हुई आपूर्ति पुन: ठप हो गई।लोगों का शुक्रवार का पूरा दिन बिना बिजली



आपूर्ति के बीता।जिन लोगों के घरों में इन्वर्टर बैटरे थे वो भी डाउन हो गए।जिनके घरों में नहीं हैं उनकी मुश्किल महसूस की जा सकती है।छोटे बच्चे बुजुर्ग और बीमार लोग गर्मी से बिलबिलाते देखे गए वहीं बिजली न होने से जलापूर्ति भी प्रभावित हुई।बहुत से लोग पानी को लेकर भी परेशान दिखाई दिए।शुक्रवार शाम को ट्रांसफार्मर बदला गया लेकिन वो भी रात को फुँक गया जिससे शनिवार को भी दिन भर लोग गर्मी में झुलसते रहे।शनिवार शाम दूसरा ट्रांसफार्मर मंगवाया गया है जिसे कर्मचारी बदल रहे हैं।चेयरपर्सन रेणु कुलदीप बालियान ने अपने प्रतिनिधि प्रदीप बालियान व नफीस सैफी,संदीप सैनी,आफताब मलिक आदि सभासदों को मौके पर भेजा और समस्या का शीघ्र समाधान कराने में सहयोग कराया।विद्युत कर्मचारी तौफीक उमर ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है।लगभग 9 बजे तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

# क्षेत्र में निकली भारत शौर्य तिरंगा यात्रा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में हाथों में तिरंगा लेकर जनसैलाब उमड पडा। आयोजित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति का अद्भुत .श्य देखने को मिला। जगह जगह तिरंगा यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया

शनिवार को भारत शौर्य तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय किसान डीग्री कॉलेज से प्रारंभ हुई। जिसका शुभारंभ पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल व नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने किया। तिरंगा यात्रा आरके डिग्री कालेज से प्रारंभ होकर फव्वारा चौंक, कबाडी बाजार, बडा बाजार, शिव चौंक से होते हुए नगरपालिका शामली पर जाकर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा के माध्यम से मिशन सिंदून में भाग लेने वाले सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान अर्पित किया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सौनकर ने कहा कि यह यात्रा न केवल देशभक्ति का संदेश लेकर चली, बल्कि जनता को भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम और केंद्र सरकार की मजबूत नीति के प्रति जागरूक भी किया। शामली में आयोजित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में आज जनपद की आम जनता ने बढ चढकर हिस्सेदारी ली।

जिसमें अनेको हिन्दु संगठन, सिक्ख संगठन, ईसाई संगठन, मुस्लिम संगठन, व्यापार मण्डल सहित अनेकों संगठनों ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में भागीदारी की। भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगो ने भारत माता की जय, वन्दे मातरम, भारतीय सेना के सम्मान में जोरदार नारेबाजी की। भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में रमेश गौड कश्यप, प्रमोद सैनी, रामपाल सिंह, दीपक कौरी, क्षेत्रीय मंत्री इन्द्रपाल बजरंगी, रामजीलाल कश्यप, हरबीर मलिक, सरदार गुरूलाल सिंह, पंकज राणा, पुनीत द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह, दामोदर सैनी, अनुज राणा, भूपेन्द्र शर्मा, बादल गौतम, सचिन जैन भगतजी, हाजी जहूर हसन, आरिफ, पीयूष सैनी, निविश चौधरी, गोपाल चौहान, रूबी चौधरी, विशेष सरोहा, रवि गोयल, पायल कश्यप, मनोज शर्मा, रंजिता सैनी, पंकज कश्यप, पवन गौतम, सतीश धीमान, रश्मिकान्त जैन, ऋषिपाल फौजी, बादल गौतम, रोहित विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। भारत तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में मुस्लिमों ने भी भाग लिया। इसमें बुर्कानशीन महिलाऐं भी हाथों में तिरंगा झंडा लेकर तिरंगा यात्रा में कदम से कदम मिलाकर साथ चली। मुस्लिम महिलाओं ने देश की एकता और आपसी सौहार्द के नारे लगाए। उन्होने कहा कि वह देश की सेना के साथ खडी है। उन्हे गर्व है कि भारतीय सेना ने कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ आतंकवादियों को करारा जवाब दिया है।

# पुलिस मुठभेड़ व जानलेवा हमले का वांछित आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सभासद के घर में घुसकर अवैध हथियार से फायरिंग करने तथा पुलिस मुठभेड़ के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपी के कब्जे से तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुए है। विगत 2 मई को नगरपालिका परिषद के वार्ड संख्या-11 के निर्वाचित रईस अहमद निवासी मोहल्ला आलकलां कस्बा कैराना ने स्थानीय कोतवाली पर घर में घुसकर अवैध हथियार से जान से मारने की नीयत फायरिंग किए जाने के सम्बंध में अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए घटना के नामजद आरोपी इनाम उर्फ धूरी निवासी मोहल्ला आर्यपुरी कैराना को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया था। इसी क्रम में शनिवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत मुठभेड़ के दौरान फरार हुए आरोपी आस मोहम्मद उर्फ भूरा निवासी मोहल्ला आलकलां कस्बा कैराना को कोतवाली पुलिस ने कस्बे की हसन फैक्ट्री के निकट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।

# भाकियू (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष बनाए गए इमदादुल्लाह नदवी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** खादर क्षेत्र के गांव दभेड़ी खुर्द निवासी इमदादुल्लाह नदवी को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के जिलाध्यक्ष शान्ता प्रधान ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने अपनी जिला स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार किया है, जिसमें खादर क्षेत्र के गांव दभेड़ी खुर्द निवासी इमदादुल्लाह नदवी को संगठन का शामली जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। भाकियू जिलाध्यक्ष शान्ता प्रधान ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष से संगठन के क्रियाकलापों के प्रचार-प्रसार व मजबूती प्रदान करने की अपेक्षा की है। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष बनाए गए इमदादुल्लाह नदवी भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री मुंशाद अली चौहान के भाई है।

# पीडीआई और जीपीडीपी पर आधारित कार्यशाला सम्पन्न





**गांव के समग्र विकास की अवधारणा पर किया गया सभी का संवेदीकरण, ग्राम के समग्र विकास के लिए सभी विभाग करें कार्य, जीपीडीपी, पीडीआई में सर्वोच्च स्थान पाकर ग्राम जनपद का नाम करें रोशन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन सभागार में पंचायत विकास सूचकांक पीडीआई और पंचायत विकास योजना पीडीपी वित्तीय वर्ष 2024-25 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपनिदेशक पंचायत सहारनपुर मंडल सहारनपुर हरिकेश बहादुर, जिला पंचायत राज अधिकारी शामली संदीप अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यशाला के अन्तर्गत वीडियो फिल्म सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण के प्रगति के आंकलन के लिए पीडीआई और संस्थागत तंत्र का उन्मुखीकरण किया गया तथा इसके लाभ रणनीति और परिणाम पर विचार किया गया। अंत में संबंधित विषयों पर शंका समाधान भी किया गया।

आयोजित प्रशिक्षण के दौरान उपनिदेशक पंचायत सहारनपुर मंडल सहारनपुर/प्राचार्य महोदय द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में समस्त प्रतिभागियों को बताया गया। उन्होंने उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय विभाग अध्यक्षों को एल.एस.डी.जी. के 9 थीम के अनुरूप अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को जीपीडीपी में सम्मिलित करते हुए योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत स्तर तक पात्र लाभार्थियों तक पहुचाए जाने की बात कही। जिला पंचायत राज अधिकारी संदीप अग्रवाल द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया पी.डी आई। इंडीकेटर्स के अनुसार अपने अपने विभाग से सम्बंधित बिंदुओं की निरंतर समीक्षा करने के साथ इंडीकेटर्स को अद्यतन भी करते रहे। प्रशिक्षण में DIPM लोकेश सिरोही व ओम सिंह सहारनपुर मण्डल द्वारा पीडीआई इंडीकेटर्स को LIVE पोर्टल पर दिखाते हुए समझाया गया। प्रशिक्षण में यूनिसेफ की प्रतिनिधि डॉ। तरुनुम्म द्वारा टीकाकरण एवं स्वास्थ्य संबधि सेवाओं के बारे मे जानकरी प्रदान की गई। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा LSDG की 9 थीमों के सम्बंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास में सभी की सहभागिता आवश्यक है। सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण के संबंध में 9 थीमों गरीबी मुक्त एवं आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल मैत्री गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ और हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित एवं न्याय संगत गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गांव के तहत कार्य करने के लिए विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसका मूल उद्देश्य वर्ष 2030 तक भारत को अधिक सम्पन्न, अधिक समतावादी और अधिक संरक्षित बनाना है। इसी के दृष्टिगत इस कार्यशाला के माध्यम से समस्त अधिकारियों, ग्राम प्रधानों, सचिवों को जोडते हुए सभी का संवेदीकरण किया गया। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो सके। भारत ग्राम में बसता है इसलिए ग्राम को सशक्त कर इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला एवं संख्या अधिकारी डॉ हरेंद्र जिला पंचायत राज अधिकारी संदीप अग्रवाल,सहित जी.पी.डी.पी. एवं पी.डी.आई. समिति के सदस्य जिला स्तरीय अधिकारीगण, जिला समन्वयक विनय सिंह स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) शामली व मॉडल ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# नौजवानों में गैर-इस्लामी रुझान पर जताई चिंता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि वर्तमान में शरीर पर टैटू गुदवाना का चलन तेजी से बढ़ा है। मुस्लिम समाज भी इसे फैशन और तहजीब समझ कर अपना रहा है। जो चिंता का विषय है, मुसलमानों को चाहिए कि वह अपनी पहचान और शरीयत को न भूलें। मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने शनिवार को जारी बयान में नौजवानों के बीच बढ़ते हुए गैर-इस्लामी रुझान पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आजकल हमारे समाज में खास तौर पर लड़के-लड़कियों में शरीर पर टैटू गुदवाने को बढ़ा है। हैरत की बात यह है कि न सिर्फ यह आम होता जा रहा है, बल्कि लोग इसे बुरा भी नहीं समझते, उल्टा इसे एक स्टेटस सिंबल (प्रतिष्ठा का प्रतीक) मानने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमान होने के नाते हमें याद रखना चाहिए कि इस्लाम में जिस्म पर टैटू गुदवाने की कोई इजाजत नहीं है। यह अमल शरीयत की नजर में हराम और नापसंदीदा है। क्योंकि यह अल्लाह की बनाई हुई फितरी सूरत में तब्दीली करने जैसा है, जिसे कुरआन और हदीस में साफ तौर पर मना किया गया है। उन्होंने नसीहत करते हुए कहा कि जिन लोगों ने पहले से जिस्म पर टैटू गुदवाए हैं उन्हें फौरन तौबा करनी चाहिए और टैटू को हटवाना चाहिए।

# बच्चों ने पूल पार्टी में जमकर की मस्ती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में मासूम बच्चों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने जमकर पूल में मस्ती की।

सहारनपुर रोड स्थित स्कूल प्रांगण में आयोजित हुई पूल पार्टी में प्ले से यूकेजी तक के बच्चों ने जमकर मौज मस्ती। इस दौरान बच्चों ने रैन डांस भी किया। शिक्षकों ने छात्रों को गर्मी से बचने के लिए जूस व फलों का अधिक सेवन करने की सलाह दी। स्कूल के प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने बच्चों को लू से बचने के लिए घर में कैरम बोर्ड व शतरंज खेलने के साथ ही फास्ट फूड नहीं खाने की सलाह देते हुए उनके स्वस्था की कामना की।

इस मौके पर अनिता सैनी, वंदना ध्रुव, सारिका, कविता, पूजा व कल्पना कौशिक आदि रहे।

**उधर,** आरके पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न गतिविधियों में कक्षा प्ले से बारह तक के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शनिवार को मुजफ्फरनगर रोड स्थित स्कूल प्रांगण कक्षा प्ले से यूकेजी तक के बच्चों को वेजिटेबल्स तथा कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों को फैमिली ट्री, ब्रश पेंटिंग, मेमोरी ड्रिल, थ्रेड आर्ट आदि गतिविधियां कराई गई। प्रधानाचार्य डॉ. नीरज लता शर्मा व उप प्रधानाचार्य मोनिका कपूर ने बताया कि फैमिली ट्री बच्चों को अपने परिवार के इतिहास संस्कृति व मूल्यों से जोड़ता है। जबकि थ्रेड आर्ट बच्चों के हाथ आंख के समन्वय, एकाग्रता और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। इस मौके पर अध्यक्ष राजेश चौहान व डा. कुलदीप राणा समेत स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# बर्खास्त आगंनवाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अभिलेखों में कम आयु दर्शाकर नियुक्ति पाने वाली बर्खास्त आगंनबाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं।

बाल विकास परियोजना अधिकारी पंकज कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि सहारनपुर के बड़कली गांव निवासी गौतम कुमार ने मोहल्ला कायस्थवाड़ा निवासी शशिपाल उर्फ शशि त्यागी के खिलाफ अभिलेखों में गड़बडी कर 17 मार्च 1997 को आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नियुक्ति पाने का आरोप लगाते हुए तत्कालीन जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा त्रिपाठी के यहां शिकायत की थी। जांच में आरोप सत्य पाए गए, जिसके चलते 1 दिसंबर 2020 को शशि त्यागी की मानदेय आधारित सेवा को समाप्त कर दिया गया था। लेकिन प्रकरण में कोई विधिक कार्रवाई न होने के कारण शिकायतकर्ता गौतम कुमार ने फिर से इसकी शिकायत की। शशि त्यागी के शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच की मांग भी की गई थी। पंकज कुमार के मुताबिक जांच में पाया गया कि विद्यालय अखिलेख में शशि की जन्मतिथि 7 मई 1961 है। जबकि जबकि आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नियुक्ति के समय प्रस्तुत शैक्षिक अभिलेख (हाईस्कूल अंक पत्र) में जन्मतिथि 7 मई 1975 दर्शाई गई है। इस प्रकार 14 साल जन्मतिथि घटाकर पद पर नियुक्ति पाई गई और इसका अनुचित लाभ उठाया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बच्ची से अश्लील हरकत के अरोपी को भेजा जेल

**बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी और अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पीडित परिवार से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची को बहला-फुसला छप्पर में लेजाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। हालांकि मामला अलग-अलग समुदाय का होने के चलते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शुक्रवार शाम को गांव धर्मपुर निवासी शारिक क्षेत्र के दूसरें गांव निवासी घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची को बहला फुसला कर निकट ही एक छप्पर में ले गया। जहां उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। इस दौरान जब बच्ची चिल्लाई तो शारिक वहां से भाग खड़ा हुआ। बच्ची ने घर पहुंच आरोपी की हरकतों की जानकारी अपनी मां को दी। जिसके बाद पीडिता के पति ने कोतवाली पहुंच आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## भाजपा ने गांव-गांव निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर विजय के उपरांत, तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें जिले के जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी पूर्व चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक मनिंदर पाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, कॉपरेटिव चेयरमैन विमल शर्मा, पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी, पूर्व विधायक रणवीर राणा, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला वीपेन्द्र सुधा वाल्मीकि, आयुष चपराणा, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, संजय गुर्जर, मोहन किनौनी, अनिल फौजी, राहुल, अनिल दबथवा, आलोक जैन, विक्रम सोम, सुनील प्रधान, श्रवण सोम व जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारी गण देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के जन सैलाब में देशभक्ति की भावना के वसीभूत सभी साथी हाथ में तिरंगा लिए देश की एकता, अखंडता और भारतीय सेना के सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए।

# तीन दिवसीय मेगा शिविरों में भारी संख्या में उपभोक्ता प्रतिभाग कर हुए लाभान्वित

**600.65 लाख रुपये की हुई रिकार्ड राजस्व वसूली, भविष्य में खण्ड/मण्डल स्तर पर भी आयोजित होंगे मेगा कैम्प**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल डिस्कॉम द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 15 मई से 17 मई तक (तीन दिवसीय) विद्युत मेगा कैम्पों का आयोजन किया गया, मेगा शिविरों में भारी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा प्रतिभाग कर, लाभान्वित हुए। 15 मई से 17 मई तक समस्त 14 जनपदों में मेगा शिविरों में बिल संशोधन संबंधी 3039 आवेदन, विद्युत चोरी निर्धारण से संबंधित 119 आवेदन, मीटर बदलने संबंधी 1316 आवेदन, नये संयोजन निर्गत करने 1016 आवेदन एवं 723 आवेदन अन्य प्रकरणों से संबंधित प्राप्त हुए। इस प्रकार 15 मई से 17 मई तक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अन्तर्गत समस्त 14 जनपदों में कुल 5490 आवेदन बिल संशोधन, राजस्व निर्धारण, मीटर बदलने, नये संयोजन आदि से संबंधित प्राप्त हुये जिनमें से लगभग 4720 आवेदनों का तत्परता से मौके पर निरस्त कर दिया गया, शेष आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। डिस्कॉम के समस्त 14 जनपदों मे 15 मई से 17 मई तक आयोजित मेगा शिविरों में लगभग 600.65 लाख की रिकार्ड राजस्व वसूली प्राप्त हुई, इसके अतिरिक्त 2163 संयोजनो का लगभग 2985.50 कि.वा. लोड मेगा शिविरों मे बढ़ा दिया गया है। प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन, आईएएस ने बताया कि डिस्कॉम सभी सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिये कृतसंकल्पित है। उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा। प्रबंध निदेशक ने आह्वान किया कि मेगा शिविरों में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिये, भविष्य में खण्ड/मण्डल स्तर पर भी मेगा कैम्पों का आयोजन किया जायेगा, जिससे उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सके। प्रबंध निदेशक ने भारी संख्या मे उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के निवारण एवं मेगा शिविरों मे रिकार्ड राजस्व वसूली का श्रेय, विद्युत कर्मियों को दिया है।

# दो मामलों में सुनाई कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 1. वर्ष 2003 में अभियुक्त अलीशान उर्फ सेठी पुत्र फतेहजंग निवासी नई बस्ती थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल की अवधि के कारावास व 1,500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। वहीं वर्ष 2019 में अभियुक्त सतवीर पुत्र ऋषिपाल निवासी मौहल्ला ब्रह्मानान थाना झिंझाना जनपद शामली के विरूद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय एसीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए 4,00/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने एनर्जी एक्सपो संपन्न

**मेरठ।** इनोवेटिव पॉवर सॉल्यूशंस प्रदान करने वाले ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर लिमिटेड (ईएपीएल) ने लखनऊ में 8 मई से 10 मई के बीच आयोजित हुई लखनऊ एनर्जी एक्सपो में अपने सोलर सॉल्यूशंस की नई श्रृंखला पेश की, जिसमें ग्रिड-टाई, ऑफ-ग्रिड और हाईब्रिड सहित संपूर्ण सेगमेंट में सोलर एनर्जी सॉल्यूशन शामिल हैं। ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, शेखर सिंघल ने कहा, हाई-एफिशियंसी टॉपकॉन पैनल्स, इंटेलीजेंट हाईब्रिड इन्वर्टर और आधुनिक लीथियम बैटरी समाधानों की हमारी नई श्रृंखला के साथ हमारा उद्देश्य क्लीन एनर्जी की उपलब्धता और एफिशियंसी बढ़ाना है तथा इसे हर भारतीय परिवार एवं व्यवसाय के लिए यूजर-फ्रेंडली बनाना है।

### सूचना

मेरा निबन्धन प्रमाण पत्र संख्या 09255 दिनांक 29.06.2002 का बना हुआ, जोकि आजीवन वैध है। दिनांक 15.05.2025 को कहीं रास्ते में गिर गया। तलाश करने पर भी नहीं मिला।

**डॉक्टर नौशाद अली खान**
**पुत्र दिलशाद अली खान,**
निवासी-सराय पीरजादगान देवबंद, जिला सहारनपुर।

### सूचना

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2018 की मार्कशीट व सनद अनुक्रमांक संख्या 0668618 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2020 की मार्कशीट व सनद अनुक्रमांक संख्या 0485230 वास्तव में कही खो गई है।

नितिन कुमार पुत्र तेलूराम
गांव खड़ंजा अहमदपुर, देवबंद

# शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा पंजाब

**पंजाब के लिए सीजन का 59वां मैच काफी अहम है**

**जयपुर, वार्ता।** मेजबान राजस्थान रॉयल्स को हरा कर पंजाब किंग्स का लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना होगा। रविवार दोपहर को सवाई मानसिंह स्टेडियम में उनका मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। राजस्थान पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है। पंजाब के लिए सीजन का 59वां मैच काफी अहम है। पंजाब ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं और श्रेयस अय्यर की कप्तानी में सही समय पर शीर्ष पर पहुंच गया है। राजस्थान के खिलाफ जीत से पंजाब किंग्स शीर्ष पर पहुंच सकता है, जिससे प्लेऑफ की दौड़ और भी कड़ी हो जाएगी। इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स पिछले पांच मैचों में से चार में हार के बाद इस मैच में उतरेगी। शुरुआती उम्मीदों पर खरा उतरने वाली यह फ्रेंचाइजी मौकों का फायदा उठाने में विफल रही है और चोटों और असंगति से जूझ रही है। चोट के कारण संजू सैमसन के बाहर होने के कारण, नेतृत्व और स्थिरता मिलना मुश्किल हो गया है। पंजाब की ताकत उनके विस्फोटक बल्लेबाजी क्रम और संतुलित गेंदबा. जी आक्रमण में निहित है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह शानदार फॉर्म में हैं, आर्य ने पिछले मैच में सिर्फ 34 गेंदों पर 70 रन बनाए। मध्य क्रम में, विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस और कप्तान अय्यर मजबूती और गति प्रदान करते हैं। ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और अजमतुल्लाह उमरजई, यदि उपलब्ध हों, तो निचले मध्य क्रम को और मजबूत करते हैं। गें. दबाजी विभाग में, अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवरों में तेज गेंदबाज बने हुए हैं, जबकि मार्को जेनसन और ओमरजई सीम विकल्प प्रदान करते हैं। अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, जिन्होंने इस सीजन में महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं, जयपुर की पिच पर एक महत्वपूर्ण खतरा होंगे, जिसने मध्यम टर्न और दो-गति की उछाल दिखाई है। घरेलू टीम के लिए युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सीजन की शुरुआत में धमाकेदार शतक के साथ खुद को साबित किया, और रियान पराग ने हाल ही में केकेआर से हारने पर 95 रनों की पारी खेलकर अकेले दम पर खेला। हालांकि, फिनिशिंग फायरपावर की कमी और संघर्षरत गें. दबाजी इकाई ने उनके अभियान को नुकसान पहुंचाया है।

# प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए उतरेगी डीसी

**दिल्ली कैपिटल्स को हाई-स्टेक मुकाबले में गुजरात को हर हाल में हराना होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अपने पहले छह मैचों में से पांच में जीत के साथ इस सीज़न की शानदार शुरुआत करने वाली दिल्ली कैपिटल्स को प्लेऑफ़ की अपनी उम्मीदों को बनाए रखने के लिए रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले हाई-स्टेक मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को हर हाल में हराना होगा।

पिछले 11 मैचों में 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर काबिज दिल्ली अभी भी अंकों के लिहाज से प्लेऑफ़ के लिए दावेदार है लेकिन अन्य दावेदारों के पीछे होने और केवल तीन मैच बचे होने के कारण एक और चूक उन्हें भारी पड़ सकती है। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स इस सीज़न में 11 मैचों में 16 अंकों के साथ सबसे सफल टीम रही है और शीर्ष दो में जगह बनाने के करीब है। मेजबान टीम को बड़ा झटका तब लगा जब स्टार तेज गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति ने तेज गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, जिससे दुष्मंथा चमीरा, मुकेश कुमार और वापसी करने वाले टी नटराजन पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। 12 विकेट और 6-74 की इकॉनमी के साथ कुलदीप यादव मध्य ओवरों में उनके सबसे भरोसेमंद विकल्प बने हुए हैं। केएल राहुल ने दिल्ली के लिए बल्ले से बेहत. रीन प्रदर्शन किया है, उन्होंने 142-16 की स्ट्राइक रेट से नौ पारियों में 381 रन बनाए हैं। अभिषेक पोरेल ने शीर्ष क्रम में मजबूत साथ दिया है, जबकि अक्षर पटेल और प्रभावशाली खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने निचले क्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दक्षिण अफ्रीकी अनुभवी फाफ डु प्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स के देर से आने से टीम के फिर से खेलने की उम्मीद जगी है। जेक फेज़र-मैकगर्क की जगह बांग्लादेश के तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल किया गया है, लेकिन रविवार के मैच के लिए उनकी उपलब्धता अनिश्चित है, क्योंकि उनके पिछली शाम शारजाह में एक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेलने की उम्मीद है। इस बीच, गुजरात टाइटन्स अच्छी तरह से व्यवस्थित दिख रही है और सही समय पर शीर्ष पर पहुंच रही है। उनके शीर्ष क्रम साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर सभी ने इस सीजन में 500 रन का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे उन्हें बल्लेबाजी में एक मजबूत बढ़त मिली है। शेरफेन रदरफोर्ड और राहुल तेवतिया ने मध्यक्रम में और भी आक्रामक खेल दिखाया है, जबकि उनकी गेंदबाजी इकाई लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने सामूहिक रूप से 35 विकेट लिए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### बारिश के कारण बेंगलुरु-केकेआर के बीच मुकाबला खतरे में

**बेंगलुरू, वार्ता।** विराट को. हली के शानदार टेस्ट करियर के लिए आयोजित की जाने वाला भव्य समारोह आज शाम खटाई में पड़ सकता है। भारी बारिश के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी और केकेआर के बीच आईपीएल 2025 का मैच पटरी से उतरने का खतरा है। पूर्व भारतीय कप्तान की लाल गेंद वाले क्रिकेट से विदाई की यादें प्रशंसकों के जेहन में ताजा हैं, ऐसे में आरस. ीबी के खिलाड़ी अपने आइकन को सम्मानित करने के लिए तैयार हैं, जो भावनात्मक रूप से काफी रोमांचक होने का वादा कर रहा है। हालांकि, इंद्र देवता सहयोग करने के लिए अनिच्छुक दिखाई दे रहे हैं। पूर्वानुमानों के अनुसार टॉस के समय शाम सात बजे बारिश होने की 71 प्रतिशत संभावना है, और पूरी शाम बारिश जारी रहेगी। एक्यूवेदर के अनुसार, शाम पांच बजे बारिश की संभावना 58 प्रतिशत है और रात 9 बजे भी यह 49 प्रतिशत बनी हुई है, जिससे संभावित बाढ़ की आशंका बढ़ गई है।पिछले कुछ दिनों में बेंगलुरु और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश हुई है, कई इलाकों में जलभराव की खबरें हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम, हालांकि विश्व स्तरीय जल निकासी प्रणाली से लैस है, फिर भी अगर शाम तक बारिश जारी रहती है तो संघर्ष करना पड़ सकता है। यह मैच काफी अहम है। आरसीबी को प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए जीत की जरूरत है और वह अंक साझा करने से बचना चाहेगी। इस बीच, केकेआर इस सीजन में एक बार पहले ही मौसम की मार झेल चुका है - ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसका पिछला मैच सिर्फ एक ओवर के बाद रद्द कर दिया गया था। आयोजक और प्रशंसक अब सांस रोककर आसमान को देख रहे हैं। बारिश के साफ होने पर देर से शुरू होने की उम्मीद है, लेकिन कोहली को विदाई देने वाले एक पूर्ण, सूखे स्टेडियम में खेले जाने वाले भावनात्मक प्रतिध्वनि मौसम की पहली मार हो सकती है।

# नीरज चोपडा ने पहली बार किया 90 पार

**● नीरज चोपडा ने दोहा डायमंड 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाई**

**दोहा, वार्ता।** भारत के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार रात दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार 90 मीटर की बाधा को पार किया, लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर ने नाटकीय अंदाज में उन्हें जीत से वंचित कर दिया, जिन्होंने अंतिम दौर में 91.06 मीटर की छलांग लगाकर विश्व में अग्रणी स्थान हासिल किया।

टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा विश्व रजत पदक विजेता चोपड़ा ने ऐतिहासिक थ्रो के साथ शुरुआत में ही लय बना ली थी जिससे वह 2019 में शिवपाल सिंह द्वारा 90.10 मीटर (हवा की मदद वाली परिस्थितियों में) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने थ्रो के बाद जीत की खुशी में अपने हाथ ऊपर उठाए और एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि का जश्न मनाया। 2022 के यूरोपीय चैंपियन वेबर ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी के लिए बचाकर रखा, छठे राउंड में एक बड़ा थ्रो फेंककर चोपड़ा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और सीजन की अपनी पहली डायमंड लीग जीत दर्ज की। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 85-34 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 2025 डायमंड लीग कैलेंडर में तीसरे स्थान पर रही इस मीट में कई विश्व-अग्रणी प्रदर्शन और ट्रैक और फील्ड में ओलंपिक रीमैच देखने को मिले। जमैका की टिया क्लेटन ने महिलाओं की 100 मीटर में 10-92 सेकंड की विश्व बढ़त हासिल की, उन्होंने वापसी करने वाली शेली-एन फेजर-प्राइस सहित एक मजबूत क्षेत्र को हराया, जो 2022 के बाद से अपनी पहली प्रतिस्पर्धी दौड़ में चौथे स्थान पर रही। तीन बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फ्रेजर-प्राइस का सर्किट में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बोत्सवाना के लेट्साइल टेबोगो ने यूएसए की कोर्टनी लिंडसे को मात्र 0:01 सेकंड से पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 20:10 सेकंड का समय लिया, जबकि ललडसे ने 20:11 सेकंड का समय लिया। फील्ड स्पर्धाओं में ग्रेट ब्रिटेन की मौली कॉडरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में 4.75 मीटर की छलांग लगाकर जीत हासिल की। इस स्पर्धा में यूएसए की ओलंपिक चैंपियन कैटी मून और सैंडी मॉरिस शामिल थीं। इटली की रॉबर्टा ब्रूनी और मून ने 4.63 मीटर की समान छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया। जमैका के रशीद ब्रॉडबेल ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.14 सेकंड के समय के साथ जीत हासिल की, जबकि यूएसए के शेल्बी मैकएवेन ने पुरुषों की ऊंची कूद में 2.26 मीटर की दूरी तय करके पेरिस ओलंपिक में मिली हार का बदला लिया और न्यूजीलैंड के हामिश केर (2-23 मीटर) को पछाड़कर जीत हासिल की। केन्या के धावकों ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया।




## नया कीर्तिमान स्थापित करने पर नीरज को बधाई दी

जयपुर, वार्ता। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एथलीट नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग में इतिहास रचते हुए पहली बार 90 मीटर की दूरी पार कर नया कीर्तिमान स्थापित करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से नीरज चोपड़ा के इस कीर्तिमान पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस असाधारण प्रदर्शन से उन्होंने सिद्ध कर दिया है कि अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा 'शाबाश नीरज। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रतिभाशाली एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में अपने करियर में पहली बार 90.23 मीटर भाला फेंककर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय हॉकी टीम घोषित



**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से दो जून के बीच खेले जाने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है।

**■ टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चीली खेलेंगे**

इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी में अहम भूमिका निभायेगा। भारतीय टीम प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। भारतीय टीम का नेतृत्व गोलकीपर निधि करेंगी जबकि फॉरवर्ड हिना बानो उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी। चयनित टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी लमज शामिल हैं, जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाय के रूप में शामिल किया गया है। रक्षात्मक इकाई में ममिता ओरम, लालथंटलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी और साक्षी शुक्ला शामिल हैं। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, अनीशा साहू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, खैदेम शिलेमा चानू, संजना होरो, सुप्रिया कुजूर और प्रियंका डोगरा होंगी, जबकि हुडा खान और मुनमुनि दास को स्टैंडबाय मिडफील्डर के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा। फॉरवर्ड लाइन में हिना बानो, सोनम, सुखवीर कौर, गीता यादव, लालरिनपुई, कनिका सिवाच और करमनप्रीत कौर शामिल हैं, जबकि सेलेस्टिना होरो को स्टैंडबाय फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा, ह्न जूनियर विश्व कप के छह महीने हम इस टीम से अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं। यह दौरा खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन और अनुभव प्रदान करेगा।

# भारत मालदीव को हराकर सैफ अंडर-19 के खिताबी मुकाबले में

**● भारत ने गोल्डन जुबली स्टेडियम में भारी बारिश के बीच मालदीव को 3-0 से हराया**

**अरुणाचल प्रदेश, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन भारत ने यहां गोल्डन जुबली स्टेडियम में भारी बारिश के बीच मालदीव को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। डैनी मेइतेई लैशराम (14'), ओमंग डोडम (21') और प्रशान जाजो (66') के गोलों ने खिताबी मुकाबले में भारत की आसान जीत सुनिश्चित की। भारत का सामना बांग्लादेश अंडर-19 टीम से होगा, जिसने पहले दिन हुए दूसरे सेमीफाइनल में नेपाल को 2-1 से हराया था। शुरुआत से ही भारत का खेल पर पूरी तरह नियंत्रण नजर आया। गेंद पर कब्ज़ा जमाकर और गति को नियंत्रित करते हुए उन्होंने लगातार हमलों के साथ मालदीव को अपने ही हाफ में धकेल दिया। 14वें मिनट में एक बेहतरीन कॉर्नर रूटीन के बाद शुरुआती सफलता मिली। प्रशान जाजो ने बाईं ओर से एक आकर्षक डिलीवरी की, और डैनी मीतेई ने बाएं पैर से वॉली से शानदार तरीके से गेंद को जोड़ा, जो उछलकर नेट के पीछे जा गिरी। यह डैनी का टूर्नामेंट का पाँचवाँ गोल था और उनकी शानदार फिनिशिंग का एक और उदाहरण था। भारत ने छह मिनट बाद ही दूसरा गोल किया और यह बेहतरीन टीम वर्क का नतीजा था। जाजो ने एक बार फिर शानदार खेल दिखाया और गेंद को बाएं विंग से आगे बढ़ाकर मालदीव की बैकलाइन पर पहुंचा दिया। मेइतेई ने स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी ओमांग डोडम को गेंद दी, जिन्होंने करीब से कोई गलती नहीं की और हाफ टाइम तक भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि मालदीव ने पिछले मैचों में आक्रामक खेल दिखाया था, लेकिन उन्हें भारतीय डिफेंस को भेदने में दिक्कत हुई। जब वे शॉट लगाने में सफल रहे, तो गोलकीपर सूरज सिंह अहीबाम ने उनका बखूबी साथ दिया। भारत ने दूसरे हाफ में रणनीति के मामले में चतुराई दिखाई और मालदीव को वापसी करने का मौका नहीं दिया। ब्रेक के बाद उनके जोरदार तरीके से आगे बढ़ने की संभावना को देखते हुए भारत ने पासिंग लेन बंद कर दी और किसी भी संभावित खतरे को खत्म कर दिया। दूसरे हाफ में भारत ने खुद को अच्छी तरह से ढाल लिया और जल्द ही गोलकीपिंग की गलती का फायदा उठाया। 65वें मिनट में, जाजो ने बॉक्स के बाहर से दाएं पैर से जोरदार शॉट लगाया। मालदीव के गोलकीपर ज़ाहरान हसन ज़ियाद शॉट की गति का सही अनुमान नहीं लगा पाए और गेंद उनके हाथों से फिसल गई। जिसने मैच को 3-0 पर पहुंचा दिया।मालदीव द्वारा सम्मान बचाने के लिए कुछ देर से किए गए प्रयासों के बावजूद, भारत की बैकलाइन मूसलाधार बारिश के बीच भी दृढ़ रही और एक और सुनिश्चित प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में, बांग्लादेश ने कड़े मुकाबले वाले सेमीफाइनल में नेपाल अंडर-19 के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहले हाफ में गोल रहित और संघर्षपूर्ण खेल के बाद, खेल अंतिम 20 मिनट में जीवंत हो गया। आशिकुर रहमान ने 74वें मिनट में गोल करके स्कोरिंग की शुरुआत की, और संयमित फिनिश के साथ गतिरोध को तोड़ा।



# सिनर-अल्काराज इटैलियन ओपन के फाइनल में

**■ जेनिक सिनर ने अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल को हराकर अगले दौर में बनाई जगह**

**रोम, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिकी टॉमी पॉल को हराकर कार्लोस अल्काराज़ के खिलाफ़ इटैलियन ओपन के फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है। तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर खेलते हुए, सिनर ने शुक्रवार को 11वें वरीय खिलाड़ी को 1-6, 6-0, 6-3 से हरा दिया। रोम के खचाखच भरे सेंटर कोर्ट में, 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने अपराजित अभियान को 26 मैचों तक बढ़ाया। वह 1976 में एड्रियानो पनाटा के बाद टूर्नामेंट में पहले इतालवी पुरुष एकल विजेता बनने से एक जीत दूर रह गए हैं।

उतार-चढ़ाव भरे मैच में, पॉल ने पहले सेट में शानदार जीत हासिल करते हुए 5-0 की बढ़त हासिल की, जिसके दौरान सिनर ने 13 अनफोर्स्ड एरर किए और केवल दो विनर बनाए लेकिन दूसरे सेट के शुरू से ही मैच पलट गया। घरेलू प्रबल दावेदार ने पॉल को पीछे छोड़ते हुए लगातार नौ गेम जीत लिए, और अमेरिकी खिलाड़ी वापसी नहीं कर सका। इससे पहले शुक्रवार को, अल्काराज़ ने लो. रेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6 (7-4) से हराकर इटली के खिलाफ़ फ़ाइनल की उम्मीदों को तोड़ दिया था। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज़ इस महीने के अंत में होने वाले फ्रेंच ओपन के लिए अच्छी स्थिति में दिख रहे हैं। मौजूदा रोलैंड गैरोस चैंपियन ने सिर्फ़ दो घंटे से ज़ड़ादा समय में सीधे सेटों में जीत हासिल करके सीज़न के चौथे फ़ाइनल में प्रवेश किया। मुसेट्टी के लिए, यह स्पैनियार्ड से लगातार पाँचवीं हार थी, जिसमें पिछले महीने मोंटे कार्लो फ़ाइनल में क्ले पर हुई मुक़ाबले में मिली हार भी शामिल है। 23 वर्षीय मुसेट्टी ने पहले सेट में सर्विस के तीन ब्रेक दिए और 29 अनफ़ोर्स्ड एरर किए, और क्ले में अपना रैकेट पटकने के बाद अंपायर ने उन्हें चेतावनी दी। दूसरे सेट की शुरुआत में खिलाड़ियों ने ब्रेक का आदान-प्रदान किया और मुसेट्टी ने कुछ शानदार शॉट्स के साथ 4-3 से बढ़त हासिल की।

# इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान कर दिया है। डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान बनाया गया है, जबकि ध्रुव जुरेल उनके डिप्टी बनाए गए हैं।

बीसीसीआई ने बताया कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। टीम को इंग्लैंड में तीन मैच खेलने हैं। इनमें दो मैच इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होंगे, जबकि तीसरा मैच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ खेला जाएगा।

इंग्लैंड लायंस से इंडिया ए का पहला मैच 30 मई से 2 जून और दूसरा मैच 6 से 9 जून तक खेला जाएगा। जबकि भारतीय सीनियर टीम के साथ मुकाबला 13 से 16 जून के बीच खेला जाएगा। सीनियर टीम को 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला मुकाबला हेडिंग्ले में खेला जाएगा। यह दौरा 4 अगस्त तक चलेगा। इन प्लेयर्स की हुई वापसी इस टीम में करुण नायर, शार्दूल ठाकुर और ईशान किशन जैसे बड़े नाम हैं। तनुष कोटियान, आकाश दीप भी शामिल हैं। शार्दुल ठाकुर का सीनियर टीम का हिस्सा बनना तय माना जा रहा है। सीनियर प्लेयर्स को भी टीम में चुना गया इस टीम में कई सीनियर टीम के प्लेयर्स को जगह दी गई है। इनमें ओपनर यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दूल ठाकुर जैसे नाम हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऑपरेशन संदूर में भारतीय सैनिकों द्वारा दिखाई गई वीरता को नमन करते हुए अलग अलग भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

यात्रा का नेतृत्व राज्यसभा सांसद कांता कर्दम, राज्यमंत्री कुंवर बृजेश, गंगोह विधायक चौ. किरत सिंह, पूर्व कैबीनेट मंत्री डा. धर्मसिंह सैनी, विधायक देवेन्द्र निम, नगर विधायक राजीव गुंबर, महापौर डॉ. अजय सिंह तथा भूतपूर्व सैनिकों ने किया। तिरंगा यात्रा में एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र-छात्राएं, एन एस एस वॉलंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक, मोरगंज, कक्करगंज, चौक फव्वारा, बाजार शहीदगंज, चौकी सराय, नेहरू मार्केट, श्रीराम चौक होते हुए चौक घंटाघर तक पहुंची। इसके अलावा खेमका सदन से भी तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसका हकीकत नगर में समापन किया गया।

तिरंगा यात्रा के समापन पर शहीद भगत सिंह के भतीजे किरनजीत सिंह सिंधु ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन संदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा दिया गया करारा जवाब हर देशवासी का मनोबल बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने जो शौर्य गाथा रची है, वह इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज की जाएगी।

इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन, सिविल डिफेंस चीफ वार्डन राजेश जैन, पूर्व मंत्री संजय गर्ग समाजसेवी अमीर खान एडवोकेट, व्यापारी नेता शैलेन्द्र भूषण गुप्ता, किशन लाल ठक्कर, यशपाल मैनी, महेश नारंग, एम. आजाद अंसारी, शशि वालिया, के.एल. अरोड़ा, अशोक गांधी, रविंद्र मिगलानी, एच. एस. चड्ढा, गुरप्रीत सिंह बग्गा, पार्षद मुकेश गक्कड़, राजकुमार मक्कड़, योग चुग, संजय गक्कड़, निधि राणा, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# डीआईजी अभिषेक ने सुनीं जनसमस्याएं



**सहारनपुर।** डीआईजी अभिषेक सिंह ने जनसुनवाई में जनता की शिकायतों की सुनवाई करते हुएत्वरित निस्तारण के दिशा निर्देश दिये।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच संवाद को मजबूती से पेश करना और उनकी समस्याओं का ततत्काल प्रभाव से समाधान सुनिश्चित कराना है। पुलिस उप महानिरीक्षक की सुनवाई से लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके त्वरित कार्यवाही से उचित न्याय मिल सके।

# नीरपाल ने प्रशिक्षुओं का किया सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय 51 प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया।

चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि खेल हमारी अंतरात्मा में बसते है। खेल प्रकोष्ठ की पूरी टीम का प्रयास है कि खेलो के प्रति गांव गांव में बच्चे रुचि ले।और खेल के सही प्लेटफार्म पर आकर अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाए। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने विदेशों में भी तिरंगा फहराया है।अध्यक्षता करते हुए सैनिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल सिंह ने कहा कि हम खेल प्रकोष्ठ की पूरी टीम को बधाई दी। इस दौरान कृष्णपाल पहलवान को जिला बागपत खेल प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। संचालन विनोद खेड़ा ने किया।

सम्मेलन को मास्टर सुरेश पाल राणा, प्रदेश महासचिव अरविंद पंवार, गन्ना समिति के डायरेक्टर वीरेंद्र राणा, विक्रांत राठी, महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा बालियान, मास्टर देवेंद्र सोलंकी, चौ तेजपाल, मनोज तोमर, सोमपाल बडोली, विनोद प्रधान जिलाध्यक्ष शामली, नीरज ठेकेदार, बाबूराम ठेकेदार, कोच सूरज, कोच उपेंद्र, कोच सचिन तोमर, कोच विपिन डांगी शूटिंग आदि ने संबोधित किया।

# मौ. अनस मिस्टर व अलीना बनी मिस ग्लोकल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी के पैरामेडिकल कॉलेज में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में पैरामेडिकल फेयरवेल फिएस्टा 2025 का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर एडिशनल प्रो चांसलर सैयद निजामुद्दीन, रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी, प्रतिकुल. पति प्रोफेसर जॉन फिनबे, प्राचार्य एवं निदेशक पर प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने छात्रों को प्रेरणादायक संदेश दिए। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर शोभा त्रिपाठी ने अपनी भावनात्मक काव्य रचना के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की समन्वयक सहायक प्राध्यापक आश्रिता दुबे रहीं। मंच का संचालन निकीता चौधरी और नाहिद नदीम ने किया, जबकि स्वागत भाषण अरिबा बुशरा ने प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सरस्वती वंदना, समूह नृत्य, एकल गीत एवं नृत्य, नाटक और खेलकूद की गति. विधियाँ शामिल थीं, जिन्होंने आयोजन को जीवंतता प्रदान की। समारोह में मिस्टर एण्ड मिस फेयरवेल जेम 2025 जैसे विशेष उपाधियाँ भी प्रदान की गईं। मिस्टर फेयरवेल जेम 2025 का खिताब मोहम्मद अनस को मिला, जबकि मिस फेयरवेल जेम 2025 अलीना रही को घोषित किया गया।



इसके अतिरिक्त रिंकू कुमार, रुखसार खान, दीपक कुमार, अनमत, सिदरा खान और मोहम्मद आसिफ को विभिन्न श्रेणियों में उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागीय शिक्षकों - राशदा रहमान, निगहत अख्तर, शशांक पाल, गुरदीप पंवार, हिमांशु, शेख अब्दुल वासे, हिमानी नोटियाल, अर्जुन पंवार एवं मोहम्मद हारिश का विशेष योगदान रहा। समारोह में डॉ. रेशमा ताहिर, अकादमिक इंचार्ज, उमेश कुमार, डीन फार्मेसी, और मोहम्मद जमीरुल इस्लाम, चीफ प्रॉक्टर भी उपस्थित रहे।

अंत में सहायक प्राध्यापक आश्रिता दुबे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान एवं सामूहिक फोटोग्राफी सत्र के साथ हुआ।

# नवीन को बनाया आरपीआई आठवले का मण्डल प्रभारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया आठवले का नवीन गर्ग को मंडल प्रभारी मनोनीत किया गया है।



प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि नवीन गर्ग के मनोनयन से पार्टी को मंडल में मजबूती मिलेगी। उम्मींद है कि नवीन गर्ग अपनी राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन योग्यता के आधार पर प्रदेश में पार्टी को विस्तारित करने का कार्य करेंगे एवं बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर व डा.राम मनोहर लोहिया के विचारों को क्रियांवित करेंगे। नवीन गर्ग ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेंदारी दी गई है। उसका बखूबी निर्वहन किया जायेगा।

# अभिषेक के नाम पर अखिलेश की मोहर



**■ पार्षद टिंकू को दोबारा सौंपी सपा महानगर वि.स. प्रभारी की जिम्मेदारी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा को महानगर विधानसभा प्रभारी नामित किया गया है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने आज पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार अभिषेक टिंकू अरोड़ा को नगर विधानसभा से प्रभारी नियुक्त कर निर्देश देते हुए कहा कि पीडीए कार्यक्रमों की समीक्षा एवं बूथ कमेटियों को मजबूत करने हेतु उन्हें नगर विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। नगर विधानसभा प्रभारी एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा को दोबारा पत्र जारी कर के स्पष्ट करने का काम किया है कि लगातार नगर में विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा निभा रहे थे और आगे भी बखूबी इसका निर्वाहन करेंगे। टिंकू अरोड़ा ने नगर विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल एवं देहात विधायक आशु मलिक, पूर्व विधायक मावीया अली एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सभी साथियों के सहयोग से यह जिम्मेदारी उन्हें लगातार दी गई है उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर वह सभी साथियों के सहयोग से खरा उतारने का प्रयास करेंगे और पार्टी को अधिक से अधिक मजबूत करने में अपना योगदान देंगे।

# मेडिग्राम में लगाया गया सर्जरी कैम्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेडिग्राम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में लेजर द्वारा बवासीर भंगदर एवं फिशर की सर्जरी को कैम्प लगाया गया।

मेडिग्राम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल समय-समय पर रोगों के इलाज एवं निदान हेतु विश्व में उपलब्ध नवीनतम तकनीकों का प्रयोग कर सहारनपुर तथा आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आरोग्य प्रदान करने हेतु कृत संकल्प है। मेडिग्राम हॉस्पिटल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एकमात्र हॉस्पिटल जहां लेजर विधि के प्रयोग से बवासीर, भगंदर एवं फिशर की सर्जरी की जा रही है। शिविर में जनपद व आस पास के क्षेत्रो से बवासीर, भगंदर एवं फिशर से लम्बे समय से पीड़ित बड़ी संख्या मे मरीजों ने निशुल्क परिक्षण एवंअन्य सुविधाओं का लाभ उठाया।

शिविर में मेडिग्राम हॉस्पिटल के लेप्रोस्कोपिक एवं लेजर सर्जन डॉ रवि जैन ने मरीजों को लेजर सर्जरी द्वारा बवासीर भगंदर एवं फिशर की सर्जरी के लाभ एवं सुविधाओं के बारे में बताया। डॉ रवि जैन ने बताया कि यह सर्जरी एक दिन में पूर्ण हो जाती है तथा यह सर्जरी दर्द रहित है इसमें कोई चीरा एवं पट्टी इत्यादि की आवश्यकता नही होती तथा मरीज अगले दिन से अपने सामान्य दिनचर्या के कार्य कर सकता हैं। डॉ रवि जैन ने बताया कि लेजर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि लेजर से सर्जरी के बाद बवासीर, भगन्दर एवं फिशर के दोबारा होने कि सम्भावना अन्य उपलब्ध सर्जरी के मुकाबले मे न्यूनतम है।

# निर्यात निगम बिजली घर का अवर अभियंता वीपी सिंह ने संभाला चार्ज

**■ कहा-उपभोक्ताओं का हित हमेशा रहेगा मेरे लिए सर्वोपरि**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी निर्यात निगम बिजलीघर अवर अभियंता तेज पाल सिंह का तबादला मुरादाबाद कर दिया गया है। उनके स्थान पर अवर अभियंता वीपी सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिया है।

उन्होंने 13 मई को ही बिजली घर का कार्यभार संभाल लिया था। वीपी सिंह के पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने सबसे पहले बिजली घर की व्यवस्था की जानकारी ली। उसके पश्चात उन्होंने विद्युत कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में सभी कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा विद्युत चोरी रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए जायें। विद्युत बिलों की वसूली शत-प्रतिशत की जाए। उन्होंने कहा बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बांधा उत्पन्न नहीं होने पाये । बैठक में उन्होंने राजस्व की वसूली एवं बिजली चोरी रोकने पर अधिक जोर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने बिजली घर की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए तत्काल सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिये हैं। उन्होंने बताया उनकी प्राथमिकता रहेगी की उपभोक्ताओं के हितों में एवं सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार ही कार्यो को अंजाम दिया जाएगा ।

# कोरिया के लिए भारतीय टीम का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय कुराश टीम चयन प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाडियों का भारतीय टीम के लिये चयन हो गया। टीम में चयनित खिलाडी कोरिया में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में प्रतियोगिता के दूसरे दिन सीनियर बालक वर्ग के -60 किग्रा में महाराष्ट्र के सागर, -66 किग्रा में पंजाब के ओमरतन, -73 किग्रा में हरियाणा के रोहित, -81 किग्रा में विशाल, -90 किग्रा में दिल्ली के निलेश, -100 किग्रा में हरियाणा के राहुल, -120 किग्रा में हरियाणा के जतिन, + 120 किग्रा में हरियाणा के परिक्षित कुमार तथा बालिका वर्ग में -48 किग्रा में हरियाणा की सिमरन, -52 किग्रा में हरियाणा की पूजा मलिक, -57 किग्रा में दिल्ली की पिंकी, -63 किग्रा में हरियाणा की काश्वी, -70 किग्रा में शीनू, -78 किग्रा में दिल्ली की कशिश डागर, -87 में हरियाणा की प्रगति, + 87 किग्रा में दिल्ली की मुस्कान ने प्रथम स्थान हासिल किया। सभी का चयन भारतीय टीम में हो गया है।



द इंडियन कुराश एसोसिएशन के महासचिव विक्रान्त कुमार ने बताया कि 31 जुलाई से 5 अगस्त तक कोरिया में होने वाली एशियन कुराश चैम्पियनशिप के लिए सीनियर आयु वर्ग के 16 भार वर्गों में भारतीय टीम का चयन किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कपूर ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कुराश एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, माँ शाकुंभरी विश्व विद्यालय के खेल निदेशक संदीप गुप्ता, भारतीय खेल प्राधिकरण की प्रशिक्षक किरन, सोमबीर, राहुल व्यास, अंकुश नागर, डॉ शक्ति, राजेश कुमार, मोहित शर्मा, अंशुल, अंतरिक्ष, मंजू नायल, ध्रुवेश, दिव्यांश, दीक्षा ने विजेता खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिये बधाई दी।

# घायल को नहीं मिला समुचित उपचार

**चिलकाना।** मजदूरी कर अपने घर वापस लौटते समय थ्री व्हीलर व रेहडे के बीच हुई टक्कर में घायल हुआ एक युवक दस दिन से उपचार के लिए तडप रहा है, जिसे मेडिकल कॉलेज पिलखनी से लेकर हायर सैंटर चंडीगढ तक निराशा ही हाथ लगी।

जानकारी के लिए बता दें कि विगत 6 मई को चिलकाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लाहपुर अहाडी निवासी कुछ लोग मजदूरी करके पंजाब से वापस अपने घर लौट रहे थे। वह रेलवे स्टेशन सरसावा से मोहल्ला काजीमल सुल्तानपुर चिलकाना निवासी युवक नईम पुत्र इरफान के सवारी ऑटो में सवार होकर जैसे ही चिलकाना नगर स्थित जियो केयर सैंटर के सामने पहुंचे तभी सामने की ओर से आ रहे मोटरसाईकिल रेहडे ने थ्री व्हीलर में जबरदस्त टक्कर मार दी थी। लेकिन सत्यपाल निवासी अहाडी की स्थिति गंभीर होने के कारण वहीं पर भर्ती कर लिया गया था। बताया जा रहा है कि सत्यपाल को एक सप्ताह के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत अत्यधिक गंभीर बताते हुए हायर सैंटर चंडीगढ रैफर कर दिया था। जहां उसकी सर्जरी होनी थी लेकिन घायल का आधार कार्ड बना न होने के कारण हायर सैंटर ने भी सर्जरी करने से हाथ खडे कर दिये। वहीं आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण निजि अस्पताल में उपचार कराना सम्भव नही है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने हादसे के जिम्मेदार रेहडा चालक सादिक उर्फ फिक्की पुत्र इनाम मौहल्ला जाकिर हुसैन कस्बा चिलकाना को उसी समय पकड लिया था लेकिन तहरीर न मिलने के कारण कुछ देर बाद उसे छोड दिया गया था। आज शनिवार को घायल के परिजन व ग्रामवासी लोग घायल सत्यपाल को लेकर थाने पहुंचे व हादसे के जिम्मेदार व्यक्ति को जेल भेजने की मांग की है।

# स्कॉलर बदर मामले ने खोली अमेरिका की पोल

**नदीम निजामी**

**नकुड़।** अमेरिका में भारतीय मूल के स्कॉलर बदर खान सूरी की दो महीने की हिरासत न केवल मानवाधिकारों की स्थिति पर सवाल खड़े कर गई बल्कि दुनिया का सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की हकीकत भी उजागर हो गई।

जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में विजिटिंग स्कॉलर और जामिया मिलिया इस्लामिया के पूर्व छात्र बदर खान सूरी को अमेरिकी पुलिस ने वर्जीनिया स्थित उनके आवास के बाहर से उस वक्त हिरासत में ले लिया था जब वे अपने घर जा रहे थे। उन पर हमास से कथित संबंध के आरोप लगाए गए थे। जबकि आज तक उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया। टेक्सास के प्रेयरीलैंड डिटेंशन सेंटर से रिहा होने के बाद खान सूरी ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि उनकी गिरफ्तारी के पहले सात आठ दिन तक मैंने अपनी परछाई तक नहीं देखी थी। मुझे पता नहीं था कि मुझे कहां ले जाया जा रहा है। और मेरे साथ क्या हो रहा है। बताया कि उनको टखने, कलाई तथा शरीर तक जंजीरों में जकड़ा गया था। उनकी हिरासत के दौरान उन्हें कई डिटेंशन सेंटरों में इधर उधर भेजा गया। वे बताते हैं कि जिस तरह का व्यवहार उनके साथ किया गया वह न केवल अपमानजनक नहिव बल्कि मानसिक और शारीरिक रूप से भी तोड़ देने वाला था। अमेरिकी जिला जज पेट्रीसिया टॉलिवर जाइल्स ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अपने मजबूत संवैधानिक दावों और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे की अनुपस्थिति का हवाला देते हुए बदर खान सूरी को रिहा करने का आदेश दिया। जज ने संविधान का हवाला देते हुए कहा कि पहला संशोधन (थ्पतेज ।उमदकउमदज) नागरिकों और गैर नागरिकों के बीच अंतर नहीं करता है। हालांकि इससे पहले भी अमेरिका ने और भी छात्रों को हमास से कथित कनेक्शन होने पर हिरासत में लिया था। बदर की अनिश्चित हिरासत का सबसे गहरा असर उनके परिवार पर पड़ा। उनकी पत्नी के अनुसार उनका नौ वर्षीय बेटा रोज रोता था और उसे मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग की जरूरत पड़ी। पांच वर्षीय जुड़वां बच्चों की मानसिक स्थिति भी प्रभावित हुई। जज ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार ने अदालत के समक्ष ऐसा कोई पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया। जिससे सूरी के ऊपर लगाए गए आरोपों की पुष्टि हो सके। अपनी रिहाई के बाद खान सूरी ने कहा कि वह अपने परिवार के पास लौटकर राहत महसूस कर रहे हैं। लेकिन इस घटना ने उन्हें अंदर से झकझोर दिया है। उम्मीद है कि भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसी घटना का शिकार न बने। गौरतलब है कि खान सूरी जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में दक्षिण एशिया में बहुसंख्यकवाद और अल्पसंख्यक अधिकार विषय पर कोर्स पढ़ा रहे थे। उनकी रिहाई की खबर मिलते ही उनके पैतृक नकुड़ आवास पर उनके पिता पूर्व सभासद व रिटायर्ड स्टॉक मार्किंग इंस्पेक्टर ने अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए कहा कि उन्हें यकीन था कि उनका बेटा बिल्कुल निर्दोष है। वह कभी गलत काम नहीं कर सकता। उसीके परिणामस्वरूप अल्लाह ने उनके बेटे की मदद करते हुए बेकुसूर साबित कर दिया है।



# अवैध खनन व परिवहन पर अफसरों की लोकेशन देने वाला गिरफ्तार

**■ मोबाइल में बना रखा था व्हाट्स एप ग्रुप सबका साथ सबका विकास, लोकेशन की जा रही थी लीक**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खनन विभाग टीम ने अवैध खनन व परिवहन में संलिप्त ट्रक का पीछा कर एक व्यक्ति को पकड लिया। उसके पास से एक मोबाइल बरामद किया गया जिससे वह अधिकारियों की लोकेशन को लीक किया करता था।

शुक्रवार की रात्रि खान निरीक्षक ने तहसील बेहट में एकवाहन का पीछा किया जो उनकी लोकेशन का आउट किये जा रहा था। वाहन को रूकवाने का प्रयास किया गया तो एक व्यक्ति भागने में सफल रहा, जबकि दूसरे को धर दबोचा। पकडा गया व्यक्ति नफीस है। उसके पास से दो मोबाइल बरामद हुए। जिसमें एक व्हाटस एप ग्रुप था सबका साथ सबका विकास। इस ग्रुप के जरिये नफीस द्वारा अधिकारियों की लोकेशन लीक की जा रह थी। इसके अलावा उक्त वाहन स्वामी द्वारा बिना परिवहन प्रपत्र के उपखनिज से लदे वाहनों को पास कराये जाने का कार्य कराया जा रहा था। वाहन व पकडे व्यक्ति को मिर्जापुर पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया है। साथ ही थाना मिर्जापुर में संबंधितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बताते चले कि खनन विभाग समेत जिला प्रशासन अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ अभियान छेडे हुए है। इसके बावजूद भी अवैध खनन व परिवहन करने वालों के हौंसले बुलंद थे।




**नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाने और भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेते वकील।**

## लुप्तप्राय काकापो तोते को संरक्षित करने के लिए कृतिम गर्भाधान का सफल उपयोग

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के लुप्तप्राय हो रहे काकापो तोते को संरक्षित करने की दिशा में वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस प्रजाति की प्रजनन क्षमता में सुधार लाने और दुर्लभ आनुवंशिकी संरक्षित करने के लिए कृत्रिम गर्भाधान (एआई) का सफलतापूर्वक उपयोग किया है। न्यूज़ीलैंड के संरक्षण विभाग, ओटागो विश्व. विद्यालय और जर्मनी के जस्टस लिबीग विश्वविद्यालय गिसेन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, एआई दुनिया के सबसे दुर्लभ तोतों में से एक को संरक्षित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है, जो प्रजनन सफलता को बढ़ाने और आवश्यक आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने में मददगार है।

# ट्रम्प के प्रवासियों को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति नाराज, कहाः जज अपराधियों को देश से निकालने नहीं देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के वेनेजुएला के अप्रवासियों को देश से निकालने के फैसले पर रोक लगा दी है। कई अप्रवासी अभी टेक्सास की एक हिरासत केंद्र में बंद हैं। ट्रम्प प्रशासन 1798 के 'एलियन एनिमीज एक्ट' के जरिए उन्हें जल्द से जल्द देश से बाहर भेजना चाहता था।

ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने जो तरीका अपनाया, जैसे कि 24 घंटे में बिना सुनवाई को अप्रवासी को देश से बाहर भेज देना, यह कहीं से सही नहीं है। एलियन एनिमीज एक्ट युद्ध के समय का बनाया हुआ कानून है जिसमें दुश्मनों को देश से निकालने के लिए कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करनी होती है। हालांकि अमेरिकी संविधान के कुछ प्रावधान के जरिए इसे कोर्ट में चुनौती दी गई थी। निचली अदालत ने सुनवाई से इन्कार किया था, अब वही फैसला देगी इस फैसले का मतलब है कि प्रवासियों को यह जानने और अदालत में चुनौती देने का



**सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा**

अधिकार है कि उन्हें क्यों निकाला जा रहा है। हालांकि यह फैसला अभी अस्थाई है और इस पर पूरी कानूनी लड़ाई अभी बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामला एक निचली अदालत (फिफ्थ सर्किट कोर्ट) को वापस भेज दिया है ताकि वहां इसे और अच्छे से सुना जा सके। यह वहीं अदालत ने जिसने अप्रैल में इस मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया था। अदालत के फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा-सुप्रीम कोर्ट हमें अपराधियों को देश से बाहर निकालने की इजाजत नहीं देगा। ट्रम्प दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से ही देश में अवैध तौर पर रह रहे लोगों को निकालने में जुटे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने एलियन एनिमीज एक्ट का इस्तेमाल करते हुए मार्च 2025 में वेनेजुएला के लगभग 137 अप्रवासियों को अल सल्वाडोर भेज दिया था। ट्रम्प का आरोप था कि ये अपराधी हैं और कुख्यात गिरोड 'ट्रेन डे अरागुआ' से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन प्रवासियों में से कई के खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं थे और इन्हें बिना उचिता कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना हिरासत में ले लिया गया था। अल सल्वाडोर में इन अप्रवासियों को दुनिया की सबसे खतरनाक मानी जाने वाली सीकोट जेल में भेज दिया गया।

### ट्रम्प फिर पलटे, कहाः भारत-पाक न्यूक्लियर वॉर मैंने रुकवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रो. कने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया था कि वे परमाणु जंग के बहुत करीब पहुंच गए थे। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हालात बहुत गंभीर हो गए थे। अगला कदम क्या होता, आप जानते हैं, 'छ वर्ड'। यानी न्यूक्लियर वार। विदेश नीति की सफलताओं पर ट्रम्प ने कहा कि भारत-पाकिस्तान जंग को रोकना उनकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। हालांकि उन्हें

**अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहाः मुझे इसका क्रेडिट नहीं मिला, 7 दिन में छह बार सीजफायर पर बयान दिए**

इसका क्रेडिट नहीं मिला। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को जंग रोकने के बदले उनके साथ ट्रेड करने का प्रस्ताव रखा था। अब मैं बिजनेस का इस्तेमाल हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं। मुझे भारत और पाकिस्तान की मजबूत लीडरशिप पर बहुत गर्व है, जिन्होंने ताकत, समझदारी और हिम्मत दिखाकर यह फैसला लिया कि अब मौजूदा तनाव को रोकने का समय है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा से भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। एसएसबी सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि बिना वैध कागजात के भारत में प्रवेश करने के कारण एक कनाडाई नागरिक को रक्सौल सीमा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पंजाब के कपूरथला का निवासी है, जो वर्तमान में कनाडा का नागरिक है। एसएसबी टीम ने पूछताछ के बाद हरप्रीत को हिरासत में लिया है। पूछताछ में पता चला है कि हरप्रीत 2023 में भारत आया था और उसके वीजा की अवधि 2024 में ही समाप्त हो गई थी। वीजा की अवधि समाप्ति के बाद भी वह भारत में प्रवास करता रहा। सूत्रों ने बताया कि हरप्रीत पिछले दिनों रक्सौल के रास्ते नेपाल और फिर हांगकांग होते हुए कनाडा लौटने के लिए काठमांडू गया था। हरप्रीत ने बताया कि पंजाब में किसी ने उसे यह रास्ता सुझाया था।

### ब्रिक्स ऊर्जा मंत्री सम्मेलन के लिए ऊर्जा मंत्री ब्राज़ील की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल 19 मई को होने वाली ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मनोहर लाल ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ समावेशी और सतत वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सशक्त बनाने के विषय के अंतर्गत ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच, सामर्थ्य और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में भारत पिछले दशक की अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा, जिसमें बिजली क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन में नेतृत्व, साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास शामिल हैं। देश ऊर्जा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने और ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेगा।

### पोप लियो 14वें के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल वेटिकन सिटी में 18 मई को होने वाले पोप लियो चौदहवे के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा। इसमे राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यंथुंगो पैटन शामिल हैं। यहां जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण वैश्विक धार्मिक आयोजन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी अंतर-धार्मिक जुड़ाव, समुदायों के बीच परस्पर सम्मान और होली सी के साथ कूटनीतिक जुड़ाव के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### बंधकों की रिहाई के लिए एक बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू

# गाजा पर इजरायली हमले जारी, तीन दिन में 250 मरे

**गाजा।** इजरायली सेना ने हमास को हराने और अपने बंधकों की रिहाई के लिए गाजा में एक बड़ा मिलिट्री आपरेशन शुरू किया है। इस आपरेशन के तहत इजरायल ने बीते 3 दिन में गाजा पर कई बड़े हमले किए, जिसमें 250 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं सिर्फ बीते 24 घंटे में ही गाजा पट्टी में हमास के 150 से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए। इजरायल का कहना है कि वह तब तक अपना अभियान जारी रखेगा, जब तक हमास खत्म नही हो जाता। इजरायल ने गाजा पर कंट्रोल के लिए 5 मई को 'गिदोन चैरियट्स' मिलिट्री आपरेशन की शुरुआत की थी।

इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि



**24 घंटे में हमास के 150 ठिकानों पर हमला, गाजा खाली कराने का आपरेशन जारी**

उनके पास खाने का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (एफपी) के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में एफपी के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने के बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का ही भोजन बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है। अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगीं। गाजा पट्टी के खान यूनिस में फलस्तीनी लोग भूख के संकट से जूझ रहे हैं। इजरायल ने मार्च में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई पर रोक लगा दी थी। अरब लीग शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं ने गाजा में युद्धविराम की मांग रखी इराक की राजधानी बगदाद में शनिवार को अरब लीग शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस सम्मेलन में शामिल हुए स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में नरसंहार को रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की अपील की। वहीं यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि हमें अब एक स्थाई युद्धविराम की जरूरत है। हम गाजा की आबादी के बार-बार जबरन विस्थापन को अस्वीकार करते हैं। जबकि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से गाजा में युद्धविराम के लिए सभी जरूरी कदम उठाने की अपील की। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि उनका देश गाजा के रि-डेवलपमेंट के लिए 'अरब फंड' बनाने का समर्थन करता है।

## इजरायल ने यमन के दो बंदरगाहों पर किया हमला

**सना।** इजरायल ने यमन के होदेइदाह और सालिफ पोर्ट पर हवाई हमले किए। इजरायली सेना ने कहा कि इनका इस्तेमाल हथियार लाने और ले जाने के लिए हो रहा था। यमन में हूती समर्थक टीवी चैनल अल मसीराह ने इन हमलों की पुष्टि की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायली सेना ने इन दोनों बंदरगाहों पर 30 से ज्यादा बम गिराए। इसमें 1 व्यक्ति की मौत हुई है और 9 घायल हुए। हमले के बाद इजरायल ने कहा है हूती विद्रोही अगर हमले नहीं रोकते तो उनका हाल हमास और हिजबुल्लाह नेताओं जैसा होगा। इजरायल ने पिछले साल मोहम्मद देइफ, याह्या सिनवार और हसन नसरल्लाह की हत्या कर दी थी। इजरायली हमले में होदेइदाह पोर्ट

**इजरायली विदेश मंत्री बोलेः हमला नहीं रोका, तो हमास जैसा हाल करेंगे**

पर मौजूद जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा। पीएम नेतन्याहू बोलेः हूती सिर्फ मोहरा, इनके पीछे ईरान इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि हमारे पायलट ने हूती आतंकियों के दो ठिकानों पर सफल हमला किया है। हम हूतियों को और नुकसान पहुंचाएंगे। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि हूतियों के पीछे ईरान हैं। हूती सिर्फ एक मोहरा हैं। उनके पीछे जो ताकत है, जो उन्हें समर्थन देती है और निर्देश देती है, वो ईरान है।

# अमेरिका से भारत पैसा भेजना अब महंगा पड़ेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के लिए अपने घर पैसे भेजना अब और महंगा हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन आउटवर्ड रेमिटेंस यानी अमेरिका से बाहर दूसरे देशों में पैसा भेजने पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने की योजना बना रहा है। इससे हर साल भारत आने वाले पैसे पर अतिरिक्त 1.6 अरब डॉलर यानी करीब 13.3 हजार करोड़ रुपये टैक्स देना पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इसके लिए एक बिल लेकर आने वाले हैं।

इसका असर 4 करोड़ से अधिक लोगों पर पड़ेगा। इनमें ग्रीन कार्ड होल्डर और एच1बी वीजा पर अमेरिका में रहने वाले भारतीय शामिल हैं। ट्रम्प का यह कानून उन भारतीयों पर लागू नहीं होगा, जिनके पास अमेरिका की नागरिकता है। भारत में विदेशों से आने वाला पैसा पिछले एक दशक में दो गुना हो गया है। मार्च 2025 में आई आरबीआई की एक रिपोर्ट के मुता. बिक 2010-11 में प्रवासी भारतीयों ने 55.6 अरब डॉलर भारत भेजे थे। 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 118.7 अरब डॉलर हो गया



**ट्रम्प प्रशासन पांच प्रतिशत टैक्स लगाएगा, हर साल 13 हजार करोड़ रुपये ज्यादा चुकाने होंगे**

है। भारत को सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों ने भेजा है। भारत आने वाले कुल पैसे में इन देशों की हिस्सेदारी आधे से ज्यादा रही। खाड़ी देशों की तुलना में भी इन देशों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। भारत में विदेशों से सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका में रहने वाले प्रवासियों ने भेजा। 2020-21 में भारत आने वाले पैसे में अमेरिका की हिस्सेदारी 23.4 प्रतिशत थी जो 2023-24 में बढ़कर 27.7 प्रतिशत हो गई है।

# भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कियाः शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने एक कार्यक्रम में कहा कि 9 और 10 मई की रात भारत ने पाकिस्तान पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। उन्होंने कहा कि आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें रात 2.30 बजे फोन कर बताया था कि भारत ने नूर खान बेस और बाकी जगहों पर बैलिस्टिक मिसा. इल दागी हैं। शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तान की वायुसेना ने देसी तकनीक और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर देश को बचाया। चीन से मिले जेट्स की आधुनिक टेक्नोलाजी का भी इस्तेमाल किया गया। इससे पहले शरीफ ने भारत के साथ बातचीत की इच्छा भी जताई थी।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार` संसद में टेलीग्राफ अखबार का एक कटआउट दिखाया। इसमें उन्होंने दावा किया कि दुनिया ने



**पाकिस्तान के पीएम ने कहाः आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें फोन कर बताया था**

पाकिस्तानी एयरफोर्स की ताकत का लोहा माना है और उसे 'आसमान का राजा' करार दिया है। इशाक डार ने गर्व से कहा कि ऐसा वे नहीं बल्कि इंटरनेशनल मीडिया कह रहा है। हालांकि उनके इस झूठ की पोल पाकिस्तानी अखबार डान ने खोल दी। अखबार ने इसे फर्जी करार दिया। दरअसल डार ने ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की एक फेक एआई तस्वीर का हवाला देकर पाकिस्तानी एयरफोर्स की तारीफ की थी।

# शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद रूसी ड्रोन हमले में नौ की मौतः यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के पूर्वोत्तर में एक बस पर रूस के ड्रोन हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गये। यह घटना तीन साल में पहली बार दोनों देशों के बीच हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुई।

यूक्रेन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जबकि दोनों पक्षों के नेताओं के बीच संभावित बैठक, युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली पर सहमति पर चर्चा हुई, लेकिन कोई बड़ी सफलता नहीं मिली और तब से रूस के हवाई हमले जारी हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमला आज सुबह सुमी क्षेत्र के बिलोपि. लिया शहर में हुआ। सुमी के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह ह्वीहोरोव ने बताया कि सात लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने भी टेलीग्राम पर कहा कि यह सिर्फ एक

**यह घटना तीन साल में पहली बार दोनों देशों के बीच हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुई**

और गोलाबारी नहीं है-यह एक निंदनीय युद्ध अपराध है। पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूस ने एक नागरिकों को लक्ष्य बना कर उन पर हमला किया है।

रूस ने अभी तक यूक्रेन के इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है कि उसने एक नागरिक बस पर हमला किया है। हालांकि, रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रक्षा मंत्रालय के एक बयान का हवाला देते हुए लगभग उसी समय रिपोर्ट जारी की कि रूसी सेना ने ड्रोन से सुमी क्षेत्र में यूक्रेनी उपकरण मंचन स्थल पर हमला किया। रूस और यूक्रेन दोनों ने एक-दूसरे पर नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जिसे दोनों ने नकार दिया है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस द्वारा साझा की गई एक तस्वीर में एक बुरी तरह क्षतिग्रस्त वैन दिखाई दे रही है, जिसमें यात्री सीटों के दाहिने और ऊपरी हिस्से में बड़े-बड़े छेद हैं। इसकी खिड़कियां और विडशील्ड भी चकनाचूर हो गये हैं। यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि पिछले 24 घंटों में यूक्रेन में कुल मिलाकर रूसी हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए और 38 से ज़्यादा लोग घायल हुए, जिसमें सुमी में हुआ हमला भी शामिल है। डोनेट्स्क क्षेत्र में दो लोग मारे गए और खार्किव और खेरसॉन क्षेत्रों में एक-एक व्यक्ति मारा गया। गौरतलब है कि शुक्रवार की वार्ता युद्ध के शुरुआती हफ्तों के बाद से दोनों पक्षों के बीच पहली आमने-सामने की बैठक थी, लेकिन तुर्की की अध्यक्षता में इस्तांबुल में हुई इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल नहीं हुए।

## पुतिन ने अरब लीग के नेताओं को पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में किया आमंत्रित

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में अरब लीग (एलएएस) के नेताओं को आमंत्रित किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस बात की पुष्टि की है कि राष्ट्रपति पुतिन ने इस शिखर सम्मेलन में अरब लीग के नेताओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहला रूसी-अरब शिखर सम्मेलन है। पुतिन ने अरब लीग के नेताओं और महासि. चव को 15 अक्टूबर को होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। रूसी राष्ट्रपति ने अरब लीग को टेलीग्राम पर कहा कि हम भविष्य में एलएएस के साथ रचनात्मक संवाद विकसित करने और इसके सदस्य देशों के साथ मित्रवत संबंध स्थापित करने का इरादा रखते हैं। इस संदर्भ में, मैं संघ के सभी नेताओं और लीग के महासचिव को 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं।

# किम जोंग उन ने हवाई अभ्यासों की निगरानी की

## उत्तर कोरिया के नेता ने सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों का किया आह्वान



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों को मजबूत करने का आग्रह किया है।

साथ ही कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) द्वारा बड़े पैमाने पर हवाई रक्षा और स्ट्राइक ड्रिल की निगरानी भी की। सरकारी स्वामित्व वाली मीडिया कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) की एक रिपोर्ट के अनुसार किम ने 15 मई को आयोजित अभ्यास के दौरान गार्ड्स फर्स्ट एयर डिवीजन का निरीक्षण किया। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार युद्धाभ्यास को आधु. निक हवाई खतरों-क्रूज मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) सहित-से बचाव में विमान-रोधी बलों और वायु इकाइयों की तत्परता का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। अभ्यास में लड़ाकू पायलटों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल बैटरियों, रडार ऑपरेटरों और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध इकाइयों सहित सैन्य शाखाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लाया गया। अभ्यास में आने वाले खतरों, विशेष रूप से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने वाली क्रूज मिसाइलों और स्वयं-विनाशकारी ड्रोनों का पता लगाने, उन पर नज़र रखने और उन्हें निष्क्रिय करने पर ध्यान कें. द्रित किया गया।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून ने छोड़ी पार्टी

**सोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल ने शनिवार को घोषणा की कि वह आगामी तीन जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले कंजरवेटिव पार्टी 'पीपुल पावर पार्टी' (पीपीपी) से इस्तीफा दे रहे हैं। योल ने पत्रकारों से कहा कि मैं आज पीपुल पावर पार्टी छोड़ रहा हूं। मेरा उन साथियों को नमन है जो मुझ पर भरोसा करते हैं और लंबे समय तक मेरे साथ रहे। उनका मानना है कि पार्टी से अलग होकर वह स्वतंत्र रूप से चुनावी समर्थन जुटा सकते हैं और यही रास्ता उन्हें देश की उदार लोकतंत्र की रक्षा करने में मदद करेगा। योल के खिलाफ हाल ही में कई विवाद सामने आए। इनमें मार्शल लॉ लागू करने की नाकाम कोशिश, महाभियोग प्रक्रिया और राष्ट्रपति पद से स्थाई रूप से हटाया जाना शामिल है। इन घटनाओं के चलते, कई लोगों ने सुझाव दिया कि योल को पार्टी से अलग हो जाना चाहिए ताकि वे स्विग वोटर्स (जो किसी एक पार्टी से बंधे नहीं होते) को लुभा सकें।

# कोलंबिया में विद्रोही समूहों की लड़ाई 66000 लोगों ने किया पलायन

**बोगोटा।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं ने शुक्रवार को कहा कि कोलंबिया में विद्रोही समूहों के बीच लड़ाई के कारण 2025 के पहले पांच महीनों में 66000 से अधिक लोगों को अपने घरों से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है।

संयुक्त राष्ट्र मानवतावादी मामलों के समन्वय के कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, देश में जारी हिसा के बीच नया विस्थापन 2024 में विस्थापित लोगों की कुल संख्या में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। ओसीएचए ने कहा कि पिछले वर्ष के अंत तक, 73 लाख से ज्यादा लोग हिसा और संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए थे, जो सूडान और सीरिया के बाद विश्व में तीसरी सबसे बड़ी विस्थापित संख्या है। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और उसके साझेदार फरवरी में जारी किए गए यूएन केंद्रीय आपातकालीन कोष के 38 लाख डॉलर आवंटन के माध्यम से सहायता प्रदान करते हैं, जबकि उद्देश्य कैटाटुम्बो में 56000 से अधिक प्रभावित लोगों की मदद करना है, जहां 2025 में लड़ाई भीषण रही है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उत्तरी-पूर्वी कैटाटुम्बो क्षेत्र में राष्ट्रीय मुक्ति सेना (ईएलएन) के गुरिल्लाओं द्वारा किए गए हमलों और विस्थापित क्रांतिकारी सशस्त्र बलों (फार्क) के विवादित सदस्यों के साथ झड़पों में 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। मार्च के अंत में, कोलंबियाई सेना ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी विभाग काउका में फार्क विद्रोहियों द्वारा किए गए एक विस्फोटक हमले में एक सैनिक की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मार्च में हिसा की वृद्धि से विभाग में 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईएलएन और फार्क के बीच क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए तीव्र लड़ाई चल रही है। ओसीएचए ने कहा कि मानवीय आवश्यकताओं में तीव्र वृद्धि के बावजूद, सहायता समुदाय की प्रतिक्रिया फंडिंग की कमी के कारण गंभीर रूप से बाधित हुई है। मानवीय साझेदारों ने केवल पहचानी गई आवश्यकताओं का 25 फीसदी ही पूरा किया है, जिससे लाखों लोग सहायता से वंचित रह गए हैं। उल्लेखनीय है कि 34.2 करोड़ डॉलर की कोलम्बिया मानवीय अपील में से केवल 14 प्रतिशत ही पूरा किया गया है।





# पारुल और अनुष्का ने रेड कार्पेट पर मचाया धमाल

**कान्स।** अभिनेत्री और उद्यमी पारुल गुलाटी ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने पहले रेड कार्पेट डेब्यू से धमाल मचा दिया। परूल गुलाटी ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने लुक से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने बहुप्रतीक्षित फिल्म एडिगटन के वर्ल्ड प्रीमियर में हिस्सा लिया, जो प्रसिद्ध निर्देशक एरी एस्टर की नई फिल्म है और जिसमें जोकिन फीनिक्स, एमा स्टोन और पेड्रो पास्कल जैसे ग्लोबल सितारे हैं। पारुल ने इस खास मौके पर एक बेहद अनोखा परिधन पहना, जो पूरी तरह इंसानी बालों से बनाया गया था। इस आउटफिट को खुद पारुल ने आइडिया दिया और मशहूर स्टाइलिस्ट मोहित राय और डिज़ाइनर ऋद्धि बंसल ने इसे डिज़ाइन किया। यह लुक पारुल की अपनी हेयर एक्सटेंशन ब्रांड और उनकी एंटरप्रेन्योरशिप को समर्पित एक खास श्रद्धांजलि थी। इस पोशाक को बनाने में 12 कारीगरों की टीम ने एक महीने से ज़्डादा मेहनत की, जिसमें हर एक डिटेल पर बारीकी से काम किया गया। पारुल गुलाटी का यह लुक सिर्फ एक फैशन स्टेटमेंट नहीं था, बल्कि यह आत्म-अभिव्यक्ति, पहचान और सिनेमा के प्रति उनके प्यार को दर्शाने वाला एक गहरा व्यक्तिगत इशारा था। पारुल गुलाटी ने कहा, कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल होना मेरा एक सपना रहा है। सिर्फ एक कलाकार के तौर पर नहीं, बल्कि एक ऐसी इंसान के रूप में जिसे सिनेमा से बेहद लगाव है। एडिगटन जैसी फिल्म के प्रीमियर में रेड कार्पेट पर चलना किसी सपने जैसा था। एरी एस्टर का काम हमेशा से मुझे प्रभावित करता रहा है और जोकिन फीनिक्स, एमा स्टोन और पेड्रो पास्कल जैसे अदाकारों को एक साथ स्क्रीन पर देखना एक यादगार अनुभव रहा। परूल ने कहा, मैं चाहती थी कि मेरा रेड कार्पेट लुक मेरी पहचान, मेरे सफर और मेरी सोच को दर्शाए।

ग्लोबल स्टार अनुष्का सेन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। अनुष्का सेन अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली और होनहार अभिनेत्रियों में से एक हैं। कम उम्र में अपनी अभिनय प्रतिभा से लोगों का दिल जीतने वाली अनुष्का ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। ग्लोबल फैन फॉलोइंग और जबरदस्त क्रिएटिव एनर्जी के साथ उन्होंने अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर अपनी जर्नी शुरू की और देखते ही देखते भारत की सबसे लोकप्रिय ग्लोबल स्टार्स में शुमार हो गई। 22 साल की उम्र में अनुष्का सेन ने प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। इतने कम उम्र में इस आइकॉनिक मंच पर कदम रखना उनकी ग्लोबल पहचान को और मजबूती देता है।

# डाक्टर बनने की थी चाहत



**पंकज ने अपनी स्नातक की पढ़ाई मुंबई के मशहूर सैंट जेवियर्स कॉलेज से हासिल की। इसके बाद उन्होंने स्नाकोत्तर पढ़ाई करने के लिए दाखिला ले लिया, लेकिन बाद में उनकी रूचि संगीत की ओर हो गई और उन्होंने उस्ताद नवरंग जी से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी। पंकज उधास के सिने कैरियर की शुरुआत 1972 में प्रदर्शित फिल्म कामना से हुई।**

**मुंबई।** मखमली आवाज के जादूगर पंकज उधास ने अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण गायकी से करीब चार दशक तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन बचपन के दिनों में वह डॉक्टर बनना चाहते थे। पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के राजकोट के निकट जेटपुर में जमींदार गुजराती परिवार में हुआ। उनके दादा भावनगर स्टेट के महारा. जा के डिप्टी दीवान थे। इसी वजह से पंकज के पिता केशुभाई उधस अक्सर महाराजा के महल में जाया करते थे। एक बार पंकज के पिता की मुलाकात उस ज़माने के एक मशहूर बीनकार अब्दुल करीम खां से हुई। उन्होंने खां साहब से दलिरुबा बजाना सीखा। काम से लौटने के बाद पंकज के पतिा बड़ी तल्लीनता के साथ दलिरुबा बजाया करते थे। उसकी आवाज पंकज को भी खूब भाती थी। हालांकी, संगीत में उनकी कोई रुचि नहीं थी। बचपन में पंकज उधास ने सोचा था कि वह बड़े होकर डॉक्टर बनेंगे। पंकज के पिता ने उनसे कहा कि आप डॉक्टर बनना चाहते हैं तो बेशक बनिए, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आप डॉक्टर ही बनें। आप डॉक्टर तभी बनें, जब आपको लगे कि आप डॉक्टर बनना चाहते हैं। पंकज के पिता जान गए थे कि उनके पुत्र का रुझान किस तरफ है। वह जान गए थे कि पंकज का दिन हारमोनियम बजाते या गाना गाते बीतता है। पंकज ने गुलाम कादर खान से 13 साल की उम्र में संगीत सीखना शुरू किया। पंकज के बड़े भाई मनहर उधास अक्सर संगीत से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लिया करते थे। उन्होंने पंकज उधास को भी अपने साथ शामिल कर लिया। एक बार पकंज को एक संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला जहां उन्होंने-ये मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी गीत गाया। इस गीत को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। उनमें से एक ने पंकज उधास को खुश होकर 51 रुपये दिए। इस बीच पंकज उधास

# मेट गाला डेब्यू मेरे लिए सपने जैसा: कियारा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मेट गाला डेब्यू को सपने जैसा बताया और अपने सभी प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कियारा आडवाणी मेट गाला में अपनी शानदार एंट्री के बाद भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। कियारा ने सोशल एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म लेफ्टी की टॉप की वॉयसेज लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया। कियारा का अर्न्ड मीडिया वैल्यू 15.3 मिलियन डॉलर रहा। कियारा इतिहास रचते हुए मेट गाला के रेड कार्पेट पर बेबी बंप के साथ चलने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री भी बन गई। कियारा ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत वीडियो साझा किया और एक दिल से लिखा मैसेज पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने इस खास पल को और उस प्यार को साझा किया जो उन्हें मिला। दुनिया की सबसे बड़ी फैशन नाइट पर, रिहाना, कार्ली क्लॉस और कई ग्लोबल आइकॉन्स के साथ अपना पहला कदम रखते हुए, कियारा ने इस पल को सपने जैसा बताया और सभी के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। कियारा ने लिखा, अब भी सब कुछ महसूस कर रही हूं आपके प्यार, अपनापन और जश्न के लिए दिल से आभार। मेरी मेट गाला की पहली झलक को इतना खास बनाने के लिए ध्न्यवाद। आपके मैसेजेस, चीयर और प्यार मेरे लिए सब कुछ हैं।

# केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू में ट्रेलर आउट

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू भाषा में ट्रेलर रिलीज किया है। अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 वकील और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सी. शंकरन नायर के जीवन पर आधरित है, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीछे की सच्चाई के लिए लड़ाई लड़ी थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने सी-शंकरण का किरदार निभाया है, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड की सच्चाई को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ता है। वहीं, आर माध्वन वकील नेविल मैककिनले की भूमिका में हैं जबकि अनन्या पांडे ने वकील दिलरीत गिल का किरदार निभाया है। केसरी चैप्टर 2,18 अप्रैल को हिदी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अब यह फिल्म तेलुगू भाषा में रिलीज होने जा रही है। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू भाषा में ट्रेलर रिलीज किया। इस ट्रेलर को जारी करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- लोगों ने उन पर गोलियां चलाई, लेकिन उसने डरने के बजाय सच्चाई से जवाब दिया।